

दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



अक्षय-राजपाल ने लूटा मजमा.....

धुरंधर 2 की टीम के प्रति जताया आभार .....

वर्ष : 12 | अंक : 105 | लखनऊ, 08 अप्रैल, बुधवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## खबर संक्षेप

### दिल्ली में स्कॉलरशिप के लिए 30 तक करें आवेदन




नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में स्कूल, कॉलेज और यूनिवर्सिटी में पढ़ाई करने की योजना बना रहे एससी, एसटी और ओबीसी बैकग्राउंड के स्टूडेंट्स के लिए सरकार ने स्कॉलरशिप स्कीम की शुरुआत की है। स्कॉलरशिप स्कीम के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू हो गए हैं। एससी- एसटी और ओबीसी के स्टूडेंट्स 30 अप्रैल तक रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं।

### चाचा ने भतीजे-भावज की ली जान, 6अरेस्ट



पटना। नगर के साहबेगपुर मोहल्ले में जमीन विवाद ने मंगलवार को भयावह रूप ले लिया। दो सगे भाइयों के परिवारों के बीच चल रहा विवाद अचानक हिंसक झड़प में बदल गया, जिसमें 2लोगों की जान चली गई और 2अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।छत से ईंट-पत्थर बरसाए गए और कुदाल से बेरहमी से वार किए गए। 6 को गिरफ्तार किया गया है।

### महाठग सुकेश को कोर्ट से मिली जमानत



नई दिल्ली। महाठग सुकेश चंद्रशेखर को राउज एवेन्यू कोर्ट से जमानत मिल गई है। सुकेश पर आरोप हैं कि उसने तमाम लोगों को करोड़ों का चूना लगाया है और ठगी के मामलों में उसका दिमाग बहुत तेज चलता है। उसका नाम बॉलीवुड से लेकर सोशल सर्किल में भी चर्चा में है। पीएमएलए मामले में कोर्ट ने जमानत दी।

### कुल्लू में कार पर गिरे पत्थर, हाईवे धंसा




शिमला। हिमाचल प्रदेश में मौसम अब कहर ढाने लगा है। लगातार बारिश की वजह से लैंडस्लाइड और सड़कें धंसने लगी है। मंगलवार को चंबा के भरमौर में लैंडस्लाइड के चलते लोहे का निर्माणाधीन सिंयुर पुल टूट गया। कुल्लू में कार पर लैंडस्लाइड हुई। मनाली में लेफ्ट बैंक में अलेऊ से पहले हाईवे धंस गया।

### बोधगया तक 'हेली-टूरिज्म' का मास्टर प्लान



पटना। पर्यटकों के लिए अच्छी खबर है । अब बिहार की ऐतिहासिक व आध्यात्मिक धरती को देखने घंटों सड़क या रेल की जरूरत नहीं पड़ेगी। बिहार सरकार राज्य में 'हेली-टूरिज्म' सेवा शुरू करने जा रही है। इस शानदार पहल के जरिए पर्यटक आसमान की ऊंचाइयों से बिहार की खूबसूरती को निहार सकेंगे और बहुत ही कम समय में राज्य के प्रमुख आठ पर्यटन स्थलों की सैर कर सकेंगे।

### भाई ने 13 साल की बहन का किया मर्डर




रांची। जिले में एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। यहां सोशल मीडिया पर कॉन्टेक्ट रखने से नाराज भाई ने अपनी 13 साल की बहन की कथित तौर पर गला दबाकर हत्या कर दी। पुलिस ने इस मामले में आरोपी युवक और उसके पिता को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। घटना रांची के रातू थाना क्षेत्र के झाखरटांड़ गांव की है।

---

### होर्मुज संकट पर पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा

# देश में पेट्रोल और एलपीजी की कोई कमी नहीं गैस कंपनियां कर रहीं सामान्य रूप से वितरण

राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख/ नई दिल्ली,

## गैस की कालाबाजारी, जमाखोरी के खिलाफ कार्रवाई तेज

मध्य पूर्व एशिया में जारी युद्ध की वजह से एलपीजी सप्लाई के मोर्चे पर बढ़ती चुनौती को देखते हुए देश में ईंधन और रसोई गैस की उपलब्धता को लेकर पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने एक अहम और राहत भरा अपडेट जारी किया है। वर्तमान में आपूर्ति श्रृंखला को लेकर किसी भी प्रकार की अटकलों पर विराम लगाते हुए सरकार ने साफ किया है कि बाजार में एलपीजी और पेट्रोल की आपूर्ति पूरी तरह से सुचारू रूप से चल रही है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव (मार्केटिंग और ऑयल रिफाइनरी) सुजाता शर्मा ने ईंधन वितरण की वर्तमान स्थिति के बारे में बताते हुए कहा कि एलपीजी वितरक कंपनियों में कहीं किसी 'ड्राईआउट' (यानी ईंधन पूरी तरह खत्म होने की) की कोई भी सूचना नहीं है। सरकार ने नागरिकों को सलाह दी है कि वे एलपीजी सिलेंडर की बुकिंग के लिए केवल डिजिटल माध्यमों का उपयोग करें और बिना जरूरत वितरकों (डिस्ट्रीब्यूटर्स) के पास न जाएं। सरकार ने यह भी कहा कि लोग अफवाहों पर ध्यान न दें।

*देश में ईंधन और रसोई गैस की उपलब्धता सामान्य*

*कहीं से भी ईंधन खत्म होने की कोई सूचना नहीं*

### 1 लाख से अधिक छापों में 52,000 से अधिक सिलेंडर जब्त



पेट्रोलियम मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा

सरकारी तेल कंपनियों ने देश में एलपीजी की कालाबाजारी और जमाखोरी के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। मंत्रालय के अनुसार इस विशेष अभियान के तहत एलपीजी की जमाखोरी और कालाबाजारी पर अंकुश लगाने के लिए देशभर में प्रवर्तन कार्रवाई के तहत 1 लाख से अधिक छापे मारे गए हैं और 52,000 से अधिक सिलेंडर जब्त किए गए हैं। 850 से अधिक एफआईआर दर्ज की गई हैं और 220 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सरकारी तेल कम्पनियों के वरिष्ठ अधिकारियों ने औचक निरीक्षण के बाद 1,500 से अधिक कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं। 118 एलपीजी वितरकों पर जुर्माना लगाया है और 41 वितरकों को निलंबित कर दिया है।

### डिजिटल बुकिंग पर दिया जोर

सरकार ने नागरिकों को सलाह दी है कि वे एलपीजी सिलेंडर की बुकिंग के लिए केवल डिजिटल माध्यमों का उपयोग करें और बिना जरूरत वितरकों (डिस्ट्रीब्यूटर्स) के पास न जाएं।

### आपूर्ति बंद होने की कोई घटना सामने नहीं आई

शर्मा के अनुसार मौजूदा भू-राजनीतिक स्थिति के कारण एलपीजी की आपूर्ति प्रभावित हो रही है। एलपीजी वितरकों में आपूर्ति बंद होने की कोई घटना सामने नहीं आई है। उद्योग जगत में ऑनलाइन एलपीजी बुकिंग में लगभग 97 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। माल की हेराफेरी को रोकने के लिए डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड (डीएसी) आधारित डिलीवरी में लगभग 90 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति सामान्य बनी हुई है।

### प्रवासी मजदूरों के लिए 'वरदान' बना 5 किलोग्राम का सिलेंडर

पिछले 13 दिन के भीतर 5 किलोग्राम वाले एफटीएल सिलेंडर की बिक्री में अभूतपूर्व तेजी देखी गई है। इस छोटी अवधि में कुल 6.6 लाख से अधिक सिलेंडर बेचे जा चुके हैं। अकेले शनिवार ही 90,000 से अधिक सिलेंडरों की बिक्री हुई। कोई भी प्रवासी मजदूर या नागरिक बिना किसी पते के प्रमाण के, केवल एक वैध पहचान पत्र दिखाकर नजदीकी एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर से यह सिलेंडर प्राप्त कर सकता है।

### छापेमारी जारी रखी जाए

सरकार ने एडवाइजरी जारी कर कहा है कि सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेश छापेमारी जारी रखें ताकि कालाबाजारी और जमाखोरी करने वालों को गिरफ्तार किया जा सके। राज्यों को सलाह दी गई कि वे जमाखोरी, डायवर्जन और भ्रामक जानकारी के प्रसार पर कड़ी निगरानी रखें, ताकि अनावश्यक घबराहट की स्थिति उत्पन्न न हो। राज्यों से निगरानी और प्रवर्तन को और सुदृढ़ करने तथा दोषियों के विरुद्ध अनुकरणीय कार्रवाई करने का आग्रह किया गया। दरअसल, मध्यपूर्व एशिया में युद्ध की वजह से देश में एलपीजी के आयात पर असर पड़ रहा है। भारत जरूरत का 60फीसदी एलपीडी दुनियाभर के बाजारों से आयात करता है, जिसका 90फीसदी स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से गुजरता है जो पिछले 39 दिनों से युद्ध क्षेत्र का हिस्सा बना हुआ है। युद्ध की वजह से भारतीय-ध्वज वाले 16 कार्गो जहाज होर्मुज के पश्चिम में फंसे हुए हैं, जिसमें एक बड़ा एलपीजी स्टॉक से लोड किया हुआ कार्गो जहाज शामिल है। कच्चे तेल से भरे 5 ऑयल टैंकर, एक एलपीजी टैंकर और 3 कंटेनर भी स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के पश्चिम में फंसे हुए हैं।

---

### चुनाव आयोग ने बंगाल का पहला डेटा दिया

# 45 फीसदी अवैध नाम हटाए गए, नादिया से सबसे ज्यादा

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

पश्चिम बंगाल में एक महीने पहले शुरू एसआईआर प्रक्रिया के बाद सोमवार को चुनाव आयोग ने अपनी अंतिम ड्राफ्ट लिस्ट जारी की। आयोग दके आंकड़ों के अनुसार बंगाल में मतदाता सूची से बाहर किए जाने के बाद विचाराधीन 60,06,675 नामों में से 27,16,393 यानी लगभग 45.22फीसदी नाम हटा दिए गए हैं।इसका मतलब यह है कि बंगाल में मतदाताओं की संख्या विशेष गहन पुनरीक्षण की शुरुआत में 7.66 करोड़ से घटकर 6.77 करोड़ हो गई है। सबसे अधिक पेंडिंग मामले अल्पसंख्यक बहुल मुर्शिदाबाद जिले (11 लाख) में थे, उसके बाद मालदा (8.28 लाख), दक्षिण 24 परगना (5.22 लाख) और उत्तर 24 परगना (5 लाख) का स्थान था। झाड़ग्राम (6682) और कलिम्पोंग ( 6790) में सबसे कम पेंडिंग केस थे।



### सुप्रीम कोर्ट की देखरेख में की गई समीक्षा समीक्षा

एसआईआर की शुरुआत 27 अक्टूबर 2025 को हुई थी और 28 फरवरी 2026 को अंतिम सूची प्रकाशित होने के बाद मतदाताओं की कुल संख्या घटकर 7.04 करोड़ रह गई थी। इसमें 60.06 लाख वो मतदाता शामिल थे जिनके नामों को सर्वोच्च न्यायालय द्वारा नियुक्त न्यायिक अधिकारियों द्वारा समीक्षा के लिए चिह्नित किया गया था। सर्वोच्च न्यायालय की देखरेख में 705 न्यायिक अधिकारियों द्वारा समीक्षा के बाद फैसला किया गया। सोमवार को सर्वोच्च न्यायालय ने मतदाता सूचियों को फ्रीज करने से पहले समय बढ़ाने की याचिका स्वीकार नहीं की। ईसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी नेबताया कि फैसले के बाद जिन लोगों के नाम हटा दिए गए हैं वे न्यायाधिकरणों के समक्ष इसे चुनौती दे सकते हैं।

### सबसे ज्यादा मतदाता इन जिलों से हटे

आयोग के आंकड़ों के अनुसार प्रतिशत के हिसाब से सबसे ज़्यादा मतदाता मतुआ बहुल नादिया (77.86%) में हटाए गए हैं। दूसरा जिला हुगली (70.33%) है जहां मुसलमानों की संख्या अधिक है। इसके बाद पूर्वी बर्धमान (57.4%), उत्तर 24 परगना (55.08%) और पश्चिम बर्धमान (53.72%) से नाम हटाए गए हैं। अल्पसंख्यक बहुल मालदा (28.91%), मुर्शिदाबाद (41.33%), उत्तर दिनाजपुर (36.84%) और दक्षिण 24 परगना (42.70%) में दर्ज किए गए मामलों की संख्या सबसे अधिक थी, वहां प्रतिशत के हिसाब से कम मामले हटाए गए हैं। हालांकि संख्या के हिसाब से उनका हिस्सा अधिक है।

---

### आशुतोष महाराज का दावा

# अविमुक्तेश्वरानंद शादीशुदा और उनकी संतान भी है, वह नकली शंकराचार्य

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

उत्तर प्रदेश के शामली में उस समय हलचल मच गई जब संत समाज के बीच प्रवास के दौरान ब्रह्मचारी आशुतोष महाराज ने एक विवादित बयान देते हुए स्वयंभू शंकराचार्य पर गंभीर आरोप लगाए। ब्रह्मचारी आशुतोष ने कहा कि जिस व्यक्ति को शंकराचार्य बताया जा रहा है, वह नकली है। उन्होंने आरोप लगाया कि उसका वैवाहिक जीवन रहा है और संतान भी है, जो शंकराचार्य की मर्यादा के विपरीत है। यह मामला पूरे सनातन धर्म और उसकी परंपराओं की गरिमा से जुड़ा हुआ है।



### इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए

उन्होंने कहा कि मामलों की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। अगर आरोप सही हैं तो उनके खिलाफ कानून के तहत कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए। शंकराचार्य की गद्दी आदिगुरु शंकराचार्य की पवित्र परंपरा का प्रतीक है और इसकी गरिमा होनी चाहिए।

---

### सबरीमाला मामले पर सरकार ने दी सुप्रीम कोर्ट में बड़ी दलील

# जज बोलीं-महिलाएं अछूत नहीं हो सकतीं, उठाए सवाल

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

केरल के सबरीमाला मंदिर में महिलाओं की एंट्री मामले पर सुप्रीम कोर्ट की जज जस्टिस बीवी नागरत्ना ने माहवारी को लेकर अहम टिप्पणी की है। पितृसत्तामक व्यवस्था का सवाल उठा तो केंद्र ने इसकी परभाषा पर ही सवाल उठा दिया। केंद्र ने कहा कि भारत में महिलाओं को बहुत ऊंचा दर्जा दिया जाता है और पितृसत्ता की जो बात कही जाती है वह गलत है। 9 जजों की बेंच सुनवाई कर रही है। केंद्र की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि सबरीमाला मंदिर में हर उम्र की महिला के प्रवेश की वकालत करने वाले लोग पितृसत्ता का तर्क क्यों देते हैं?



## सॉलिसिटर जनरल मेहता ने कहा-लोग पितृसत्ता का तर्क क्यों देते हैं?



### ऐसा नहीं होना चाहिए

उन्होंने कहा कि भारत पितृसत्तात्मक या लिंग के आधार पर भेदभाव वाला समाज नहीं है, जैसा कि पश्चिमी देश समझते हैं। छूआछूत वाली टिप्पणी पर जस्टिस नागरत्ना ने कहा, एक महिल के तौर पर मैं यह कह सकती हूं कि ऐसा नहीं होना चाहिए कि हर महीने के तीन दिन महिला को छूआछूत माना जाए और चौथे दिन जब माहवारी खत्म हो जाए तो वह छूआछूत नहीं है। ये कड़वी सच्चाई है।

**ऐसी अवधाणाएं पेश करने के काबिल नहीं: एसी मेहता**



मेहता ने कहा कि भारत में महिलाओं को न सिर्फ बराबरी का अधिकार दिया जाता है, बल्कि उन्हें ऊंचा दर्जा भी मिला है। कई फैसलों में पितृसत्तातमक समाज की अवधारणा की बात कही गई है। एक तरह का जेंडर स्टीरियोटाइप उनमें दिखता है, लेकिन भारत का मामला अलग है। हमें ऐसी अवधारणाओं को पेश नहीं करना चाहिए।

### संविधान लैंगिक भेदभाव नहीं करता

मेहता ने कहा कि संविधान लिंग के आधार पर कोई भेदभाव नही करता और लैंगिक पहचान से इतर सभी के लिए समान अधिकारों की बात करता है। उन्होंनेमामले में 2018 के फैसले की उस टिप्पणी पर भी आपत्ति जताई, जिसमें मंदिर में महिलाओं को एंट्री न मिलने की तुलना छूआछूत से की गई है। मंदिर का मामला लैंगिक भेदभाव का नहीं है, यह मान्यता का विषय है। मंदिर के मामले में ऐसा नहीं है कि महीने में 4दिन कोई महिला मंदिर में प्रवेश नहीं कर सकती। यहां मुद्दा ये है कि एक विशेष एज ग्रुप की महिलाओं की मंदिर में एंट्री पर प्रतिबंध है।

---

### 22 प्रस्तावों पर योगी कैबिनेट की लगी मुहर

# प्रदेश में 1.42 लाख शिक्षामित्रों व 24 हजार अनुदेशकों का मानदेय बढ़ा, युवाओं को टैबलेट

योगी सरकार की कैबिनेट बैठक में कई अहम फैसले लेते हुए कुल 22 प्रस्तावों को मंजूरी दे दी है। इनमें शिक्षामित्रों-अनुदेशकों का मानदेय में बढ़ोत्तरी भी शामिल है। इसके अलावा संजय निषाद ने स्वीकार किया है कि यूपी पंचायत इलेक्शन 2027 के विधानसभा चुनाव के बाद ही होंगे।

अमन लेखनी समाचार/ लखनऊ,

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में 22 अहम प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक के बाद मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए मंत्रियों ने शिक्षा, परिवहन, औद्योगिक विकास समेत कई क्षेत्रों में बड़े निर्णयों की घोषणा की। कैबिनेट के सबसे महत्वपूर्ण फैसलों में अंशकालिक शिक्षामित्रों और अनुदेशकों के मानदेय में वृद्धि शामिल है।

बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने बताया कि शिक्षामित्रों का मानदेय 10,000 रुपये से बढ़ाकर 18,000 रुपए किया गया है। उन्होंने बताया कि अनुदेशकों का मानदेय 9,000 रुपए से बढ़ाकर 17,000 रुपए कर दिया गया है। यह बढ़ोतरी एक अप्रैल से लागू मानी जाएगी और मई से बढ़ा हुआ भुगतान खातों में आना शुरू होगा। प्रदेश में लगभग 1.42 लाख शिक्षामित्र और करीब 24 हजार अनुदेशक कार्यरत हैं। इस निर्णय से राज्य सरकार पर करीब 217 करोड़ रुपए से अधिक का अतिरिक्त वित्तीय भार पड़ेगा।



### ग्रेटर नोएडा में बनेगा 'मेट्रो विश्वविद्यालय'

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को आयोजित कैबिनेट बैठक में ग्रेटर नोएडा में निजी क्षेत्र के अंतर्गत 'मेट्रो विश्वविद्यालय' की स्थापना को मंजूरी दे दी गई। यह फैसला प्रदेश में उच्च शिक्षा के विस्तार की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है। प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने बताया कि उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय अधिनियम-2019 के प्रावधानों के अंतर्गत यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि उक्त अधिनियम के तहत निजी विश्वविद्यालयों की स्थापना, उनके विनियमन एवं संचालन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

### शाहजहांपुर में लिपुलेक भिंड मार्ग होगा चौड़ा

शाहजहांपुर में लिपुलेक भिंड मार्ग को चौड़ा किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में इसकी मंजूरी दे दी गई। विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक राज्यमार्ग संख्या-29 के चैनेज 468.750 से 497.050 तक सड़क चौड़ी होगी।

### खड्डा में नारायणी नदी के भैंसहा घाट पर बनेगा पुल

इसके अलावा कुशीनगर की खड्डा विधानसभा स्थित नारायणी नदी के भैंसहा घाट पर पुल बनाने की मंजूरी दे दी है। पुल के अतिरिक्त पहुंच मार्ग व अतिरिक्त पहुंच मार्ग भी बनाया जाएगा। यह काम इंजीनियरिंग प्रोक्योरमेंट एंड कंस्ट्रक्शन मोड पर होगा। इसमें 705 करोड़ 18 लाख 19 हजार रुपए का खर्च आएगा। अभी भैंसहा घाट पार पांटून पुल है। यह पांटून पुल बारिश में खोल दिया जाता था और स्टीमर ही आवागमन का एकमात्र विकल्प रह जाता था। पुल बन जाने से कुशीनगर और महराजगंज की तरफ के लोगों को सहूलियत होगी।

---

# झारखंड राज्यसभा चुनावः 2 सीटों पर सियासी घमासान



अमन लेखनी समाचार/ लखनऊ,

झारखंड में आगामी राज्यसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज होने लगी है। राज्य से राज्यसभा की दो सीटें खाली होने जा रही हैं, जिन पर सत्तारूढ़ गठबंधन और विपक्ष दोनों की नजरें टिकी हुई हैं। इन सीटों को लेकर सत्ता पक्ष में भी अंदरूनी खींचतान के संकेत मिल रहे हैं, जबकि भाजपा सीमित संख्या के बावजूद मुकाबले को रोचक बनाने की रणनीति पर काम कर रही है। सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) दोनों सीटों पर अपनी दावेदारी मजबूत मान रहा है। पार्टी का मानना है कि राज्य की राजनीति में उसकी प्रमुख

*जेएमएम-कांग्रेस तालमेल पर नजरें, भाजपा भी जोड़-तोड़ में जुटी*

### जेएमएम को कांग्रेस के सहयोग की जरूरत होगी

झामुमो को इन दोनों सीटों पर जीत सुनिश्चित करने के लिए कांग्रेस के सहयोग की आवश्यकता होगी। गठबंधन की मजबूती और आपसी तालमेल इस चुनाव में निर्णायक भूमिका निभाएंगे। कांग्रेस के लिए भी यह चुनाव कम अहम नहीं है। असम विधानसभा चुनाव में तालमेल की कमी के कारण पार्टी पहले से ही असहज स्थिति में है। ऐसे में झारखंड में राज्यसभा सीट पर अपनी दावेदारी छोड़ना उसके लिए राजनीतिक रूप से नुकसानदायक साबित हो सकता है।पार्टी के भीतर यह संदेश देने की कोशिश होगी कि वह गठबंधन में बराबरी की हिस्सेदार है और अपने राजनीतिक हितों से समझौता नहीं करेगी।

## महिला ने गाँव के ही युवक पर मारपीट का लगाया आरोप, रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र की एक महिला ने गाँव के ही युवक पर मारपीट का आरोप लगाते हुए उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। बंथरा के अमावा निवासी विशुना देवी पत्नी रामविलास रावत के मुताबिक गांव के ही रहने वाले पंकज रावत से उसका पुराना विवाद चल रहा है। विशुना का आरोप है कि 5 अप्रैल की सुबह करीब 9:30 बजे जब वह अपने एक घर से दूसरे घर जा रही थीं, तभी आरोपी के दरवाजे के पास से गुजरने के दौरान पंकज रावत ने उसे रोककर गाली-गलौज शुरू कर दी। पीड़िता का कहना है कि विरोध करने पर आरोपी ने उसके साथ लात-घूंसों से मारपीट की। शोर मचाने पर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और किसी तरह उसे बचाया। आरोप है कि घटना में महिला को चोटिल हो गयी। बाद में पीड़िता ने डायल 112 पर सूचना दी। सूचना के बाद पहुंची पुलिस पीड़िता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

# नारी शक्ति को संवैधानिक अधिकार: मोदी सरकार का ऐतिहासिक फैसला, विपक्ष की राजनीति उजागर: डॉ राजेश्वर सिंह

## दशकों का इंतजार खत्म: पीएम मोदी ने महिलाओं को सदन में 33% आरक्षण का संवैधानिक प्रावधान दिया, विपक्ष अब भी असमंजस में: डॉ. राजेश्वर सिंह

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। दशकों तक केवल वादों और राजनीतिक बयानबाजी में उलझे रहे सदन में महिला आरक्षण के मुद्दे को माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के सशक्त और दूरदर्शी नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी सरकार ने ङ्कनारी शक्ति वंदन अधिनियमङ्क के रूप में साकार कर दिया। संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33% आरक्षण का संवैधानिक प्रावधान सुनिश्चित करना न केवल एक ऐतिहासिक निर्णय है, बल्कि यह देश की आधी आबादी को उनके अधिकार दिलाने की दिशा में एक निर्णायक कदम है। डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण केवल एक नीतिगत घोषणा नहीं, बल्कि एक व्यापक राष्ट्रीय अभियान बन चुका है। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, उज्ज्वला योजना, जन धन योजना, स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय निर्माण, और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने वाली अनेक योजनाओं ने समाज के हर वर्ग की महिलाओं को नई शक्ति, सम्मान और अवसर प्रदान किए हैं। ङ्कनारी शक्ति वंदन अधिनियमङ्क इसी श्रृंखला का सबसे सशक्त और परिवर्तनकारी कदम है। उन्होंने कांग्रेस और विपक्षी दलों पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि वर्षों तक सत्ता में रहने के बावजूद उन्होंने महिला आरक्षण के मुद्दे को केवल राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल किया, लेकिन कभी इसे अंतिम रूप तक नहीं पहुंचाया। आज जब यह ऐतिहासिक कानून कानून के रूप में पारित हो चुका है, जिसका क्रियान्वयन आगामी प्रक्रिया से जुड़ा है, और 16 से 18 अप्रैल तक प्रस्तावित विशेष संसद सत्र में इसके प्रभावी क्रियान्वयन व प्रक्रियात्मक पहलुओं पर चर्चा की जा रही है, तब भी विपक्ष द्वारा लगातार व्यवधान और विरोध करना उनकी नीयत पर गंभीर सवाल खड़े करता है। डॉ. सिंह ने प्रश्न उठाया कि क्या कांग्रेस और उसका नेतृत्व वास्तव में महिलाओं को राजनीतिक भागीदारी देना चाहते हैं, या फिर वे इस मुद्दे को केवल एक राजनीतिक उपकरण के रूप में इस्तेमाल करते रहे हैं? उन्होंने कहा कि एक ओर प्रधानमंत्री मोदी जी का नेतृत्व है, जिसने दशकों की देरी को समाप्त कर ठोस निर्णय लिया, वहीं दूसरी ओर विपक्ष है, जो आज भी भ्रम और विरोध की राजनीति में उलझा हुआ है। डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि महिलाओं का सशक्तिकरण अब केवल चर्चा का विषय नहीं, बल्कि एक सशक्त वास्तविकता है—और इसका श्रेय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के दृढ़ संकल्प, स्पष्ट दृष्टि और प्रभावी नेतृत्व को जाता है।

# संवाद से मजबूत होगा भरोसा डीसीपी दक्षिणी अमित कुमार आनंद ने पत्रकारों संग बढ़ाया तालमेल

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। पुलिस और मीडिया के बीच बेहतर संवाद ही जनविश्वास की सबसे मजबूत नींव है। इसी सोच के साथ पुलिस उपायुक्त दक्षिणी अमित कुमार आनंद ने मंगलवार को अपने कार्यालय में पत्रकार बंधुओं के साथ शिष्टाचार भेंट कर आपसी समन्वय को नई दिशा देने का प्रयास किया। इस दौरान डीसीपी ने कहा कि बदलते दौर में सूचना का त्वरित और सटीक संप्रेषण बेहद अहम हो गया है, जिसमें मीडिया की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने पत्रकारों से खुलकर संवाद किया और उनके सुझावों को गंभीरता से सुना। साथ ही उन्होंने भरोसा दिलाया कि पुलिस की कार्यप्रणाली को और अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और जनोन्मुखी बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। अमित कुमार आनंद ने कहा कि दक्षिणी जोन की पुलिस कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी घटना की सही और तथ्यात्मक जानकारी समय पर उपलब्ध कराना पुलिस की प्राथमिकता है, ताकि अफवाहों पर अंकुश लगाया जा सके और समाज में सकारात्मक माहौल बना रहे। उन्होंने पत्रकारों से अपेक्षा जताई कि वे खबरों के प्रकाशन और प्रसारण में संतुलन और सत्यता को प्राथमिकता दें, जिससे समाज में जागरूकता के साथ-साथ विश्वास भी मजबूत हो। बैठक के दौरान पत्रकारों ने भी अपने विचार और सुझाव साझा किए तथा पुलिस के साथ बेहतर तालमेल बनाए रखने की बात कही। पूरा कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ, जो भविष्य में पुलिस और मीडिया के बीच और बेहतर सहयोग का संकेत देता है।

# ट्रक की टक्कर से दवा कंपनी के एरिया मैनेजर की मौत, रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनी नगर थाना क्षेत्र में बीते दिनों तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से हुई दवा कंपनी के एरिया मैनेजर की मौत मामले में मृतक की पत्नी ने ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। मूल रूप से फतेहपुर जिले के खागा स्थित खेमकरनपुर टेकारी और वर्तमान में सरोजनी नगर के दरोगा खेड़ा में मीरानपुर पिनवट स्थित आशापुरम गोल्ड कॉलोनी निवासी महिला मीना सिंह के मुताबिक बीती 3 अप्रैल को उनके पति व एलेम्बिक फार्मास्यूटिकल लि. कंपनी के एरिया मैनेजर महेंद्र सिंह (40) रात करीब 8:30 बजे अपना काम समाप्त कर बाइक से घर लौट रहे थे। तभी सरोजनीनगर में मीरानपुर पिनवट स्थित किसान पथ अंडरपास (नहर के सामने) के पास तेज रफ्तार ट्रक (एमएच 04 एमआर 2271) के ड्राइवर ने लापरवाही से बिना हार्न बजाये तेज रफ्तार से आया और जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में महेंद्र सिंह घायल हो गए। मीना का कहना है कि बाद में एंबुलेंस से उन्हें सरोजनी नगर सीएचसी पहुंचाया गया।जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस मामले में मीना सिंह ने सरोजनी नगर थाने में तहरीर देकर ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की। फिलहाल सरोजनी नगर पुलिस ने मीना की तहरीर पर मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ट्रक नंबर के आधार पर उसके चालक का पता लगा रही है।

# फार्मर रजिस्ट्री कैंप में उमड़े किसान, एसडीएम ने परखी व्यवस्थाएं

अमन लेखनी समाचार



फार्मर रजिस्ट्री कैम्प का निरीक्षण करते एसडीएम

लखनऊ। मलिहाबाद विकासखंड के ग्राम खड़ौहां में मंगलवार को कृषि विभाग द्वारा फार्मर रजिस्ट्री कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में बड़ी संख्या में किसानों ने पहुंचकर प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से जुड़ी फार्मर रजिस्ट्री कराई। कैंप का निरीक्षण करने पहुंचे एसडीएम अंकित कुमार ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कृषि विभाग के खंड तकनीकी सहायक विमल कुमार सिंह और पंचायत सचिव विनोद यादव से रजिस्ट्री कराने वाले किसानों की संख्या की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने किसानों के आधार कार्ड और खतौनी में दर्ज नामों व अन्य विवरणों में पाई जा रही त्रुटियों को गंभीरता से लिया। उन्होंने संबंधित लेखपाल को निर्देश दिए कि सभी त्रुटियों का शीघ्र सुधार सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। एसडीएम अंकित कुमार ने उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि जिन किसानों के आधार और खतौनी में नाम या अन्य विवरण में अंतर है, वे अपने दस्तावेज कैंप में जमा करें। तहसील स्तर पर जांच कर त्रुटियों का निस्तारण किया जाएगा और फार्मर रजिस्ट्री का सत्यापन कराया जाएगा। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे अपनी फार्मर रजिस्ट्री जल्द से जल्द पूर्ण कराएं, जिससे भविष्य में सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ उन्हें सुगमता से मिल सके।

# मधुमक्खियों का कहर: खेतों में काम करना बना जोखिम, दर्जनों लोग घायल

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के कई गांव इन दिनों मधुमक्खियों के आतंक से जूझ रहे हैं। खेतों में काम कर रहे किसानों और राहगीरों पर अचानक हो रहे हमलों से इलाके में दहशत का माहौल है। बीते कुछ दिनों में करीब दो दर्जन लोग मधुमक्खियों के हमले का शिकार हो चुके हैं। ग्राम सभा खेड़ा की निवासी कलावती ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ खेत में गेहूं की फसल समेट रही थीं, तभी अचानक मधुमक्खियों का एक बड़ा झुंड उन पर टूट पड़ा। जान बचाने के लिए पूरा परिवार खेत छोड़कर पास के बलदेव खेड़ा गांव की ओर भागा। वहां ग्रामीणों ने तत्काल आग जलाकर धुआं किया, तब जाकर मधुमक्खियों ने पीछा छोड़ा। हमले में कई लोग घायल हो गए, जिनका इलाज रहीमाबाद के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। इसी तरह गदिया खेड़ा गांव में भी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। ग्रामीणों के अनुसार, एक गूलर के पेड़ पर लगे विशाल मधुमक्खी के छत्ते के कारण लगातार हमले हो रहे हैं। बताया जा रहा है कि एक पक्षी बार-बार छत्ते को नुकसान पहुंचाता है, जिससे उत्तेजित मधुमक्खियां आसपास से गुजरने वाले लोगों पर हमला कर देती हैं। हाल ही में रामनगर निवासी ऋतिक को मधुमक्खियों ने दौड़ा लिया। जान बचाने के प्रयास में वह गदिया खेड़ा की ओर भागे, लेकिन उन्हें बचाने आए कैलाश भी हमले की चपेट में आ गए, जिससे उनका चेहरा बुरी तरह सूज गया। वहीं तिरगवां निवासी शकील ने सूझबूझ दिखाते हुए चप्पल जलाकर धुआं किया और किसी तरह अपनी जान बचाई। लगातार हो रहे हमलों से ग्रामीणों में भय व्याप्त है। दोपहर के बाद लोगों ने उस क्षेत्र में जाना बंद कर दिया है जहां छत्ता लगा है। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक इस समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया जाता, तब तक खेतों में काम करना खतरे से खाली नहीं है। प्रशासन से जल्द हस्तक्षेप की मांग की जा रही है।

# किसानों के सम्पर्क में रहें अधिकारी : सीएम

## बेमौसम बारिश ने किसानों का चैन छीना

अमन लेखनी समाचार



**लखनऊ।** योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के कई जनपदों में निरंतर हो रही बारिश पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि प्रदेश में मौसम विपरीत है, ऐसे में प्रशासनिक अधिकारी निरंतर किसानों के सम्पर्क में रहें। बेमौसम बारिश ने किसानों का चैन छीन लिया है, लेकिन सरकार संबल के रूप में खड़ी है। उन्हें परेशानी नहीं होने दी जाएगी।

सीएम ने मंगलवार को फिर हुई असमय बारिश से किसानों को होने वाली परेशानी के बारे में जिलाधिकारियों से रिपोर्ट मांगी। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी स्वयं किसानों के पास पहुंचें और मातहतों को भी फील्ड में रखें। फसलों के नुकसान का आकलन कराने के साथ समयबद्ध ढंग से मुआवजा दिलाएं। हर हाल में प्रयास करें कि आपदा का असर किसानों पर न्यूनतम हो। जनहानि, पशुहानि, घायलों व प्रभावितों को निश्चित समय में मुआवजा दिलाना सुनिश्चित करें। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारियों को अलर्ट मोड पर रहने का निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्व, कृषि विभाग व बीमा कंपनी फसल नुकसान का तत्काल संयुक्त सर्वे कराकर शासन को अवगत कराएं, जिससे किसानों को तत्काल मुआवजा दिलाया जा सके। मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि निरंतर फील्ड में रहें, वस्तुस्थिति का जायजा लें और प्रभावित क्षेत्रों में फसलों को हुए नुकसान का वास्तविक आकलन कराएं, जिससे किसानों को समय पर उचित सहायता मिल सके। मुख्यमंत्री ने प्रमुख सचिव (कृषि) व राहत आयुक्त को निर्देश दिया कि फील्ड में कार्यरत अधिकारियों से सीधा संपर्क करें और समन्वय बनाएं।

सभी सूचनाएं समय पर एकत्र कर शासन को उपलब्ध कराई जाए, जिससे राहत कार्य भी समय से हो सके।

## आंधी के साथ गिरे ओले, मौसम विभाग का अलर्ट

**लखनऊ।** मौसम विभाग के अनुसार, नए पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के चलते मंगलवार को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में तेज हवा के साथ बारिश का सिलसिला शुरू हो गया। बुधवार को पूरे प्रदेश में आंधी-पानी का असर देखने को मिलेगा। कई जिलों में ओले भी गिर सकते हैं। इसके चलते प्रदेश में मंगलवार से शुरू हुआ बारिश का क्रम गुरुवार तक जारी रहने के आसार हैं। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि यह मौसमी बदलाव पश्चिमी उत्तर प्रदेश से शुरू होकर धीरे-धीरे पूर्वी दिशा की ओर बढ़ेगा। यह वर्षा का दौर प्रदेश के विभिन्न हिस्सों को प्रभावित करेगा। इस मौसमी गतिविधि का मुख्य कारण मध्य क्षोभमंडल में उत्तरी पूर्वी पाकिस्तान और अफगानिस्तान के आसपास बना चक्रवाती परिसंचरण है। यह परिसंचरण ऊपरी क्षोभमंडल तक जा रही द्रोणी से जुड़ा है। इसके अतिरिक्त, निचले क्षोभमंडल में उत्तरी पूर्वी राजस्थान, उत्तरी पश्चिमी उत्तर प्रदेश और पूर्वी उत्तर प्रदेश पर अलग-अलग चक्रवाती परिसंचरण बने हुए हैं। इन सभी मौसमी प्रणालियों के संयुक्त प्रभाव से प्रदेश में वर्षा की स्थिति बन रही है। तापमान में गिरावट से लोगों को गर्मी से कुछ राहत भी मिलेगी। हालांकि, 48 घंटे बाद तापमान में फिर से वृद्धि होने से गर्मी का प्रकोप बढ़ सकता है। प्रदेशवासियों को मौसम में होने वाले इन बदलावों के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी गई है। वर्षा के इस दौर के कारण प्रदेश के अधिकतम तापमान में ठीक-ठाक गिरावट आएगी।

### गोमती नगर में गाड़ी पर गिरा पेड़



गोमती नगर स्थित लोहिया पार्क पावर हाउस के सामने एक बड़ा हादसा होने से टल गया। आंधी से एक पेड़ उखड़ कर कार पर गिर गया। घटना के समय गाड़ी में कोई सवारी बैठी नहीं होने से बड़ा हादसा टल गया। अंतिम कुमार सिंह और उपनिरीक्षक विनीत शर्मा ने स्थानीय लोगों की मदद से सड़क से पेड़ हटाया। इस दौरान करीब 20 मिनट तक रोड की एक लेन पर यातायात बाधित रहा। रायबरेली रोड पर गोपालखेड़ा पुल के पास एक पेड़ गिर गया। गनीमत रही पेड़ की चपेट में कोई वाहन नहीं आया।

### कई इलाको की बिजली गुल

मंगलवार शांम आई आंधी पानी ने गोमतीनगर, सरोजनीनगर, इन्दिरानगर सहित अन्य जगहो पर लगे बिजली तार पर पेड़ की डाल टूटकर गिरने से कई क्षेत्रों कि बिजली गुल हो गयी। कही ऐसा भी हुआ कि तेज हवा चलते ही पावर हाऊस से बिजली सप्लाई रोक दिया गया और जब हवा थोड़ी कम हुई तो फिर चालू किया गया। गोमतीनगर के विशालखण्ड, विश्वासखण्ड और विपिनखण्ड में 30 मिनट के लिए बिजली कटी गयी। वही विपिनखण्ड पावर हाऊस के सामने पेड़ टूट कर गिर जाने से सड़क पर जाम लग गया। इससे कई उपभोक्ता पावर हाऊस नही पहुच सके। मोहनलालगंज के कई गांवो में पेड़ टूटने पर बिजली घण्टो गुल हो गयी। जिससे देर रात कुछ गांवो की बिजली व्यवस्था चालू कराया जा सके।

# सुलतानपुर रोड से जुड़ेगा ग्रीन कॉरिडोर, बनेगी 4-लेन सड़क

अमन लेखनी समाचार

- गोमती नगर विस्तार से अर्जुनगंज जाना होगा आसान
- डालीगंज से पक्का पुल तक 15 दिन में तैयार होगा आरओबी

**लखनऊ।** पिपराघाट से शहीद पथ के मध्य आकार ले रहा ग्रीन कॉरिडोर अब सुलतानपुर रोड से भी कनेक्ट होगा। इसके लिए आर्मी लैंड से मरी माता मंदिर तक 4-लेन सड़क बनायी जाएगी। इससे गोमती नगर विस्तार से अर्जुनगंज की ओर जाना आसान होगा और लगभग 10 लाख की आबादी को सीधा लाभ मिलेगा।

लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने मंगलवार को स्थल निरीक्षण करके 4-लेन सड़क का कार्य शीघ्र शुरू कराने के निर्देश दिये। उपाध्यक्ष ने बताया कि ग्रीन कॉरिडोर के तृतीय चरण के अंतर्गत पिपराघाट से शहीद पथ के मध्य बंधा एवं सड़क निर्माण, फ्लाईओवर व ब्रिज का कार्य कराया जा रहा है। इस रूट को और अधिक प्रभावी व लोगों के लिए उपयोगी बनाने के उद्देश्य से ग्रीन कॉरिडोर को सुलतानपुर रोड से सीधे कनेक्ट करने का भी कार्य कराया जाएगा। जिसके लिए आर्मी लैंड पर निमार्णाधीन ग्रीन कॉरिडोर से सुलतानपुर रोड स्थित मरी माता मंदिर तक 4-लेन सड़क बनायी जाएगी। लगभग 1800 मीटर लंबी इस सड़क का निर्माण लगभग 33 करोड़ रुपए की लागत से कराया जाएगा।

उपाध्यक्ष ने बताया कि 4-लेन सड़क के निर्माण के लिए टेंडर के माध्यम से कार्यदायी संस्था का चयन कर लिया गया है। जल्द ही स्थल पर कार्य शुरू करा दिया जाएगा, जिसके लिए सम्बंधित अभियंताओं को निर्देश दे दिये गये हैं। उन्होंने बताया कि ग्रीन कॉरिडोर से सुलतानपुर रोड के मध्य यह नया रूट बनने से पुलिस मुख्यालय, ओमैक्स, इमार टाउनशिप समेत गोमती नगर विस्तार से अर्जुनगंज की ओर जाना आसान होगा और बड़ी संख्या में लोग लाभन्वित होंगे।

ग्रीन कॉरिडोर परियोजना के अंतर्गत पक्का पुल से डालीगंज के मध्य निर्मित किये जा रहे 1.5 किलोमीटर लंबे आरओबी/फ्लाईओवर का भी उपाध्यक्ष ने निरीक्षण किया।

# अभा डिप्लोमा इंजीनियर्स में लम्बे अरसे बाद प्रदेश को मिला राष्ट्रीय नेतृत्व



अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** अखिल भारतीय डिप्लोमा इंजीनियर्स फेडरेशन के गठन के 58 वर्ष के इतिहास में लोक निर्माण विभाग उ.प्र. से पहली बार इं. एन.डी. द्विवेदी बहुमत के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने के बाद शताब्दी एक्सप्रेस से ऐतिहासिक जीत दर्ज कराकर राजधानी पहुंचे श्री द्विवेदी का उत्तर प्रदेश डिप्लोमा इंजीनिर्य महासंघ के अध्यक्ष इं.एच.एन. मिश्रा के नेतृत्व में डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ के चौबीस घटक संघों के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने रेलवे स्टेशन से लेकर महासंघ कार्यालय तक फूल मालाए और ढोल नगाड़े के साथ भव्य स्वागत किया। अपने स्वागत समारोह को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष इं. एन.डी. द्विवेदी ने कहा कि अखिल भारतीय डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ की गरिमा की बनाए रखने तथा संवर्ग का राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान बनाए रखने के साथ ही तकनीकी आयोग के गठन, पूरे देश में एक समान वेतन, पुरानी पेंशन बहाली के लिए संघर्ष जारी रहेगा। समारोह में मुख्य रूप से राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के महामंत्री शिवबरन सिंह यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष महासंघ इं. भानू प्रताप निरंजन, निर्माण निर्माण से इं. सत्यपाल, महासचिव इं. तुलसीराम, आवास विकास परिषद से इं. प्रवेश कुमार गौड़ मौजूद रहे।

## महापौर ने सुनीं समस्याएं

**लखनऊ।** नगर निगम मुख्यालय में मंगलवार को जनता दरबार में महापौर सुषमा खर्कवाल ने आमजन की समस्याओं और शिकायतों को गंभीरता से सुना। इस दौरान बड़ी संख्या में नागरिक अपनी विभिन्न समस्याएं लेकर पहुंचे, जिनमें साफ-सफाई, जल निकासी, सड़क, प्रकाश व्यवस्था और अन्य नागरिक सुविधाओं से जुड़ी शिकायतें प्रमुख रहीं। महापौर ने प्रत्येक शिकायत को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए और किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। साथ ही अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया गया कि कार्यों की नियमित समीक्षा की जाए, ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।



**स्वच्छता को दैनिक जीवन में अपनाएं :** विश्व स्वास्थ्य दिवस पर अमीनाबाद इंटर कॉलेज में स्वच्छता की संस्कृति निर्माण विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महापौर सुषमा खर्कवाल ने छात्रों को स्वच्छता को दैनिक जीवन में अपनाने, भोजन से पहले और शौच के बाद हाथ धोने तथा आसपास पानी जमा न होने देने की सलाह दी। उन्होंने वैज्ञानिक सोच अपनाने और अंधविश्वासों से दूर रहने पर भी जोर दिया। इस दौरान शिक्षकों व जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्वच्छता संबंधी गतिविधियां कराई गईं। अंत में सभी ने स्वच्छ, स्वस्थ और जागरूक समाज के निर्माण का संकल्प लिया तथा आयोजन से जुड़े संस्थानों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# भाजपा ने भारतीय राजनीति की दिशा और दशा बदल दी : कमलेश

अमन लेखनी समाचार



**लखनऊ।** अवध क्षेत्र कार्यालय पर क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्र ने भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर पार्टी का ध्वज फहराकर भारतीय जनता पार्टी को विश्व स्तर पार्टी बनाने वाले महापुरुषों को नमन कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस मौके पर कमलेश मिश्र ने कहा की आज हम सब एक ऐसे दल की स्थापना दिवस का कार्यक्रम मना रहे हैं जिसने भारतीय राजनीति की दिशा और दशा दोनों बदल दी श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पं. दीनदयाल उपाध्याय के राष्ट्रवाद और अन्त्योदय के विचार को लेकर आगे बढ़ते हुए आज ही के दिन 1980 मे राजनीति के शिखर पुरुष भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व मे भारतीय जनता पार्टी का उदय हुआ। कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक दल नही बल्कि 140 करोड़ भारतवासियों की आकांक्षाओं का प्रतिबिम्ब है। आज पार्टी का हर कार्यकर्ता विकसित भारत के सपने को साकार करने के संकल्प के साथ आगे बढ रहा है।

आज इस स्थापना दिवस के अवसर पर हम सभी संकल्प ले कि भारतीय जनता पार्टी के आदर्शों को आगे बढाते हुए राश्ट्र निर्माण मे अपना पूर्ण योगदान देंगे।

क्षेत्रीय मीडिया सह प्रभारी आकाश मिश्र मोंटी ने बताया की इस अवसर पर अभियान संयोजक क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजीव मिश्रा, उपाध्यक्ष अमित गुप्ता, जितेन्द्र सिंह राय, चन्द्रा रावत मंत्री और सह संयोजक मणीन्द्र पाण्डेय, संजय गुप्ता, विनोद पटेल, विकास सिंह, कोषाध्यक्ष सूरज श्रीवास्तव, सदस्य सरोज कुमारी सोशल मीडिया सह संयोजक मनोज त्रिवेदी, मोर्चा अध्यक्षों में किसान मोर्चा के अरूण सिंह गप्पू, अल्पसंख्यक मोर्चा के मो. नईम, कार्यालय मंत्री डॉ. विमल सिंह, कार्यालय प्रभारी अखिलेष त्रिपाठी, आईटी के संयोजक मानस मित्रा, सिद्वार्थ तिवारी सहित बडी संख्या मे सम्मानित कार्यकर्ता बन्धु उपस्थित रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता लापता

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर थाना क्षेत्र से सोमवार को एक विवाहिता संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। काफी खोजबीन के बाद परिजनों ने थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक बिजनौर के ओमेक्स सिटी निवासी व हरदोई में लेखपाल पद पर तैनात रोहित यादव की 23 वर्षीया पत्नी शिवा सोमवार दोपहर घर से बिना बताए कहीं चली गई। परिजनों ने आसपास उसकी तलाश की, लेकिन पता नहीं चला। इसके बाद परिचितों और रिश्तेदारों के यहां उसके बारे में जानकारी की, लेकिन कहीं भी उसका कोई सुराग नहीं मिला। जिसके बाद उन्होंने बिजनौर थाने में मामले की सूचना दी। सूचना के बाद पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू की तो सीसीटीवी फुटेज में वह सोमवार दोपहर बाद बिजनौर स्थित शीतला मंदिर के पास जाती हुई नजर आई। पुलिस का कहना है कि परिजनों ने बताया कि कुछ दिनों से उसका मानसिक संतुलन गड़बड़ चल रहा है। फिलहाल पुलिस मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के सहारे उसकी तलाश कर रही है।

## संक्षेप

### अनियंत्रित पिकअप खाईं में गिरा बाल बाल बचे सवार

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र के सफीपुर-मियागंज मार्ग पर मंगलवार भोर पहर एक पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर खाई में गिर गया। यह हादसा सामने से आ रहे एक ट्रक से बचने के प्रयास में हुआ। गनीमत रही कि पिकअप चालक और उसमें सवार किसान बाल-बाल बच गए। सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के बंधन पुरवा गांव निवासी सुनील कुमार (28) पुत्र राम औतार अपने गांव के किसान रंजीत और राहुल के साथ सोमवार देर रात परियर से ताजी सब्जियां लादकर लखनऊ की दुबग्गा मंडी जा रहे थे। मंगलवार सुबह सफीपुर-मियागंज मार्ग पर स्थित सिर्स चेरी गांव के पास सामने से आ रहे एक ट्रक से बचने के लिए चालक सुनील कुमार ने पिकअप को सड़क किनारे किया। इसी दौरान वाहन का पहिया सड़क किनारे बने एक गड्ढे में चला गया, जिससे पिकअप अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरा। हादसे में किसी को गंभीर चोट नहीं आई। स्थानीय ग्रामीणों ने सुबह करीब दस बजे ट्रैक्टर की मदद से पिकअप को खाई से बाहर निकाला।

### समय पर नहीं खुलता डाकघर, ग्रामीणों को घंटों करना पड़ता इंतजार

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। नवाबगंज नगर स्थित डाकघर की लापरवाही से आमजन खासकर ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालात यह हैं कि डाकघर निर्धारित समय से खुलने के बजाय रोजाना देर से खोला जाता है, जिससे लोगों का समय और काम दोनों प्रभावित हो रहे हैं। मंगलवार को स्थिति और भी खराब देखने को मिली, जब सुबह 11 बजे तक भी डाकघर का ताला नहीं खुला। दूर-दराज गांवों से आए दर्जनों लोग परिसर के बाहर बैठे रहे और घंटों तक डाकघर खुलने का इंतजार करते रहे। काफी देर बाद पोस्ट ऑफिस इंचार्ज पहुंचे और ताला खोला, तब जाकर लोगों के काम शुरू हो सके। बताया जाता है कि करीब 10 बजे डाकघर के कर्मचारी पन्ना लाल पहुंचे, लेकिन बातचीत करने का प्रयास करने पर वह सामने की दुकान में चले गए और किसी भी तरह की जानकारी देने से बचते नजर आए। ग्रामीणों का कहना है कि यह समस्या नई नहीं है, बल्कि रोज का यही हाल बना हुआ है। डाकघर कभी भी समय से नहीं खुलता, जिससे लोगों को बेवजह घंटों इंतजार करना पड़ता है। स्थानीय लोगों ने उच्च अधिकारियों से मामले की जांच कर जिम्मेदार कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है, ताकि आम जनता को समय पर डाक सेवाओं का लाभ मिल सके।

# फर्जी दस्तावेज तैयार कर जमानत कराने वाले चढ़े पुलिस के हत्थे

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। फर्जी दस्तावेज तैयार कर आरोपियों की जमानत कराने वाले एक संगठित गिरोह का कोतवाली सदर पुलिस ने पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस कार्रवाई में गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है, जबकि मामले में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से कई फर्जी मुहरें, आधार कार्ड और दस्तावेज तैयार करने में इस्तेमाल होने वाली सामग्री बरामद की गई है। पुलिस के अनुसार, मामला 30 मार्च 2026 को सामने आया, जब ग्राम रिठनई निवासी संजय कुमार पुत्र स्वर्गीय गिरजाशंकर ने कोतवाली सदर थाने में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि अज्ञात व्यक्तियों ने उनके और उनके चाचा राजकुमार के नाम पर फर्जी दस्तावेज तैयार किए और नगर मजिस्ट्रेट न्यायालय में पेश कर जेल में बंद अभियुक्त गुफरान की जमानत करा ली। इस शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। विवेचना के दौरान पता चला कि जिला कारागार उन्नाव में बंद अभियुक्त गुफरान ने जमानत के लिए सोहेल अहमद से संपर्क किया था। सोहेल अहमद ने जमानत की पूरी व्यवस्था कराने का जिम्मा लिया और इसके एवज में गुफरान के पिता इकबाल से 22 हजार रुपये लिए। इसके बाद सोहेल ने अपने साथी मुंशी रंजीत की मदद से संजय कुमार और उनके चाचा के नाम पर फर्जी आधार कार्ड, ग्राम प्रधान का निवास प्रमाण पत्र और थाने की रिपोर्ट सहित कई फर्जी दस्तावेज तैयार किए। इन्हीं दस्तावेजों को सिटी मजिस्ट्रेट न्यायालय में प्रस्तुत कर गुफरान की जमानत कराई गई। फर्जी मुहरें, एक इंक पैड और 11 आधार कार्ड बरामद जांच के क्रम में 6 अप्रैल को पुलिस टीम ने काशीराम मोड़ से अभियुक्त गुफरान (25) निवासी काशीराम कॉलोनी और सोहेल अहमद (60) निवासी शेखवाड़ा को गिरफ्तार कर लिया। सोहेल अहमद के कब्जे से तलाशी के दौरान आठ फर्जी मुहरें, एक इंक पैड और 11 आधार कार्ड बरामद हुए। गिरफ्तारी और बरामदगी के आधार पर मुकदमे में बीएनएस की धाराएं बढ़ाई गई हैं। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी सोहेल और उसका साथी रंजीत अन्य मामलों में भी फर्जी दस्तावेज तैयार कर जमानत कराने का काम करते थे। फिलहाल, पुलिस गिरोह के पूरे नेटवर्क और कोतवाली सदर पुलिस की इस कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक चन्द्रकांत मिश्र, उपनिरीक्षक पंकज राज शरद, हेड कांस्टेबल रामदेव प्रजापति, कांस्टेबल रजत, अमित तथा महिला कांस्टेबल गायत्री वर्मा शामिल रहे। पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# मानक विहीन विद्यालय को लेकर सरकारी शिक्षकों ने किया नारेबाजी

अमन लेखनी समाचार




सफीपुर, उन्नाव। शासन द्वारा चलाए जा रहे स्कूल चलो अभियान कार्यक्रम के बीच शिक्षकों ने अमान्य और मानक विहीन विद्यालयों को बंद कराने की मुहिम छेड़ दी है सरकारी स्कूलों में लगातार कम हो रही छात्र संख्या को देखते हुए ये मुहिम बड़ा रूप ले सकती है विकास खंड सफीपुर के अंतर्गत आने वाले विद्यालयों के शिक्षको ने संजीव संख्वार एवं अमित तिवारी के नेतृत्व में सनहा घाट चौराहे पर एकत्रित होकर अमान्य और मानक विहीन विद्यालयों के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की तथा इनके संचालकों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की शिक्षक नेता संजीव संख्वार व अमित तिवारी ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि अभिभावकों को गुमराह करके दिशाहीन और निम्न श्रेणी की शिक्षा ऐसे विद्यालयों में दी जा रहीं हैं, इन स्कूलों में योग्य शिक्षकों, सुरक्षा मानकों और उचित बुनियादी ढांचे की कमी पाई गई है। बता दें शिक्षा निदेशालय के आदेशों के बावजूद इन स्कूलों ने सत्र 2026-27 के दाखिले हो रहे हैं। इन स्कूलों में बेधड़क कक्षाएं लग रही हैं परंतु विभाग की ओर से इन पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है जबकि यह कार्रवाई जनवरी व फरवरी के माह में ही शुरू हो जानी चाहिए थी। जिले में कई ऐसे स्कूल हैं, जो बिना अनुमति व मान्यता के चल रहे हैं। शिक्षकों ने उच्च अधिकारियों से मांग की कि तत्काल ऐसे विद्यालय बंद कराए जाए, और उनके संचालकों पर कठोर कार्रवाई की जाये विरोध प्रदर्शन में संजीव संख्वार, अमित तिवारी, ज्ञानेन्द्र कुशवाहा, राजवीर यादव, संतोषी देवी, अनूप साहू, नरेंद्र सिंह, ममता, संजय त्यागी, सारिका, विवेक पाल, शरद, सूर्यकांत, सुनील आदि शिक्षक मौजूद रहे

# युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। थाना क्षेत्र में मंगलवार दोपहर एक अधेड़ युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बारासगवर थाना क्षेत्र के ग्राम नरापत खेड़ा मजरे बरदहा निवासी बच्चूलाल यादव 50 वर्ष ने ग्राम पंचायत इंदेमऊ स्थित अपने परिजनों के खेत में खड़े गूलर के पेड़ की डाल से रस्सी के सहारे लटककर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। बताया जा रहा है कि मंगलवार दोपहर



लगभग 1 बजे खेतों में काम कर रहे ग्रामीणों ने पेड़ से लटकता शव देखा, जिसके बाद उन्होंने तत्काल परिजनों को सूचना दी। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। घटनास्थल बीघापुर थाना क्षेत्र में होने के कारण सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया है। मृतक अपने पीछे पत्नी रेखा, पुत्र अभिषेक, रुद्रांश, अथर्व तथा पुत्री तन्वी व आंचल को छोड़ गए हैं। ग्रामीणों के अनुसार मृतक काफी समय से आर्थिक तंगी से जूझ रहा था, जिसके चलते वह मानसिक रूप से परेशान रहता था। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# अतिक्रमण को लेकर चलाया गया एक अभियान

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। शहर में यातायात व्यवस्था सुधारने और अतिक्रमण पर नियंत्रण के लिए मंगलवार दोपहर धवन रोड पर एक विशेष अभियान चलाया गया। सिटी मजिस्ट्रेट राजीव राज के नेतृत्व में हुए इस अभियान में शहर कोतवाली प्रभारी, पुलिस बल और पीएसी के जवान शामिल थे। अभियान के दौरान सड़क किनारे किए गए अवैध कब्जों और नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। प्रशासनिक टीम ने धवन रोड और आसपास के क्षेत्रों में सड़क पर अतिक्रमण कर दुकानें लगाने, ठेले खड़े करने और अव्यवस्थित पार्किंग करने वालों को चिन्हित किया। कई दुकानदारों को चेतावनी दी गई कि सड़क और फुटपाथ पर कब्जा कर यातायात बाधित करना नियमों का उल्लंघन है। टीम ने मौके पर ही अतिक्रमण हटवाया और भविष्य में दोबारा ऐसा न करने की सख्त हिदायत दी। सिटी मजिस्ट्रेट राजीव राज ने व्यापारियों से संवाद करते हुए कहा कि प्रशासन का उद्देश्य शहर में सुचारु यातायात व्यवस्था बनाए रखना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सड़क जनता के आवागमन के लिए होती है, इसलिए दुकानदार अपनी दुकानों का सामान निर्धारित सीमा के भीतर ही रखें। नियमों का पालन न करने पर आगे जुमार्ना और कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अभियान के दौरान पुलिस ने गलत तरीके से खड़े वाहनों को हटवाया और कई वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। हेलमेट और पार्किंग नियमों का पालन करने की भी अपील की गई। पीएसी की मौजूदगी के कारण पूरे क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था सख्त रही और अभियान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। स्थानीय लोगों ने प्रशासन की इस कार्रवाई का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि धवन रोड पर लंबे समय से अतिक्रमण और अव्यवस्थित पार्किंग के कारण जाम की समस्या बनी रहती थी। इस अभियान से यातायात व्यवस्था में सुधार की उम्मीद जताई जा रही है। सिटी मजिस्ट्रेट ने जानकारी दी कि शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान आगे भी जारी रहेगा। प्रमुख बाजारों में नियमित रूप से जांच की जाएगी ताकि व्यवस्था बनी रहे। उन्होंने नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि नियमों का पालन कर ही शहर को व्यवस्थित और सुरक्षित बनाया जा सकता है।

# ट्रेन की चपेट में आया युवक हुई मौत

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। अजगैन थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। यह घटना मन्ना लाल इंद्राणी कुंवर इंटर कॉलेज के सामने रेलवे ट्रैक पर हुई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। मृतक की पहचान अजगैन थाना क्षेत्र के गौरा कठेरवा गांव निवासी बसंत पुत्र राजाराज के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, युवक किसी कारणवश रेलवे लाइन के पास मौजूद था, तभी तेज गति से आ रही ट्रेन की चपेट में आ गया और उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। स्थानीय पुलिस हादसे के कारणों की जांच में जुटी घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ की। पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जीआरपी और स्थानीय पुलिस हादसे के कारणों की जांच में जुटी हुई है। परिजनों ने बताया कि बसंत प्लंबरिंग का काम कर परिवार का भरण-पोषण करते थे। वह अपने परिवार के जिम्मेदार सदस्यों में से थे। परिवार में सात भाई और दो बहनें हैं, जिनमें बसंत का महत्वपूर्ण योगदान था। हादसे की खबर गांव पहुंचते ही ग्रामीण और रिश्तेदार परिजनों के घर पहुंचने लगे। ग्रामीणों ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए प्रशासन से रेलवे ट्रैक के आसपास सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल मामले की जांच जारी है। कि हादसा दुर्घटनावश हुआ या इसके पीछे कोई अन्य कारण रहा। युवक की मौत से क्षेत्र में शोक का माहौल बना हुआ है।

# लुट का पुलिस ने किया खुलासा मुठभेड़ में एक बदमाश के लगी गोली

अमन लेखनी समाचार



पुरवा, उन्नाव। पुलिस, एसओजी और सर्विलांस टीम ने एक संयुक्त कार्रवाई में लूट की घटना का खुलासा किया है। पुलिस ने इस मामले में 25 हजार रुपये के इनामी गैंगस्टर सहित गिरोह के छह सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस मुठभेड़ के दौरान मुख्य आरोपी के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से अवैध तमंचा, कारतूस, चोरी की मोटरसाइकिल और लूटा गया माल बरामद किया है। यह कार्रवाई 25 फरवरी 2026 को ग्राम भूपतिपुर निवासी महेश कुमार द्वारा थाना पुरवा में दर्ज कराई गई शिकायत के बाद की गई। महेश कुमार ने बताया था कि अज्ञात बदमाशों ने उनकी पत्नी से नगदी और जेवर से भरा हैंडबैग लूट लिया था। घटना के खुलासे के लिए थाना पुलिस, एसओजी और सर्विलांस टीम को लगाया गया था। सोमवार रात को संयुक्त टीम पुरवा-अचलगंज मार्ग स्थित शारदा नहर के पास चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मोटरसाइकिल सवार दो संदिग्ध युवक आते दिखाई दिए। पुलिस द्वारा रोकने का इशारा करने पर वे भागने लगे और पीछा करने पर उनकी बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। इस दौरान आरोपियों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक द्वारा की गई फायरिंग में एक आरोपी के पैर में गोली लग गई। घायल आरोपी की पहचान इरफान अहमद (34 वर्ष) निवासी ताड़बगिया जाजमऊ, कानपुर नगर के रूप में हुई, जिस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। दूसरे आरोपी प्रेम सिंह (26 वर्ष) निवासी फिरोजाबाद को भी मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में इरफान ने लूट की घटना स्वीकार करते हुए बताया कि उसने चोरी की अपाचे बाइक से वारदात को अंजाम दिया था। गिरोह के सदस्य चोरी की बाइकों को काटकर कबाड़ के रूप में बेच देते थे, जबकि लूटे गए जेवर को गलाकर ज्वैलर्स के माध्यम से बेचा जाता था। पुलिस ने इरफान की निशानदेही पर जमीलुद्दीन, सादाब, विपिन जायसवाल, अब्दुल मजीद और ज्वैलर्स फाजिल उर्फ लकी को भी गिरफ्तार कर लिया। इनके कब्जे से 250 ग्राम सफेद धातु (हाफ पेटी) बरामद हुई है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी इरफान शातिर लुटेरा है और विभिन्न जिलों में लूट व चोरी की कई घटनाओं में वांछित रहा है। वह गुरुग्राम में रहकर मजदूरी करता था और समय-समय पर उन्नाव आकर वारदातों को अंजाम देता था। घटना के सफल अनावरण पर पुलिस टीम को घोषित 25 हजार रुपये के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# मिशन शक्ति टीम ने छात्राओं को किया जागरूक

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के कालिंदी गुप्ता इंटर कॉलेज में मिशन शक्ति टीम ने बालिकाओं के लिए जागरूकता अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक उन्नाव, सहायक पुलिस अधीक्षक सफीपुर और अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी/उत्तरी के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी सफीपुर के पर्यवेक्षण में यह कार्यक्रम 7 अप्रैल 2026 को आयोजित किया गया। थाना प्रभारी सफीपुर और मिशन शक्ति टीम ने छात्राओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान और नारी स्वावलंबन के महत्व से अवगत कराया। उन्हें उत्तर प्रदेश पुलिस की विभिन्न सेवाओं और शासन द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई, ताकि वे जागरूक और सुरक्षित रह सकें। अभियान के दौरान बालिकाओं को कई महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। इनमें महिला पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, आपातकालीन सेवा 112 (पुलिस, फायर ब्रिगेड, एम्बुलेंस), सीएम हेल्पलाइन 1076, चाइल्ड लाइन 1098, एम्बुलेंस सेवा 108, स्वास्थ्य सेवा 102 और साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 शामिल हैं। छात्राओं को 'गुड टच बैड टच' के बारे में संवेदनशील जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त, घरेलू हिंसा और उससे संबंधित कानूनी प्रावधानों, साइबर अपराधों के खतरों तथा उनसे बचाव के उपायों पर भी मार्गदर्शन प्रदान किया गया। शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लाभों से भी उन्हें अवगत कराया गया। सभी को यह भी बताया गया कि जनपद के प्रत्येक थाने पर नवस्थापित मिशन शक्ति केंद्र कार्यरत हैं। इन केंद्रों पर महिलाओं को त्वरित सहायता, परामर्श, शिकायत निस्तारण और विभिन्न योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। संदिग्ध व्यक्तियों को भी हिदायत दी गई।

# जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट

अमन लेखनी समाचार



बीघापुर, उन्नाव। थाना क्षेत्र के ढूंदपुर गांव में मंगलवार को जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। यह विवाद कहासुनी से शुरू होकर धक्का-मुक्की और मारपीट में बदल गया, जिसमें महिलाएं और पुरुष दोनों शामिल थे। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने मामले का संज्ञान लिया। दूंदपुर गांव में जमीन के स्वामित्व और कब्जे को लेकर दोनों पक्षों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा है। मंगलवार को इसी मुद्दे पर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। शुरूआती कहासुनी जल्द ही बढ़ गई और बड़ी संख्या में महिलाएं भी मौके पर पहुंच गईं। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच धक्का-मुक्की और मारपीट शुरू हो गई, जिससे गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। इस पूरी घटना का वीडियो मौके पर मौजूद लोगों ने बना लिया, जो बाद में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो में महिलाएं एक-दूसरे से उलझती और हंगामा करती दिख रही हैं। वायरल वीडियो सामने आने के बाद स्थानीय पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को शांत कराया। पुलिस ने संबंधित लोगों से पूछताछ कर घटना की जानकारी जुटाई और स्थिति को नियंत्रित किया। बीघापुर थानाध्यक्ष ने बताया कि जमीनी विवाद को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी और मारपीट हुई है। वायरल वीडियो के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने आश्वस्त किया कि जांच के बाद सामने आए तथ्यों के आधार पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी और किसी को भी कानून हाथ में लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

# स्कूल चलो अभियान एवं वार्षिकोत्सव का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। असोहा क्षेत्र के चौपाई गांव के उच्च प्राथमिक विद्यालय में खण्ड शिक्षा अधिकारी असोहा आंचल सिंह के नेतृत्व में शैक्षिक सत्र 2026-27 के अंतर्गत शासन एवं बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित नवीन नामांकन, विभिन्न शैक्षिक कार्यक्रमों, योजनाओं से संबंधित शिक्षा चौपाल एवं वार्षिकोत्सव का आयोजन प्रधान शिक्षक मुकेश शुक्ला द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक अनिल सिंह द्वारा माँ शारदे की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप- प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों की कर्मठता, अधिकारियों की कार्य कुशलता, शिक्षकों की कर्तव्यनिष्ठा, बच्चों की प्रतिभा सुखद, सुंदर, सशक्त देश-समाज के मूलभूत आधार है। कार्यक्रम के दौरान भगवती रावत, ग्राम प्रधान आनन्द रावत, ब्लॉक प्रमुख आनन्द गुप्ता, देशराज, संदीप द्विवेदी, अरविंद शुक्ला, रणंजय सिंह, धर्मेंद्र यादव, उमेश गुप्ता, जितेंद्र श्रीवास्तव, रामकरन मौर्य, धर्मपाल सिंह, अरूण कुमार, महेंद्र पाल, शिव शंकर श्रीवास्तव, अनामिका भारती, नीरज पटेल शिछक, सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

# गेहूं की फसल में लगी आग दस बिसुआ जलकर राख

अमन लेखनी समाचार



औरास, उन्नाव। क्षेत्र में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे के किनारे स्थित इनायतपुर बर्रा गांव में मंगलवार दोपहर गेहूं के खेत में आग लग गई। अज्ञात कारणों से लगी इस आग में किसान श्यामलाल की लगभग 10 बिस्वा तैयार गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। ग्रामीणों ने निजी संसाधनों का उपयोग कर आग पर काबू पाया और उसे अन्य खेतों में फैलने से रोका। जानकारी के अनुसार, बर्रा निवासी श्यामलाल पुत्र जयराम के खेत से मंगलवार दोपहर अचानक धुआं उठने लगा। जब तक लोग कुछ समझ पाते, तेज हवाओं के कारण आग ने खेत में खड़ी गेहूं की फसल को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटें देखकर पीड़ित किसान और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए पास के ट्यूबवेल चलाए और बाल्टियों व अन्य उपलब्ध संसाधनों की मदद से आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने आग पर नियंत्रण पा लिया, लेकिन तब तक श्यामलाल की लगभग 10 बिस्वा फसल पूरी तरह नष्ट हो चुकी थी। इस घटना के संबंध में कार्यवाहक थाना प्रभारी औरास, इरशाद अली से बात की गई। उन्होंने बताया कि पुलिस को फिलहाल इस मामले में कोई लिखित या मौखिक सूचना प्राप्त नहीं हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि ऐसी कोई सूचना समय पर मिलती है, तो तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचित कर बचाव कार्य सुनिश्चित कराया जाता है।

# डे नाइट क्रिकेट टूनामेंट का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। मियागंज विकास खंड क्षेत्र में डे-नाइट क्रिकेट टूनामेंट का आयोजन किया गया। इसमें जावेद की टीम ने राहुल की टीम को नौ विकेट से हराकर ट्रॉफी अपने नाम की। टूनामेंट में कुल 27 टीमों ने भाग लिया। यह टूनामेंट सोमवार शाम को मियागंज स्थित पंचायत भवन के पास इंदाज द्वारा शुरू किया गया। जिला पंचायत सदस्य फरान रहमान सफवी ने फीता काटकर इसका शुभारंभ किया। टूनामेंट का फाइनल मुकाबला मंगलवार को जावेद और राहुल की टीमों के बीच खेला गया। राहुल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और निर्धारित ओवरों में पांच विकेट खोकर 37 रन बनाए। जवाब में, जावेद की टीम ने एक विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया और नौ विकेट से जीत दर्ज की। इस अवसर पर आयोजकों ने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी और नकद पुरस्कार से सम्मानित किया।

## हेक्टेयर भूमिका अधिग्रहण को लेकर किसानों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। सदर तहसील के सराय कटियान गांव के आधा सैकड़ा किसानो ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र दिया है। किसानों का कहना है। कि इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के लिए सेकंड फेस मे 116 हेक्टेयर का भूमिका अधिग्रहण किया जा रहा है। सरकार के द्वारा 55 लाख रुपए प्रति बीघा के हिसाब से मुआवजा दिया जा रहा है। जबकि सराय कटियान से सटी हुई ग्राम पंचायत मुर्तजानगर के किसानों को 70 लाख प्रति बीघा के हिसाब से मुआवजा दिया जा रहा है। सराय कटियान के किसानों को भी मुर्तजानगर की भूमि के हिसाब से 70 लाख रुपए प्रति बीघा के हिसाब से मुआवजा दिया जाए। पुराने राष्ट्रीय मार्ग से 300 मीटर का सर्किल रेट दिया जाए। बताते चलें मेरठ से प्रयागराज तक जाने वाले गंगा एक्सप्रेसवे के किनारे सराय कटियान के पास औद्योगिक गलियारे का निर्माण किया जा रहा है। पहले फेस में 132 हेक्टेयर जमीन के अधिग्रहण होने के बाद फैक्ट्री का निर्माण कार्य किया जा रहा है। दूसरे फेस में 116 हेक्टेयर भूमिका अधिग्रहण होना है। दूसरे फेस का गजट होने के बाद तहसील प्रशासन ने किसानों से सहमति पत्र ले रहे है। पहले चरण में कैन पैक कंपनी ने निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। पावर हाउस और सड़कों का निर्माण कार्य तेजी से किया जा रहा है।

## वायरल वीडियो की जांच करने विद्यालय पहुंचे बीईओ

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। विकास खंड मियागंज क्षेत्र की ग्राम पंचायत अहरा डडिया के प्राथमिक विद्यालय में बच्चों द्वारा साफ-सफाई का सात सेंकेंड का वीडियो तथा दो मिनट तीन सेंकेंड का वीडियो शिक्षक और युवक के बीच झड़प का सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसका अमन लेखनी अखबार पुष्टि नहीं करता वायरल वीडियो को संज्ञान में लेते हुए बीईओ मियागंज मंगलवार विद्यालय पहुंचे और मामले की जांच की। ग्राम पंचायत अहरा डडिया स्थित प्राथमिक विद्यालय में सोमवार की सुबह बच्चे विद्यालय की साफ सफाई कर रहे थे जिसका गांव निवासी युवक द्वारा सात सेंकेंड का वीडियो बनाया गया जिससे बच्चे झाडू लगा रहे हैं तभी विद्यालय के शिक्षक की नजर पडी और युवक से उलझ गए दोनों के बीच बाद बिवाद होने लगा इस दौरान वीडियो बनाया जाता रहा युवक कह रहा हैं कि प्रतिदिन बच्चों से सफाई कराई जाती है जबकि शिक्षक का कहना है कि वह भी साथ में सफाई करता है इसी पर दोनों के बीच तीखी नोक झोंक होती है जिसके बाद वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया मंगलवार वायरल वीडियो को संज्ञान में लेते हुए बीईओ मुनेंद कुमार विद्यालय पहुंचे और अलग अलग युवक और शिक्षक से जानकारी ली खंड शिक्षा अधिकारी का कहना है कि मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

**देश के एक केंद्र शासित राज्य समेत कुल पांच राज्यों में जल्द विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं। इन राज्यों में भाजपा की राजनीतिक स्थिति का आकलन करें तो केवल असम में ही वो पूर्ण बहुमत के साथ शासन में है, जहां हिमंत बिस्वा सरमा मुख्यमंत्री हैं। इस चुनाव के बीच खाड़ी में युद्ध भी जारी है, जिसके चलते देश में ऊर्जा संकट की संभावना को लेकर विपक्ष भाजपा के विरुद्ध देशव्यापी वातावरण बनाने में जुटा है। हालांकि इन राज्यों में स्थानीय मुद्दे भी हैं, फिर भी राष्ट्रीय स्तर पर एसआईआर, चुनाव आयोग के मामले भी गर्म हैं। उधर, राजग खासतौर पर प. बंगाल में घुसपैठ और अल्पसंख्यकों की अनदेखी जैसे मुद्दों को लेकर बाजी पलटने के मुड में है। हाल के वर्षों में भाजपा की आक्रामक राजनीति के चलते इस बार उसका जनाधार बढ़ने की संभावना व्यक्त की जा रही है। केरल की सत्ता में सत्तारूढ़ गठबंधन तीसरी बार वापसी करने पर मेहनत कर रहा है। तमिलनाडु की राजनीति हमेशा से 'द्रविड़ियन मॉडल' और क्षेत्रीय पहचान के इर्द-गिर्द घूमती रही है। 2026 के नतीजे एक नया राजनीतिक सरप्राइज और अप्रत्याशित मोड़ ला सकते हैं। बहरहाल, अब देखना यह होगा कि कौन सी पार्टी किन मुद्दों को जनता को समझाने या मनाने के लिए सार्थक सिद्ध होती है। इन्हीं हालातों की पड़ताल करता आजकल का यह खास अंक...**

# क्या राजनीतिक सरप्राइज देंगे चुनावी नतीजे



विश्लेषण

अवधेश कुमार

वरिष्ठ स्तंभकार



पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव का अभियान इस समय चरम पर है। चुनाव किसी भी स्तर का हो, पिछले कुछ वर्षों में उसकी राष्ट्रीय परिणीति दिखाई देती ही है। गहराई से देखें तो इन पांचों राज्यों में स्थानीय क्षेत्रीय मुद्दे हैं, लेकिन मुख्य तौर पर एसआईआर, चुनाव आयोग, हिंदुत्व, यूजीसी नियमन जैसे राष्ट्रीय विषय हर जगह आच्छादित हैं। ऐसे में इनका राष्ट्रीय स्तर पर प्रभाव पड़ना स्वाभाविक है। इस वर्ष का यह पहला चुनावी दौर है। पिछले लोकसभा चुनाव से अभी तक झारखंड को छोड़कर सभी विधानसभा चुनावों में भाजपा ने सफलता प्राप्त की। बिहार पिछले वर्ष का अंतिम चुनाव था, जिसमें भाजपा जद यू और अन्य दलों के राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने ऐसी विजय प्राप्त की, जिसकी कल्पना उसके घोर समर्थक भी नहीं कर रहे थे। लोकसभा चुनाव के बाद कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस जैसी विपक्षी पार्टियों ने ऐसा माहौल बनाया था कि अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा और राजग के राष्ट्रीय और राज्यों की राजनीति में प्रभावी रहने के दिन गिने-चुने बचे हैं।

> **पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव का अभियान इस समय चरम पर है। चुनाव किसी भी स्तर का हो, पिछले कुछ वर्षों में उसकी राष्ट्रीय परिणीति दिखाई देती ही है। गहराई से देखें तो इन पांचों राज्यों में स्थानीय क्षेत्रीय मुद्दे हैं, लेकिन मुख्य तौर पर एसआईआर, चुनाव आयोग, हिंदुत्व, यूजीसी नियमन जैसे राष्ट्रीय विषय हर जगह आच्छादित हैं। ऐसे में इनका राष्ट्रीय स्तर पर प्रभाव पड़ना स्वाभाविक है। इस वर्ष का यह पहला चुनावी दौर है। पिछले लोकसभा चुनाव से अभी तक झारखंड को छोड़कर सभी विधानसभा चुनावों में भाजपा ने सफलता प्राप्त की।**

## विपक्ष के खेमे में घोर हताशा

प्रांतीय चुनावों ने इस सोच को 360 डिग्री मोड़ दिया। विपक्ष के खेमे में घोर हताशा है जबकि भाजपा और राजग के अंदर उत्साह और उम्मीद चरम पर है। इस चुनाव में विपक्ष सफलता प्राप्त करेगा तो देश में मनोवैज्ञानिक रूप से वातावरण बनाने की कोशिश करेगा। क्या भाजपा का प्रदर्शन इन पांचों राज्यों में पिछले विधानसभा चुनाव की तरह ही अपेक्षित है? इसका सीधा उत्तर है, नहीं। तो फिर? इन पांच राज्यों में असम में पिछले 10 वर्षों से उसकी सरकार है और पुडुचेरी जैसे छोटे स्थान में भाजपा सरकार में शामिल है। तमिलनाडु में तो वह एक छोटी पार्टी के रूप में लड़ रही है। केरल में किसी को उम्मीद नहीं है कि भाजपा सत्ता में आ सकती है। पश्चिम बंगाल में भाजपा ने जबरदस्त उपस्थिति 2018 के स्थानीय निकाय चुनाव से दिखाई है और विधानसभा में पिछली बार उसने 77 सीटें जीती। भाजपा के पक्ष और विपक्ष में वातावरण के मूल्यांकन की एकमात्र कसौटी असम में उसका प्रदर्शन होगा। इसके अलावा उसने अगर पिछले चुनाव से बेहतर किया तो फिर इसका निष्कर्ष राष्ट्रीय राजनीति में क्या होगा, यह बताने की आवश्यकता नहीं।

## युद्ध से संकट का असर

इस चुनाव के बीच खाड़ी में युद्ध चल रहा है। इसका प्रभाव हमारे देश में भी है। यद्यपि पेट्रोल-डीजल, पीएनजी-सीएनजी की अभी तक देश में कमी नहीं है, किंतु विरोधियों ने लगातार ऐसा वातावरण बनाया है, जैसे देश मोदी सरकार की नीतियों के कारण संकट में फंस गया है।

यह सभी राज्यों में विपक्ष की ओर से एक बड़ा मुद्दा बनाया जा चुका है। हालांकि अफवाह नहीं हो तो देशव्यापी ऐसी शिकायत नहीं कि किसी की गाड़ी में पेट्रोल डीजल नहीं मिला या कहीं पीएनजी, सीएनजी की आपूर्ति में कमी है। एलपीजी की समस्या है, लेकिन अभी ऐसी स्थिति नहीं आई जिसमें किसी को अपने घर में खाना बनाने में समस्या हो। अब चूंकि विपक्ष ने एक बड़ा मुद्दा बनाया है, वातावरण बना हुआ है तो यह नहीं कह सकते कि चुनाव इससे प्रभावित बिल्कुल नहीं होगा। दूसरे, यूजीसी यानी विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के नियमन के विरुद्ध सोशल मीडिया के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार और भाजपा के विरुद्ध देशव्यापी वातावरण बनाने की कोशिश हुई और इसका भी असर है।

## चुनाव आयोग व एसआईआर

कोई पार्टी इसके विरोध में नहीं है, कांग्रेस ने इसका समर्थन कर दिया, बावजूद सबकी कोशिश है कि वातावरण बना रहे और हम इसके समर्थन या विरोध में न बोलें ताकि इससे भाजपा और उसके सहयोगियों को क्षति हो। इसके विरोधी दूसरे राज्यों में जाकर भी भाजपा के विरुद्ध सभाएं कर रहे हैं या यह कह सकते हैं कि विरोधी दलों द्वारा उन्हें प्रायोजित किया गया है। तीसरा मुद्दा चुनाव आयोग और एसआईआर है। कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस इन दोनों ने इसे चुनाव का सबसे बड़ा मुद्दा बनाया है। हालांकि बिहार में इसका कोई असर नहीं हुआ। पश्चिम बंगाल का मामला अलग है। सुप्रीम कोर्ट इस पर निर्णय दे चुका है। मालदा में एसआईआर के काम करने वाले न्यायिक अधिकारियों को रातभर बंद करने का संज्ञान लेने के बावजूद वहां तृणमूल कांग्रेस समर्थकों ने चुनाव आयोग और एसआईआर के विरोध में ऐसा वातावरण बना दिया है, जिसमें उन्हें अपेक्षित सहयोग और अनुकूल वातावरण नहीं मिला। बंगाल में अगर भाजपा का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा तो ममता बनर्जी और उनकी पार्टी तथा अन्य विपक्षी दल हमलावर होकर बोलेंगे कि चुनाव आयोग और एसआईआर के बावजूद लोगों ने इन्हें निकाल दिया। अब इन्हें इस प्रक्रिया को वापस लेनी चाहिए।

अगर भाजपा ने बढ़िया प्रदर्शन कर दिया तो यही कहा जाएगा कि एसआईआर के कारण मतदाताओं के नाम कटवा कर जीती है और चुनाव आयोग की इसमें भूमिका है। लोकसभा में मुख्य चुनाव आयुक्त के विरुद्ध महाभियोग प्रस्ताव भेजा हुआ है। दोनों परिस्थितियों में विपक्ष चुनाव के बाद एसआईआर और चुनाव आयोग के विरुद्ध अभियान चलाएगा। वैसे अभी तक की गणना में सबसे ज्यादा नाम तमिलनाडु में कटे हैं। वहां भी मुद्दा है पर पश्चिम बंगाल की तरह नहीं। चौथा, इस बार हर राज्य में हिंदुत्व और मुस्लिम कट्टरवाद मुद्दा है।

## घुसपैठ बना बड़ा मुद्दा

पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरल में तो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शताब्दी समारोह के मार्च लगातार रोकने की कोशिश हुई। बंगाल और असम दोनों जगह घुसपैठ को भाजपा ने सबसे बड़ा मुद्दा बनाया है। बंगाल में ही तृणमूल कांग्रेस के पूर्व नेता और विधायक हुमायूं कबीर ने मुर्शिदाबाद में बाबरी मस्जिद की नींव रख दी । तमिलनाडु में फिल्म स्टार विजय के आने से मामला त्रिकोणीय हुआ है। अगर वहां विजयकांत अच्छा करते हैं तो भविष्य में राष्ट्रीय राजनीति में उसका महत्व बढ़ेगा। इस तरह पांच राज्यों में चुनाव राष्ट्रीय राजनीति में मुद्दे, पक्ष-विपक्ष के बीच संबंध, आंशिक रूप से राजनीतिक समीकरण तथा हिंदुत्व सनातन की दृष्टि से स्पष्ट दिशा देने वाला हो सकता है।

# केरल चुनाव : स्थानीय मुद्दे बाजी न पलट दें



समीकरण

योगेश कुमार सोनी

स्वतंत्र पत्रकार

केरल राज्य के 1957 में गठन के बाद से मुख्य रूप से वामपंथी और कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकारें रही हैं जो अलग-अलग समय पर सत्ता में आती रही हैं, कभी किसी का कालखंड ज्यादा समय के लिए वर्चस्व में नहीं रहा। 2016 व 2021 से लगातार दो बार पिनाराई विजयन मुख्यमंत्री बन रहे हैं। अब सवाल यही उठता है कि क्या कांग्रेस पिनाराई विजयन के किले को भेद पाएगी?

विजयन की स्थिति को इस बार भी मजबूत इसलिए माना जा रहा है चूंकि वह दशकभर से राज्य में अपने सार्थक शासन को संचालित करने में महारत हासिल कर चुके हैं। यदि बीते लोकसभा चुनाव की बात करें तो उनके खेमें में 140 में से 99 सीटें आई थी, जिसको मजबूत स्थिति माना गया था। यदि कांग्रेस की बात करें तो बीते लोकसभा चुनाव में केरल के वायनाड से राहुल गांधी ने रिकॉर्ड तोड़ जीत हासिल की थी, जिससे वहां कांग्रेस की स्थिति मजबूत देखकर सब आश्चर्यचकित रह गए थे। हालांकि केरल जैसे राज्य में कांग्रेस ने हार व जीत के साथ अपनी स्थिति को मजबूत बनाए रखा है लेकिन क्या अब इन दोनों पक्षों के समीकरणों के साथ केरल के किले को भेदने में सार्थक हो पाती है? मौजूदा मुख्यमंत्री अपने बीते दशकभर में किए गए कामों को मजबूती से गिनवा रहे हैं। जैसे कि लोगों की बढ़ाई हुई पेंशन, राज्य में बेहतर हुई स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा, बुनियादी ढांचा और 'नवा केरलम' विजन सबसे खास हैं। राज्य में सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में किए गए काम, सार्वजनिक स्वास्थ्य को बेहतर करने की दिशा में बढ़ाए गए कदम और राज्य में आए निवेश को लाने का जिक्र भी किया गया है।

> **मौजूदा मुख्यमंत्री अपने बीते दशकभर में किए गए कामों को मजबूती से गिनवा रहे हैं। जैसे कि लोगों की बढ़ाई हुई पेंशन, राज्य में बेहतर हुई स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा, बुनियादी ढांचा और 'नवा केरलम' विजन सबसे खास हैं।**

इन मुद्दों के साथ में सत्तारूढ़ गठबंधन तीसरी बार केरल की सत्ता में वापसी करने पर मेहनत कर रहा है। वहीं, इसके इसके विपरीत कांग्रेस सीपीआई-एम के नेतृत्व वाली वामपंथी सरकार पर पक्षपात और भ्रष्टाचार के आरोप लगा रही है जिसके अहम मुद्दे हैं यूडीएफ भ्रष्टाचार, वायनाड में भूस्खलन में अनियमितता, इनके अनुसार राज्य पहले की अपेक्षा अपराध बहुत बड़े स्तर पर अपराध बढ़ा है, नौकरियों में लगातार कमी आ रही है, जिससे युवा बेरोजगार हैं। युवाओं का राज्य से पलायन लगातार जारी है, गुपचुप तरीके से अवैध रूप से नियुक्तियां जैसे मुद्दे हैं। यह सभी पार्टियों के लिए बड़ा मुद्दा है, लेकिन यूडीएफ इसे एलडीएफ सरकार की नाकामी बताकर उठा रही है। इसके अलावा बीजेपी समर्थक थर्ड फ्रंट एक ऐसा मुद्दा उठा रही है जो पार्टियों को छोटा लग रहा था। वह अचानक बड़ा बन गया और वह है जानवरों से खेती की बर्बादी। बताया जा रहा है और वहां चित्रों से भी प्रतीत होता है कि वायनाड जिले का वडक्कनाड में किसानों ने घर छोड़ दिए। गांव में अधिकतर घर टूटी-फूटी हालत में खाली पड़े हैं, चूंकि वहां के रहने वाले किसानों का कहना है कि जब फसल कटने का समय आता है तो हाथी व अन्य जंगली जानवर सब बर्बाद कर देते हैं। यह कहानी वर्षों से चल रही है जिस बारे में कई बार राज्य सरकार को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन उस पर किसी भी प्रकार की मदद नहीं मिली, इससे वहां के लोगों बहुत आक्रोश है। इसके अलावा भी कई ऐसे छोटे-छोटे मुद्दे हैं, जो अब बड़े बनते जा रहे हैं। इसके अलावा राज्य की वृद्ध आबादी 16.5 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है, जो देश में सबसे अधिक है और वरिष्ठ नागरिक एक प्रभावशाली मतदाता वर्ग बन गए हैं। इसकी नकारात्मकता यह है कि केरल से युवाओं का पलायन लगातार जारी है। यदि लड़कियों की बात करें तो केरल से देश से सबसे ज्यादा नर्सें बनती हैं और देश व दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में चली जाती है। वहीं लड़कों की बात करें तो यहां नौकरी व उतना रोजगार नहीं है जिसकी वजह से वो भी यहां से पलायन कर जाते हैं। कुल मिलाकर राज्य ने अपने अंदर ऐसा कुछ नहीं समाया हुआ, जिससे वह स्थानीय जनता को वहां रुकने का मौका मिले। बहरहाल, अब देखना यह होगा कि कौन सी पार्टी किन मुद्दों को जनता को समझाने या मनाने के लिए सार्थक सिद्ध होती है। चूंकि कई बार बड़े मुद्दों से ज्यादा छोटे मुद्दे कारगर साबित हो जाते हैं। अब देखना यह है कि पिनाराई विजयन अपने किला बचा पाते हैं या कांग्रेस पुनः अपने आप को स्थापित करती है।

# तमिल चुनाव में देखने को मिलेगा विजय का प्रभाव



त्रिकोणीय

योगेंद्र माथुर

स्वतंत्र पत्रकार

पांच राज्यों के चुनाव के महासमर में सीटों के लिहाज से दूसरे सबसे बड़े राज्य तमिलनाडु में 23 अप्रैल को मतदाता अपना मत डालेंगे। राज्य में कुल 234 सीटों पर चुनाव होना है और सभी पार्टियां अपनी कमर कस कर मैदान में आ जुटी हैं। तमिलनाडु एक समृद्ध व प्रगतिशील राज्य है और यहां के मतदाता अन्य चार राज्यों की अपेक्षा अधिक शिक्षित व बुद्धजीवी माने जाते हैं। यहां सामान्यतः शांतिपूर्ण चुनाव होते रहे हैं। तमिलनाडु की राजनीति परम्परागत रूप से क्षेत्रीय दलों के इर्द-गिर्द घूमती रही है। मुख्यतः यहां द्रमुक व अन्नाद्रमुक के बीच मुख्य मुकाबला होता रहा है। इस बार अभिनेता से राजनेता बने विजय ने चुनाव को त्रिकोणीय मुकाबले में बदल दिया है। राज्य की राजनीति में विजय के तेजी से उभार व उनके नई पार्टी के साथ मैदान में उतरने से यहां का चुनाव अधिक दिलचस्प हो गया है। अभिनेता विजय की पार्टी तमिलगा वेट्री कषगम ( टीवीके ) राज्य की सभी 234 सीटों पर चुनाव चुनाव मैदान में उतरी है। दूसरी ओर, गहन पुनरीक्षण की अंतिम सूची आने के बाद भी यहां का राजनीतिक परिदृश्य काफी बदला हुआ नजर आने की संभावना है। एसआईआर में तमिलनाडु में सबसे अधिक नाम कटे हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में राज्य में कुल 6.6 करोड़ मतदाताओं ने मतदान किया था। पुनरीक्षण में 74 लाख से अधिक मतदाताओं के नाम कटने के बाद अब 5.7 करोड़ मतदाता इस चुनाव में अपने मत का उपयोग कर सकेंगे। मतदाताओं की संख्या के इस बदलाव का प्रभाव राज्य की विधानसभा सीटों के समीकरण पर भी देखने को मिल सकता है। राजनीतिक दलों को समीकरण बदलाव की इन संभावनाओं के दृष्टिगत अपनी रणनीति तय करनी होगी। वर्तमान में राज्य में एमके स्टालिन के नेतृत्व में 8 पार्टियों के द्रमुक गठबंधन की सरकार सत्ता में है। परंपरागत रूप से उसका मुकाबला अपनी मुख्य प्रतिद्वंद्वी पार्टी अन्नाद्रमुक से ही है, लेकिन अभिनेता विजय की पार्टी टीवीके के मैदान में आने से मुकाबला रोचक बन गया है। पिछले विधानसभा चुनाव में द्रमुक गठबंधन को कुल 159 सीटें मिली थीं और अन्नाद्रमुक गठबंधन को 75 सीटों के साथ विपक्ष में बैठना पड़ा था। इस चुनाव में द्रमुक को कांग्रेस व अन्य पार्टियों के गठबंधन के साथ विगत चुनाव के नतीजे दोहराने और सत्ता में वापसी की आस है। वहीं, अन्नाद्रमुक भाजपा व अन्य पार्टियो के गठबंधन के साथ सत्ता में वापसी के पुरजोर प्रयास कर रही है। अन्नाद्रमुक के प्रमुख नेता पनीर सेल्वम को तोड़कर द्रमुक में शामिल करने के बाद एम के स्टालिन का उत्साह बढ़ा हुआ नजर आ रहा है और वे सत्ता में वापसी को लेकर आश्वस्त हैं। लेकिन यह भी एक तथ्य है कि 1971 के बाद से द्रमुक की लगातार दूसरी बार सत्ता में वापसी नहीं हुई है। मुकाबले में अन्नाद्रमुक अपेक्षाकृत कमजोर दिख रही है। पार्टी प्रमुख जयललिता के निधन के बाद पार्टी में बिखराव व असंतोष की लहर पार्टी के चुनावी नतीजों को प्रभावित कर सकती है। पार्टी के प्रमुख नेता पनीर सेल्वम के द्रमुक में जाने के बाद जयललिता की सहयोगी रहीं शशिकला के अलग पार्टी बना लेने से अन्नाद्रमुक के प्रमुख नेता ई.पलानीस्वामी के माथे पर चिंता की लकीरें बढ़ गई हैं। इस चुनाव में अन्नाद्रमुक के साथ गठबंधन में भाजपा प्रमुख पार्टी है, जो विगत लंबे अरसे से दक्षिण में पैठ बनाने की जद्दोजहद कर रही है, लेकिन उसका अपेक्षित जनाधार बढ़ता दिख नहीं रहा है। 2001 में भाजपा ने करुणानिधि के नेतृत्व में द्रमुक के साथ राज्य विधानसभा का चुनाव लड़ा था और 4 सीटें जीते थीं। विगत 2021 के चुनाव में भी भाजपा 4 सीटों पर ही सीमित रही। हाल के वर्षों में भाजपा की आक्रामक राजनीति के चलते इस बार उसका जनाधार बढ़ने की संभावना व्यक्त की जा रही है। इसका अप्रत्यक्ष लाभ जरूर अन्नाद्रमुक गठबंधन को मिल सकता है। ऐसे में विजय की पार्टी के प्रदर्शन पर राजनीतिक विश्लेषकों का ध्यान केंद्रित हो गया है। आरंभिक ओपिनियन पोल के नतीजों को मानें तो टीवीके का प्रभाव राज्य के दक्षिणी भाग में अधिक देखने को मिल रहा है। दूसरी ओर युवाओं में भी विजय खासा प्रभाव डालने में सफल होते दिख रहे हैं। चुनावी विश्लेषकों के एक वर्ग के अनुसार विजय की पार्टी सत्ता विरोधी मतों का विभाजन कर अन्नाद्रमुक को नुकसान पहुंचाएगी। वहीं, एक बड़ा वर्ग यह मानता है कि विजय के ईसाई समुदाय का होने से स्टालिन की परेशानियां बढ़ेंगी। बहरहाल चुनाव के नतीजे कुछ भी रहें, सरकार में विजय की पार्टी का हस्तक्षेप व प्रभाव बढ़ना तय है।

> ***इस चुनाव में द्रमुक को कांग्रेस व अन्य पार्टियों के गठबंधन के साथ विगत चुनाव के नतीजे दोहराने और सत्ता में वापसी की आस है। वहीं, अन्नाद्रमुक भाजपा व अन्य पार्टियों के गठबंधन के साथ सत्ता में वापसी के पुरजोर प्रयास कर रही है।***

# द्रविड़ राजनीति के अभेद्य किले में भाजपा की सेंध पर संशय



चुनौती

रवि शंकर

स्वतंत्र स्तंभकार

तमिलनाडु चुनाव की तारीख जैसे-जैसे नजदीक आ रही है, राज्य में चुनावी हलचल तेज हो गई है। तमिलनाडु की 234 विधानसभा सीटों के लिए 23 अप्रैल को होने वाले चुनाव में बीजेपी 27 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। अन्नाद्रमुक के साथ गठबंधन में बीजेपी का कद बढ़ा है, लेकिन क्या द्रविड़ राजनीति के अभेद्य किले में सेंध लगा पाएगी 'भगवा' ब्रिगेड? सबसे बड़ा सवाल यही है। तमिलनाडु की राजनीति हमेशा से 'द्रविड़ियन मॉडल' और क्षेत्रीय पहचान के इर्द-गिर्द घूमती रही है। 2026 के नतीजे एक नया राजनीतिक सरप्राइज और अप्रत्याशित मोड़ ला सकते हैं। लगभग छह करोड़ वोटर नए प्रतिनिधियों का चुनाव करेंगे। 21 राजनीतिक पार्टियों ने करीब 2,200 उम्मीदवार उतारे हैं। कई तरह के समीकरण, नया जनादेश और नए चेहरे पांच मई से अगले पांच साल के लिए विधायक बनेंगे। पिछले 70 साल से राज्य में बारी-बारी से डीएमके या एआईएडीएमके की सरकार बनती रही है। अबकि पहली बार डीएमके 234 में से 164 सीटों पर चुनाव लड़ रही है, जबकि एआईएडीएमके ने 167 उम्मीदवार उतारे हैं। क्या यह सहयोगियों को ज्यादा सीट देने का संकेत है, या फिर उनके प्रभाव में कमजोरी दिखाता है? दोनों द्रविड़ पार्टियों के गठबंधन में एक-एक राष्ट्रीय पार्टी शामिल है। दोनों ने अपनी नजर में 'कमजोर' सीटें सहयोगियों को दी हैं-डीएमके ने कांग्रेस को 28 सीटें दी हैं, जबकि एआईएडीएमके ने बीजेपी को 27 सीटें दी हैं। इससे भी त्रिशंकु विधानसभा की संभावना का संकेत मिलता है। बहरहाल, राज्य में बीजेपी के लिए चुनौती अलग तरह है। यहां दशकों से डीएमके और एआईएडीएमके का वर्चस्व रहा है। ऐसे में बीजेपी को 'बाहरी पार्टी' की छवि से बाहर निकलना सबसे बड़ा टास्क है। हालांकि पार्टी धीरे-धीरे अपने आधार को बढ़ाने की कोशिश में जुटी है। पूर्व आईपीएस अधिकारी के अन्नामलाई के नेतृत्व में पार्टी ने आक्रामक रणनीति अपनाई है। उनकी 'एन मन, एन मक्कल' यात्रा ने बीजेपी को गांव-गांव तक पहुंचाया। 2024 लोकसभा चुनाव में सीट नहीं जीत पाने के बावजूद



> **यहां दशकों से डीएमके और एआईएडीएमके का वर्चस्व रहा है। ऐसे में बीजेपी को 'बाहरी पार्टी' की छवि से बाहर निकलना सबसे बड़ा टास्क माना जा रहा है।**

बीजेपी का वोट शेयर 11.2 फीसदी तक पहुंच गया, जो पहले 2.6 फीसदी था। अब 2026 में एआईएडीएमके के साथ गठबंधन कर बीजेपी खुद को एक मजबूत विकल्प के तौर पर स्थापित करना चाहती है। 2021 के चुनाव में बीजेपी ने केवल 20 सीटों पर चुनाव लड़ा था और चार पर जीत दर्ज की थी, लेकिन इस बार पार्टी 27 सीटों पर अपना पूरा दम दिखाने को तैयार है। यहां बीजेपी का प्रदर्शन दक्षिण भारतीय राज्यों में उसकी नई तस्वीर पेश कर सकती है। पिछले दो चुनावों के आंकड़े देखें तो बीजेपी नेतृत्व वाली एनडीए और डीएमके नेतृत्व सेक्युलर प्रोग्रेसिव अलायंस के बीच पांच से छह फीसदी वोटों का अंतर रहा। अब एनडीए नए-नए जाति समूहों और संगठनों को पाले में लाकर वोटों के इस अंतर को खत्म करने में जुटा है। राज्य की राजनीति में वन्नियार, थेवर, दलित और ओबीसी समुदायों का बड़ा प्रभाव है। बीजेपी इन समुदायों के बीच पैठ बनाने के लिए सामाजिक अभियानों, स्थानीय नेताओं को आगे लाने और केंद्र सरकार की योजनाओं को प्रचारित करने पर जोर दे रही है। 2024 के लोकसभा चुनाव में एआइएडीएमके से गठबंधन टूट जाने पर अकेले लड़ने वाली बीजेपी 18.28 फीसदी वोट हासिल करने में सफल रही। बीजेपी को 79 लाख से ज्यादा वोट मिले। इससे पूर्व 2021 के विधानसभा चुनाव में कुल 234 सीटों में से सत्ताधारी डीएमके गठबंधन को 159 सीटें तो भाजपा-एआइएडीएमके को 75 सीटें मिलीं थीं। 2024 के लोकसभा चुनाव में अगर बीजेपी और एआईएडीएमके का वोट शेयर मिला दें तो 41.33 फीसदी वोट होता है, जबकि सत्ताधारी डीएमके नेतृत्व इंडिया गठबंधन सिर्फ पांच फीसदी अधिक 46.97 फीसदी वोट हासिल कर सभी 39 लोकसभा सीटें जीतने में सफल रहा था। रणनीतिकारों का मानना है कि अगर 2024 का लोकसभा चुनाव दोनों दलों ने मिलकर लड़ा होता तो 12 सीटों पर संभावनाएं बन सकती थीं। एआईएडीएमके को 23 फीसदी और बीजेपी को 18 फीसदी वोट मिले थे। कुल मिलाकर, तमिलनाडु इस बार ऐसे चुनावी रण में उतर चुका है, जहां कई ताकतें, टूटते समीकरण और नए नैरेटिव एक साथ टकरा रहे हैं। यह चुनाव न सिर्फ राज्य की राजनीति का भविष्य तय करेगा, बल्कि यह भी बताएगा कि क्या पारंपरिक द्रविड़ राजनीति का दबदबा बरकरार रहेगा या कोई नई ताकत उभरकर सामने आएगी।

# तृणमूल संग सीधी स्पर्धा में भाजपा का पलड़ा भारी



दृष्टिकोण

विकेश कुमार बडोला

स्वतंत्र पत्रकार

पश्चिम बंगाल की राजनीति में आजकल बड़ा मुद्दा यही है कि क्या ममता का दुर्ग दरक रहा है? राज्य की राजनीतिक स्थिति वर्तमान में एक ऐसे मोड़ पर है, जहां सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की बौखलाहट केवल राजनीति से प्रेरित बयानबाजी नहीं, बल्कि गहरे जमीनी बदलावों का संकेत दे रही है। 2011 में परिवर्तन का नारा देकर वामपंथ के अभेद्य किले को ढहाने वाली ममता आज स्वयं वैसी ही घेराबंदी का सामना कर रही हैं, जैसी उन्होंने कभी बुद्धदेव भट्टाचार्य के विरुद्ध की थी।

यदि 2016 से लेकर 2021 तक के चुनावी आंकड़ों का विश्लेषण करें तो तृणमूल के प्रति मूल बंगालियों में अविश्वास उत्पन्न हुआ है। 2014 के लोकसभा चुनावों के बाद से बंगाल के चुनावी परिदृश्य में एक बड़ा बदलाव आया है। जहां पहले स्पर्द्धा वामपंथ और तृणमूल के बीच थी, वहां अब वामपंथ का स्थान भाजपा ने ले लिया है। आंकड़ों को देखें तो 2016 के विधानसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस ने 44.91 प्रतिशत मतों के साथ 211 सीटें जीती थीं, जबकि भाजपा मात्र 10.16 प्रतिशत वोट और 3 सीटों पर सिमट गई थी। उस समय वाम मोर्चा और कांग्रेस के गठबंधन को लगभग 32 प्रतिशत मत प्राप्त हुए थे। हालांकि, 2021 के विधानसभा चुनाव तक आते-आते स्थिति पूरी तरह बदल गई। तृणमूल ने 47.94 प्रतिशत मतों के साथ 215 सीटें हासिल कीं, लेकिन भाजपा का मत प्रतिशत 10 से बढ़कर सीधे 38.13 प्रतिशत पर पहुंच गया और उसकी सीटों की संख्या 3 से बढ़कर 77 हो गई। आश्चर्य ये रहा कि वाम मोर्चा और कांग्रेस का गठबंधन मात्र 10 प्रतिशत मतों और 1 सीट पर सिमट कर रह गया। इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि भाजपा अब राज्य में कोई अस्थायी लहर नहीं बल्कि एक स्थायी और शक्तिशाली विपक्ष बन चुकी है। बंगाल की राजनीति में अवैध घुसपैठिए और मुस्लिम वोट बैंक हमेशा से निर्णायक कारक रहे हैं। राज्य की लगभग 27 से 30 प्रतिशत मुस्लिम आबादी पर तृणमूल का गहरा प्रभाव रहा है। हालांकि, निर्वाचन आयोग द्वारा किए जा रहे कड़े मतदाता पुनरीक्षण ने तृणमूल की रणनीतियों को प्रभावित किया



> **बंगाल की राजनीति में अवैध घुसपैठिए और मुस्लिम वोट बैंक हमेशा से निर्णायक कारक रहे हैं। लगभग 27 से 30 प्रतिशत मुस्लिम आबादी पर तृणमूल का गहरा प्रभाव रहा है।**

है। निर्वाचन सूचियों से फर्जी और दोहरी प्रविष्टियों का हटना ममता बनर्जी के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। विशेषकर सीमावर्ती जिलों जैसे उत्तर और दक्षिण 24 परगना, मालदा और मुर्शिदाबाद में यदि अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों के नाम सूचियों से हटते हैं, तो इसका सीधा असर तृणमूल के सुरक्षित वोट बैंक पर पड़ेगा। हाल के वर्षों में भारतीय सेक्युलर फ्रंट के उभार और मुस्लिम समुदाय के भीतर बढ़ते असंतोष ने यह संकेत दिया है कि यह वोट बैंक अब विभाजित हो सकता है। यदि मुस्लिम मतों में 5 से 7 प्रतिशत की भी गिरावट आती है, तो दर्जनों विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा को सीधा लाभ मिल सकता है। 2021 के चुनावों में ऐसी लगभग 50 सीटें थीं, जहां जीत का अंतर बेहद कम था। वहां मतदाता सूची की शुद्धता भाजपा के पक्ष में फलीभूत हो सकती है। ममता की बौखलाहट के पीछे अनेक कारण हैं। मुख्यमंत्री की हालिया आक्रामक बयानबाजी उनके राजनीतिक आधार के खिसकने की घबराहट को दर्शाती है। शिक्षक भर्ती घोटाला, राशन घोटाला और संदेश खाली जैसी घटनाओं ने सरकार की छवि को गहरा धक्का पहुंचाया है। साथ ही, आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज की घटना ने ममता के सबसे मजबूत वोट बैंक यानी महिला मतदाताओं के बीच एक अविश्वास पैदा किया है। प्रशासनिक पकड़ का ढीला होना और स्थानीय स्तर पर सत्ता विरोधी लहर का प्रबल होना तृणमूल के लिए खतरे की घंटी है। आगामी चुनाव में बहुसंख्यक हिंदुओं तथा मूल बंगालियों की पहली पसंद भाजपा ही होगी, इसमें संदेह नहीं है, किंतु सत्तारूढ़ होने की स्थिति में भाजपा को इस सीमावर्ती प्रांत में एक सशक्त, दृढ़निश्चयी तथा कठोर निर्णय लेने वाला नेता बैठाना होगा। बंगाल में भाजपा के लिए यह एक सुनहरा अवसर है, लेकिन इसके लिए पार्टी को एक सशक्त और निर्णायक नेतृत्व की आवश्यकता है। आगामी दिनों में पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, असम और पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव होने हैं। यदि इन राज्यों में भाजपा की राजनीतिक स्थिति का आकलन करें तो केवल असम में ही वो पूर्ण बहुमत के साथ शासन में है, जहां हिमंत बिस्वा सरमा मुख्यमंत्री हैं। केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में भाजपा सत्तारूढ़ गठबंधन एआईएनआरसी के साथ शासन में भागीदार है। शेष तीन राज्यों क्रमशः पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरल में विपक्ष की सरकारें हैं। बंगाल तो भाजपा के लिए अनुकूल प्रतीत होता है, किंतु तमिलनाडु और केरल में स्थितियां अभी भी प्रतिकूल ही हैं।

## संक्षेप

### देर रात मौसम बदला, कई जगह बारिश

**तेज हवाओं के साथ बिजली की चमक ने लोगों को डराया**

अमेठी , देर रात मौसम ने अचानक करवट ली। तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश हुई, जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई। बिजली की चमक ने लोगों को चौंकाया। जिले के कई इलाकों में आधे घंटे तक हल्की बारिश हुई।इस बारिश से भीषण गर्मी से जूझ रहे लोगों को काफी राहत मिली है।हवाओं के चलने से ठंडक का एहसास होने लगा है। मुसाफिरखाना, बाजार शूकुल, गौरीगंज और अमेठी तहसील क्षेत्र में बारिश दर्ज की गई। दरअसल, अमेठी में पिछले तीन दिनों से मौसम में लगातार उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है।शुक्रवार दोपहर को तेज आंधियां चली थीं, जबकि शनिवार का दिन सामान्य रहा था। शनिवार देर रात अचानक मौसम में यह बदलाव आया। फिलहाल जिले में धूप निकली हुई है, लेकिन मौसम विभाग ने आगे भी बारिश और आंधी की चेतावनी जारी की है। वर्तमान में तापमान 24 डिग्री सेल्सियस है और हवाएं 11 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही हैं। आगे भी बारिश होने का अनुमान है।

### स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ

**बच्चों को बैग-किताबें बांटी गईं, सीएम योगी के कार्यक्रम का प्रसारण**

अमेठी , स्कूल चलो अभियान शैक्षिक सत्र 2026-27 का शुभारंभ किया गया।यह कार्यक्रम वाराणसी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आयोजित मुख्य समारोह के सजीव प्रसारण के साथ विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार में संपन्न हुआ। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।उनके साथ जिलाधिकारी संजय चौहान, मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद थे।बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और अधिकारियों ने कार्यक्रम में सहभागिता की। सजीव प्रसारण के बाद जिलाधिकारी संजय चौहान ने प्राथमिक विद्यालय माधवपुर में नामांकित नए छात्र-छात्राओं का स्वागत किया। इस दौरान बच्चों को स्कूल बैग और स्टेशनरी वितरित की गई। विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों को प्रतीकात्मक रूप से निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें भी प्रदान की गईं, ताकि शिक्षा संसाधनों के अभाव में बाधित न हो। इस कार्यक्रम में बेसिक शिक्षा विभाग की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और नामांकन अभियान में सराहनीय योगदान देने वाले 11 शिक्षकों को जिलाधिकारी द्वारा प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस सम्मान से शिक्षकों का उत्साहवर्धन हुआ। जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि ने अपने संबोधन में 'स्कूल चलो अभियान' को प्रदेश सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल बताया।उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य प्रत्येक बच्चे को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना है।क्योंकि शिक्षा ही समाज के विकास का आधार है।उन्होंने अभिभावकों से अपने बच्चों का नामांकन परिषदीय विद्यालयों में कराने और उन्हें नियमित रूप से स्कूल भेजने की अपील की।

# महासंघ का दो दिवसीय कार्यकर्ता अभ्यास वर्ग सम्पन्न

## कार्यकताओं को कर्तव्य भाव से कार्य करना चाहिए: श्रीराम

अमन लेखनी समाचार




बाबागंज, बहराइच। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश के कानपुर और अवध प्रांत का दो दिवसीय कार्यकर्ता अभ्यास वर्ग 4 व 5 अप्रैल को परितोष इंटरनेशनल स्कूल, नौबस्ता कानपुर में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में 19 जिलों के 231 प्रतिभागी सम्मिलित हुए। जनपद बहराइच से दर्जनों प्रतिभागी रहे। अभ्यास वर्ग के प्रथम दिवस पर भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि भारतीय संस्कृति, ज्ञान और दर्शन से बच्चों को परिचित कराना शिक्षकों का प्रमुख दायित्व है। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के उपाध्यक्ष महेंद्र कुमार ने कहा कि संगठन के विचार को बढ़ाना और फैलाना ही प्रत्येक पदाधिकारी का दायित्व है। जिले के शीर्ष पदाधिकारी अपने जिले के कार्यकताओं की प्रतिभाओं को परखें और उन्हें उस दिशा में आगे बढ़ाएं। प्रदेश महामंत्री प्राथमिक संवर्ग प्रदीप तिवारी ने कहा कि जनपद का हर शिक्षक उनके परिवार का सदस्य है। शिक्षकों की समस्या उनकी व्यक्तिगत समस्या है और इसके लिए हर स्तर की लड़ाई लड़ेंगे। अभ्यास वर्ग दूसरे दिन राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के कानपुर प्रांत प्रचारक श्रीराम जी का पंच परिवर्तन विषय पर पाथेय प्राप्त हुआ। उन्होंने कार्यकर्ता निर्माण व व्यक्तित्व विकास पर चर्चा की और कार्यकताओं को कर्तव्य भाव से कार्य करने पर बल दिया।प्रदेश महामंत्री जोगेंद्र पाल सिंह ने हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान अभियान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जब शिक्षक व विद्यार्थी विद्यालय को तीर्थ मानते हैं तो उनका उनका विद्यालय के प्रति भाव बदल जाता है। समापन सत्र में प्रदेश प्रभारी और अखिल भारतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेंद्र कुमार ने कहा कि टेट अनिवार्यता विषय में शिक्षकों को धैर्य रखना चाहिए। एबीआरएसएम इस हेतु निरंतर प्रयासरत है और संगठन को पूर्ण विश्वास है कि शिक्षकों को टीईटी से मुक्ति मिलेगी। इसके अलावा विशिष्ट बीटीसी-2004 सहित अन्य बैच जो पुरानी पेंशन के दायरे में आ रहे हैं उनको पुरानी पेंशन, पदोन्नति पर 17140/18150 वेतनमान, शत प्रतिशत शिक्षकों को प्रोन्नत वेतनमान दिलाना संगठन की प्राथमिकता में है। इस अवसर पर पीपीएन पीजी कॉलेज कानपुर के प्राचार्य डॉ. अनूप सिंह, प्रदेशीय कोषाध्यक्ष नीलमणि शुक्ला सहित बहराइच जिलाध्यक्ष आनन्द मोहन मिश्र के नेतृत्व में जिला महामंत्री उमेश त्रिपाठी,जिला कोषाध्यक्ष सगीर अंसारी,अरुण कुमार अवस्थी, आसिफ खान,चन्द्रेश कुमार राजभर, धनंजय कुमार पाण्डेय, विनोद कुमार त्रिपाठी,सजल मिश्र, लोकेश श्रीवास्तव,डीडी पटेल,जितेन्द्र नाथ पाठक,अमित कुमार पाण्डेय,धर्मेन्द्र सिंह राठौर,बर्जीलियस सिंह,विजय नरेश, विवेक राजपाल ने अभ्यास वर्ग में प्रतिभाग किया।

# एसएसबी ने विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर निःशुल्क चिकित्सा शिविर किया आयोजित

अमन लेखनी समाचार




रूपईडीहा, बहराइच। विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर मंगलवार को 42वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के प्रांगण में एक व्यापक एवं सुव्यवस्थित निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य वाहिनी में तैनात कार्मिकों तथा उनके आश्रितों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना रहा।शिविर में जनपद के विभिन्न प्रतिष्ठित चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। राजकीय मेडिकल कॉलेज बहराइच से स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रश्मि वर्मा ने महिलाओं से संबंधित समस्याओं की जांच कर आवश्यक परामर्श दिया।वहीं बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. आर. कुरेल ने बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं।दंत चिकित्सक डॉ. सुधीर चौधरी (चौधरी डेंटल क्लिनिक, नानपारा) ने दंत स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया, जबकि डॉ. संतोष यादव (सीएचसी नानपारा) ने सामान्य बीमारियों से बचाव के उपाय बताए।चिकित्सा शिविर में सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण, रक्तचाप एवं शुगर की जांच, महिला रोग, बाल रोग तथा दंत रोग से संबंधित परीक्षण किए गए। चिकित्सकों ने मरीजों को उनकी स्वास्थ्य स्थिति के अनुसार परामर्श दिया और आवश्यक दवाइयों का निःशुल्क वितरण भी किया।शिविर में बड़ी संख्या में एसएसबी के कार्मिकों एवं उनके परिवारजनों ने भाग लेकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। कार्यक्रम के अंत में सभी चिकित्सकों एवं सहयोगी स्टाफ के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनके योगदान की सराहना की गई।

इस सफल आयोजन ने यह संदेश दिया कि सामूहिक प्रयासों से स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाया जा सकता है।साथ ही भविष्य में भी इस प्रकार के चिकित्सा शिविरों के आयोजन की प्रतिबद्धता जताई।

# विश्व स्वास्थ्य दिवस पर निकली जागरूकता रैली, बच्चों को दिया स्वास्थ्य का संदेश

अमन लेखनी समाचार

संतोष मिश्रा



बहराइच। विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर डॉ. सर्वेश कुमार शुक्ला ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, सबलापुर के नर्सिंग विभाग द्वारा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली कॉलेज परिसर से शुरू होकर चेतरा गांव तक पहुंची, जिसमें नर्सिंग छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रैली के दौरान विद्यार्थियों ने ह्लस्वस्थ शरीर, स्वस्थ जीवनह्व और ह्लस्वच्छता अपनाओ, बीमारी भगाओह्व जैसे नारों के माध्यम से ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। उन्होंने लोगों को साफ-सफाई, संतुलित आहार और नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

चेतरा संविलियन विद्यालय में पहुंचकर छात्र-छात्राओं ने वहां अध्ययनरत बच्चों का वजन मापकर उनके स्वास्थ्य का आकलन किया। साथ ही बच्चों को पौष्टिक आहार वितरित कर उन्हें स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित किया गया। नर्सिंग प्राचार्या डॉ. के. रोजा रानी ने ग्रामीणों व बच्चों को विश्व स्वास्थ्य दिवस के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए जागरूकता और नियमित देखभाल बेहद आवश्यक है।

# कतर्नियाघाट में बाघ के हमले में बालक की हालत गम्भीर, मेडिकल कालेज रिफर

**लगातार हो रहे वन्यजीवों के हमले से ग्रामीण परेशान**

अमन लेखनी समाचार /मिथिलेश जायसवाल



मोतीपुर, बहराइच।कतर्नियाघाट जंगल क्षेत्र में एक बाघ ने मासूम बालक पर हमला कर लहू लुहान कर दिया है बालक की हालत काफी नाजुक बनी हुई है।बाघ के हमले से जहां बालक गंभीर रूप से घायल हुआ है जिसे मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है वहीं आसपास के ग्रामीणों में दहशत का माहौल है ग्रामीण खेतों में लगी फसल की निगरानी करने व गेहूं की कटाई करने के लिए घर से निकलने में खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।ग्रामीणों का आरोप है कि वन्यजीवों का लगातार हमला हो रहा है और वन विभाग आम आदमी की सुरक्षा करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है वन विभाग के प्रति ग्रामीणों में काफी आक्रोश देखने को मिल रहा है। कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के मोतीपुर वन रेंज अन्तर्गत ग्राम पंचायत कतर्निया पुरवा के मजरा टांडपुरवा गांव के पास बहने वाले नाले के किनारे लगे पेड़ के नीचे बच्चे खेल रहे थे कि अचानक पंहुचे बाघ ने राजाबाबू दस वर्ष पुत्र कमला प्रसाद के सिर पर हमलाकर दिया और चेहरे को जबड़े में दबोच कर नाले के किनारे झाड़ी में ले जाने लगा यह देख बच्चे चिल्लाने लगे जिसपर पेड़ के नीचे दूसरी तरफ मौजूद ग्रामीण डंडा लेकर दौड़े जिसपर बाघ राजाबाबू को छोड़कर झाड़ियों में छिप गया ।जब ग्रामीण घायल राजाबाबू को उठाने लगे तो दहाड़ लगाते हुए बाघ दौड़ पड़ा काफी कोशिश के बाद घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिहींपुरवा मोतीपुर पंहुचाया गया जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद सिर मे गम्भीर जख़्म तथा एक आँख पूरी तरह छतिग्रस्त होने के कारण मेडिकल कालेज रिफर कर दिया गया है ।ग्रामीणों ने बताया कि बाघ झाड़ी से दहाड़ लगा रहा है ।वन क्षेत्राधिकारी मोतीपुर एसके तिवारी ने बताया कि हमले की सूचना मिली है वन टीम को मौके पर भेजा गया है। उन्होंने बताया कि स्पष्ट नहीं हो पाया है कि हमला बाघ का है या तेंदुए का पग चिह्नों के आधार पर पुष्टि की जा रही है, पीड़ित परिवार को दस हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई है और पीड़ित परिवार से लगातार संपर्क बना हुआ है ।आपको बताते चलें इस समय किसानों के खेतों में गेहूं चना मटर व मसूर की लगी हुई फसल की कटाई चल रही है घर के छोटे-बड़े बुजुर्ग सब खेतों में काम कर रहे हैं इसी बीच हुए बाघ के हमले से ग्रामीणों में दहशत पैदा हो गई है लोग अपनी फसल काटने में भी कतराने लगे हैं।

# फूस के मकान में लगी आग गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख

**नगदी जेवर कपड़े समेत ढाई लाख का हुआ नुकसान**

अमन लेखनी समाचार



मोतीपुर, बहराइच। तहसील मिहींपुरवा के अंतर्गत ग्राम पंचायत गायघाट के मजरा मक्का पुरवा में सूरज कुमार वाल्मीकि पुत्र मुन्नू वाल्मीकि फूस के मकान में रहते हैं। मंगलवार दोपहर अज्ञात कारणों से आग लग गई ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत कर किसी तरह आग पर काबू पाया लेकिन तब तक घर में रखा गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया। आग लगने से घर में रखी पच्चासी हजार रुपए की नगदी जेवर व कपड़े साइकिल सब स्वाहा हो गए। पीड़ित सूरज वाल्मीकि ने इसकी सूचना राजस्व विभाग को दी मौके पर क्षेत्रीय लेखपाल बृज लाल चौरसिया व ग्राम प्रधान वसी अहमद ने मुआइना कर रिपोर्ट तैयार की। पीड़ित सूरज वाल्मीकि ने बताया कि दोपहर में अज्ञात कारणों से लगी आग से घर में रखा सारा सामान व घर पूरी तरह से जलकर राख हो गया है।जिसमें नगदी जेवर व कपड़े साइकिल कुल मिलाकर लगभग ढाई लाख रुपए से अधिक का नुकसान हुआ है। आग लगने के बाद से पीड़ित परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर है।

# विश्व स्वास्थ्य दिवस पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन, विद्यार्थियों ने किया जनजागरूकता का प्रयास

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर डॉ. सर्वेश कुमार शुक्ला आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने विभिन्न रचनात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने का सराहनीय प्रयास किया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा भाषण (Speech), पोस्टर प्रेजेंटेशन तथा नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया।इन प्रस्तुतियों के माध्यम से उन्होंने आमजन को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, स्वच्छता बनाए रखने तथा आयुर्वेद के महत्व को समझाने का संदेश दिया। नुक्कड़ नाटक विशेष आकर्षण का केंद्र रहा, जिसमें दैनिक जीवन में स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही के दुष्परिणामों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सतीश चंद्र तिवारी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ह्लस्वास्थ्य ही जीवन का सबसे बड़ा धन है, और इसे बनाए रखने के लिए जागरूकता अत्यंत आवश्यक है।साथ ही डॉ. निशा शर्मा एवं डॉ पवन वर्मा ने भी अपने संबोधन में स्वस्थ जीवनशैली, संतुलित आहार एवं नियमित दिनचर्या के महत्व पर प्रकाश डाला और विद्यार्थियों को अपने दैनिक जीवन में इन सिद्धांतों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में डॉ. मनीष कुमार शर्मा, डॉ. देवेश तिवारी, डॉ. मुकेश माहिच, डॉ. चंद्रशेखर, डॉ. प्रियंका शर्मा, डॉ. शालू गुप्ता, डॉ. इरफान, डॉ. निधि पोरवाल, संजय गौतम एवं जे.पी. शुक्ला सहित समस्त संकाय सदस्य एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन सभी के सामूहिक संकल्प के साथ हुआ कि वे समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए निरंतर प्रयास करते रहेंगे।

# मंदिर परिसर में लगा आयुष्मान शिविर, ग्रामीणों की उमड़ी भीड़

**26 लोगों के बने कार्ड, योजना की जानकारी देकर किया गया जागरूक**

अमन लेखनी समाचार



बाबागंज, बहराइच। क्षेत्र में भाजपा मंडल महामंत्री योगेश पाण्डेय के आवास स्थित मंदिर परिसर में आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीणों ने पहुंचकर लाभ उठाया ।इस दौरान आशीष यादव द्वारा कुल 26 आयुष्मान कार्ड बनाए गए। शिविर में लोगों को आयुष्मान भारत योजना के तहत मिलने वाली पांच लाख रुपये तक की मुफ्त इलाज सुविधा के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई ।शिविर में मौजूद लोगों को पात्रता, आवश्यक दस्तावेज और पंजीकरण प्रक्रिया के बारे में भी समझाया गया, जिससे अधिक से अधिक लोग योजना का लाभ ले सकें। कई ग्रामीणों ने मौके पर ही आवेदन कर प्रक्रिया पूरी कराई ।कार्यक्रम के दौरान पंकज पाण्डेय,नन्दे गुप्ता, नीलाम्बुज पाण्डेय,आशा रेखा देवी और उपमा पाठक सहित अन्य लोग मौजूद रहे। शिविर को लेकर ग्रामीणों में उत्साह देखने को मिला और लोगों ने ऐसे शिविरों के नियमित आयोजन की मांग भी की।

# कैसरगंज की बेटियों ने रचा इतिहास

**ओलिंपियाड में मारी बाजी, डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने लैपटॉप देकर किया सम्मानित**

अमन लेखनी समाचार / कैसरगंज, बहराइच

प्रतिभा किसी परिचय की मोहताज नहीं होती, और जब ग्रामीण अंचल की मेधा को सही मंच मिलता है, तो वह पूरे प्रदेश में अपनी चमक बिखेरती है।ऐसा ही कुछ कर दिखाया है कैसरगंज के कोणार्क पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने। प्रतिष्ठित 'हिंदुस्तान ओलिंपियाड' प्रतियोगी परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्कूल की छात्रा हिफजा फातिमा ने प्रथम स्थान और अक्षया शुक्ला ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर जनपद का मान बढ़ाया है। कैसरगंज जैसे क्षेत्र से निकलकर प्रदेश स्तर पर पहचान बनाने वाली इन छात्राओं की सफलता पर क्षेत्रवासियों और विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है।शिक्षकों का कहना है कि यह उपलब्धि हिफजा और अक्षया की कड़ी मेहनत, समर्पण और सही मार्गदर्शन का प्रतिफल है ।यह सम्मान न केवल इन बेटियों की सफलता का प्रतीक है, बल्कि उन हजारों विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बनेगा जो सीमित संसाधनों के बावजूद बड़े सपने देखते हैं।




# पार्वती पब्लिक स्कूल में परीक्षा फल एवं पुरस्कार वितरण समारोह धूमधाम से संपन्न

अमन लेखनी समाचार / मोहम्मद कौसर



रूपईडीहा, बहराइच। रुपईडीहा स्थित पार्वती पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा फल एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यार्थियों को उनके वार्षिक परीक्षा परिणाम के साथ रिपोर्ट कार्ड वितरित किए गए और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष राधेश मिश्रा एवं उपाध्यक्ष रामेंद्र मिश्रा उपस्थित रहे। अतिथियों ने मेधावी छात्रों को पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों में रोहित, आसमा बानो, राज, धर्मराज, हयात बानो, जैनब बानो, अभिनंदन वर्मा, आराध्या मिश्रा, तलाश, गुलफिशा बानो, गुलनाज और सूफी बानो शामिल रहे। द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में इरफान, हमीद, अहमद, वान्या मिश्रा, अफजल राय, रानी, आदर्श, नेहा केवट, हिमांशी वर्मा, अल्फिशा बानो, अस्मिता और रोशनी का नाम प्रमुख रहा। वहीं तृतीय स्थान पर किशन वर्मा, सोनाक्षी, सनी, राज सोनकर, विनय, संजना, मोहम्मद हसनैन, खुशबू, वीर सिंह, सभा और प्रवीण कुमार रहे, जिन्हें भी सम्मानित किया गया।इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ज्ञानेंद्र मिश्रा, उप प्रधानाध्यापिका मंदाकिनी मिश्रा सहित शिक्षकगण–पृथ्वीराज मिश्रा, ईश्वर सिंह, अमन मद्धेशिया, शायमा, आंचल, स्मृति मिश्रा, परमीत, आफरीन, अंजलि, आरती, जसप्रीत, तनु कौर, अनामिका पाठक, नेहा पंसारी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सभी अध्यापक-अध्यापिकाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाया। पूरे आयोजन को बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ संपन्न किया गया।

# कलेक्टर ने हैंडपंप मरम्मत कार्यों का निरीक्षण किया

**पेयजल व्यवस्थाओं का जायजा लिया, बंद हैंडपंप की मरम्मत के निर्देश दिए**

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ , जिला कलेक्टर शुभम चौधरी ने जिले में पेयजल व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने ग्राम पंचायत वीरावली, मंडावरा, जाजली, बेड़मा और अरनोद क्षेत्र का दौरा कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अरनोद के बेड़मा और नागदेड़ा में जल जीवन मिशन के कार्यों का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान, जिला कलेक्टर ने हैंडपंपों की कार्यशीलता, जल उपलब्धता और जल गुणवत्ता का मौके पर सत्यापन किया। उन्होंने चालू हैंडपंपों के पानी की फील्ड टेस्टिंग करवाकर गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही, बंद पड़े हैंडपंपों की प्राथमिकता से मरम्मत कर उन्हें शीघ्र चालू करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। जिला कलेक्टर ने ग्रीष्मकाल को ध्यान में रखते हुए पेयजल आपूर्ति को सुचारू बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने नियमित निगरानी, त्वरित मरम्मत और प्राप्त शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण पर विशेष जोर दिया, ताकि आमजन को निर्बाध पेयजल उपलब्ध हो सके। जिला कलेक्टर के निर्देशों के बाद, जिले के विभिन्न अधिकारियों ने भी अपने-अपने कार्यक्षेत्र में फील्ड निरीक्षण किया।

# धरियावद के दो बाल अपचारी हिरासत में

**महिला से चेन स्नैचिंग की कोशिश की थी, सीसीटीवी के आधार पर पकड़ा**

अमन लेखनी समाचार




प्रतापगढ़ , जिले के धरियावद में एक महिला से चेन छीनने के प्रयास के मामले में पुलिस ने दो बाल अपचारियों को हिरासत में लिया है। यह घटना 2 अप्रैल 2026 को हुई थी, जब महिला सब्जी खरीदकर अपने घर लौट रही थी।

### सीसीटीवी में कैद हुई घटना

धरियावद निवासी देवेंद्र जैन (50) ने 2026 को इस संबंध में थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।जैन ने बताया कि 2 अप्रैल 2026 की शाम करीब 6 बजे उनकी पत्नी कौशल्या देवी सब्जी लेकर घर आ रही थीं। तभी घर के मुख्य द्वार पर बाइक सवार दो अज्ञात युवकों ने उनके गले से चेन छीनने का प्रयास किया। कौशल्या देवी के चिल्लाने पर दोनों युवक मंगरीफला रोड की ओर फरार हो गए। देवेंद्र जैन ने बताया कि बाइक पर पीछे बैठे युवक ने, जिसने काले रंग की टी-शर्ट या शर्ट पहनी थी, चेन खींचने का प्रयास किया था। दोनों युवक हीरो कंपनी की स्प्लेंडर बाइक पर सवार थे।यह पूरी घटना घर के पास लगे सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई थी। गांधीनगर और धरियावद कस्बे में लगे सीसीटीवी फुटेज तथा गवाहों के बयानों के आधार पर पुलिस ने दो बाल अपचारियों को पकड़ा। पूछताछ करने पर दोनों बाल अपचारियों ने 2 अप्रैल 2026 की घटना को अंजाम देना स्वीकार कर लिया।इसके बाद उन्हें नियमानुसार हिरासत में ले लिया गया।

## संक्षेप

### एसपी ने 23 पुलिसकर्मियों का तबादला किया

**सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिए 13 दरोगा, 10 सिपाही बदले**

बागपत , पुलिस अधीक्षक (एसपी) सूरज राय ने जिले की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से 23 पुलिसकर्मियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है।इनमें 13 दरोगा और 10 सिपाही शामिल हैं। सभी स्थानांतरित पुलिसकर्मियों को तत्काल अपने नवीन तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं। स्थानांतरित दरोगाओं में संजय कुमार को विशेष जांच प्रकोष्ठ से रमाला थाने भेजा गया है।दरोगा महेंद्र सिंह को थाना छपरौली से थाना बागपत स्थानांतरित किया गया है, जबकि दरोगा जगबीर सिंह को मलकपुर चौकी से छपरौली थाने भेजा गया है। बड़ागांव चौकी प्रभारी रहे दीपक कुमार को खेकड़ा थाने में नई जिम्मेदारी दी गई है। कई दरोगाओं को नई चौकियों का प्रभारी बनाया गया है। इनमें दरोगा सनव्वर अली को थाना छपरौली से रमाला क्षेत्र की किरठल चौकी प्रभारी, दरोगा अनिल कुमार यादव को बागपत थाने से मवीकला चौकी प्रभारी, दरोगा आनंद शर्मा को बड़ौत मंडी चौकी प्रभारी, दरोगा आशीष कुमार को मलकपुर चौकी प्रभारी, दरोगा अंकित कुंतल को कचहरी चौकी प्रभारी और दरोगा राहुल यादव को बड़ागांव चौकी प्रभारी बनाया गया है।पुलिस लाइन से दरोगा विकास चौहान को बड़ौत में दिल्ली बस अड्डा चौकी प्रभारी की जिम्मेदारी मिली है। महिला दरोगा शीलेश को महिला थाने से शिकायत प्रकोष्ठ भेजा गया है। हेड कांस्टेबल मैनपाल को अभियोजन कार्यालय में तैनात किया गया है। हेड कांस्टेबल जॉनी को पुलिस लाइन से छपरौली थाने और हेड कांस्टेबल राजन को थाना बागपत से बड़ौत भेजा गया है। महिला हेड कांस्टेबल जूली को थाना सिंघावली अहीर से थाना बिनौली स्थानांतरित किया गया है।सिपाहियों में महिला सिपाही मनीषा शर्मा को बड़ौत थाने से पेशी कार्यालय भेजा गया है। सिपाही यतेंद्र को पुलिस लाइन से बागपत थाना, सिपाही वितेदर कुमार को सिंघावली अहीर से दोघट और सिपाही बबलू सिंह को पुलिस लाइन से बड़ौत स्थानांतरित किया गया है।

### व्यापारियों से अवैध वसूली का आरोप

**संपूर्ण समाधान दिवस पर शिकायत, गौ रक्षक बताने वाले पर कार्रवाई की मांग**

बागपत , ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे पर व्यापारियों से अवैध वसूली का मामला सामने आया है।खुद को 'गो रक्षक' बताने वाले कुछ लोग गाड़ियों में सवार होकर व्यापारियों से लूट और जबरन वसूली की वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। व्यापारियों ने बागपत संपूर्ण समाधान दिवस में अधिकारियों से इस मामले में कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि हाईवे पर लूट करने वाले इन लोगों पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। व्यापारी गय्यूर पुत्र जमील ने अधिकारियों को शिकायत दी कि वे हरियाणा से गाजियाबाद दुधारू पशुओं को लेकर जाते हैं। इस दौरान आधा दर्जन से अधिक युवक, जो खुद को गो रक्षक बताते हैं, उनसे अवैध वसूली और लूट करते हैं। गय्यूर ने अधिकारियों को एक स्क्रीनशॉट भी भेजा है। इसमें अक्षय कुमार नामक व्यक्ति द्वारा उनसे जबरन 30,000 रुपए वसूले जाने का जिक्र है। फिलहाल, अधिकारियों ने मामले की जांच शुरू कर दी है और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# थ्रेशर में फंसकर टुकड़ों में कटा छात्र

## गेहूं कटाई करते वक्त हाथ फंसा, सिर के बल अंदर चला गया

**अमन लेखनी समाचार**

प्रयागराज , मंगलवार दोपहर गेहूं की कटाई करते समय थ्रेशर मशीन की चपेट में आकर 10वीं के छात्र मौत हो गई। छात्र मशीन में फसल डाल रहा था। तभी उसका हाथ फंस गया। फिर मशीन ने उसे अंदर खींच लिया।इससे वह सिर के बल मशीन में चला गया। मशीन में फंसकर छात्र की सिर और धड़ के टुकड़े-टुकड़े हो गए। हादसा देखकर आसपास काम कर रहे लोग घबरा गए। तुरंत अपना काम बंदकर दौड़े और थ्रेशर को बंद किया।हादसा इतना गंभीर था कि छात्र धड़ पूरी तरह थ्रेशर में चला गया था। सिर्फ पैर ही बाहर मिले।हादसे में राजकुमार के 18 साल के बेटे सुमित कुमार की मौत हुई है।घटना बहरिया थाना क्षेत्र के मजूरा गांव की है।30 सेकेंड में सिर धड़ से अलग हो गया बहरिया थाना क्षेत्र के



सुमित, मृतक छात्र

मजूरा गांव में राजकुमार अपने परिवार के साथ रहते हैं। उनका बेटा सुमित कुमार (18) साल 10वीं क्लास में पढ़ाई करता था। पढ़ाई के साथ दूसरे के खेतों में काम करता था।मंगलवार दोपहर 1 बजे गांव के रोहित यादव के खेत में थ्रेशर चल रहा था।बारिश और मौसम को देखते हुए रोहित अपने गेंहू की मड़ाई करवा रहे थे। आसपास के खेतों में लोग काम कर रहे थे। सुमित भी थ्रेशर से गेंहू की मड़ाई कर रहा था।उसने गेंहू का बोझ थ्रेशर मशीन में डाला। तभी उसका एक हाथ उसमें फंस गया। सुमित ने खुद को बचाने की कोशिश की तो उसका दूसरा हाथ भी फंस गया।30 सेकेंड में ही उसका सिर भी अंदर की ओर चला गया।थोड़ी ही देर में उसका सिर धड़ से अलग हो गया। भूसे के साथ खून के छींटे निकलने लगे। आसपास के लोग ये देखकर दौड़े और थ्रेशर को बंद किया। जब तक मशीन रुकती, तब तक उसका आधा शरीर खत्म हो चुका था। सिर्फ पैर बच पाए।सुमित ने इस बार हाईस्कूल की दी थी परीक्षा सुमित दो भाई था। बड़े भाई का नाम वैभव है। वह दिल्ली में प्राइवेट नौकरी करता है। सुमित ने इसी साल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोला सिंह से हाईस्कूल की परीक्षा दी है।बहरिया थाने के प्रभारी बृजेश सिंह ने बताया- सूचना पर पुलिस पहुंची है।लोगों की मदद से थ्रेशर खोलकर शरीर के हिस्से को बाहर निकाला गया। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।ट्रैक्टर को कब्जे में लिया गया है। जिसके खेत में काम चल रहा था और अन्य मजदूरों का बयान लिया गया है।

# रेस्टोरेंट में गोमांस वाली बिरयानी परोसने में चार नामजद

## दो दिन पहले सामने आए मामले में एफआईआर, चार हिरासत में

**अमन लेखनी समाचार**

प्रयागराज , रोशनबाग में एक रेस्टोरेंट में गोमांस युक्त बिरयानी परोसने के आरोप के मामले में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। इस मामले में चार लोगों को नामजद किया गया है।साथ ही चार लोगों को हिरासत में भी लिया गया है जिनसे पुलिस पूछताछ में जुटी है। दो दिन पहले यह मामला सामने आया था जिसके बाद रेस्टोरेंट में जमकर हंगामा हुआ था। विहिप गोरक्षा इकाई कार्यकताओं ने आरोप लगाया कि जब उन्होंने इस पूरे खेल को उजागर किया तो रेस्टोरेंट संचालिक व उसके बेटे ने दर्जनों अज्ञात लोगों संग मिलकर गालीगलौज की और जान से मारने को धमकाया। कार्यकर्ता ग्राहक बनकर पहुंचे मामला विहिप गोरक्षा के प्रांत मंत्री लाल मणि तिवारी की तहरीर पर दर्ज हुआ।इसमें उन्होंने बताया, रोशनबाग के फूड कोर्ट के दूसरे तल पर संचालित नवाबी जायका रेस्टोरेंट में गोमांस की बिरयानी बेचने की सूचना लगातार मिल रही




थी। इस पर मैंने अपने कार्यकताओं श्याम जी शर्मा, विजय पांडेय व शुभम कुशवारी को ग्राहक बनाकर भेजा। मीनू कार्ड पर लिखा था नाम व रेट वहां जाने पर कार्यकताओं को रेस्टोरेंट कर्मचारियों ने पूछा कि आपको किस चीज की बिरयानी चाहिए, तो बताया गया कि यहां सब मिलेगा। मीनू कार्ड दिया जिसमें बीफ बिरयानी, बीफ कवाब, बीफ कबाब रोल समेत अन्य बिरयानी डिशेज का नाम व रेट लिखा था। इससे यह स्पष्ट हो गया कि वहां गोमांस से बनी हुई सामग्री परोसी जाती है।पुलिस आई तब बची जान 5 अप्रैल को वह कार्यकताओं के साथ उस रेस्टोरेंट पर पहुंचे। संचालक से पूछा कि तुम गोमांस की सामग्री क्यों बेचते हो तो उसने गालियां दीं और जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि जो करना है कर लो। मेरे सूचना देने पर पुलिस पहुंची तो जान बच सकी।मौके से मो॰ जैद निवासी अकबरपुर, करेली, अयान निवासी पत्थर गली दोंदीपुर शाहगंज, मिज्जन व समसुललका निवासी नया पुरवा कैसरगंज जनपद बहराइच को पकड़कर थाने लाया गया। पूछताछ शुरू होने पर उग्र हुए विहिप कार्यकताओं का कहना है कि इस रेस्टोरेंट के बारे में यूट्यूब पर मिले वीडियो में भी बीफ समेत अन्य बिरयानी उपलब्ध होने का प्रचार किया गया था।

# सर्राफा कारोबारी के बैग से 12 लाख रुपए चोरी

**मेरठ में देवबंद के कारोबारी बाजार जा रहे थे, ई-रिक्शा में बैठीं दो महिलाओं पर शक**

**अमन लेखनी समाचार**

मेरठ , देवबंद के एक सरार्फा कारोबारी के बैग से 12 लाख रुपए चोरी हो गए। देवबंद के रहने वाले अनिल गुप्ता सुबह मेरठ पहुंचे थे। उन्होंने घंटाघर टाउन हॉल में गाड़ी पार्क की।इसके बाद अपने साथी के साथ ई-रिक्शा से सराफा बाजार के लिए निकल गए।दुकान पर पहुंचने के बाद उन्हें पता चला कि बैग की चेन खुली हुई है और उसमें रखे 12 लाख रुपए गायब हैं।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। ई-रिक्शा में सवार दो महिलाओं पर शक जताया जा रहा है। पुलिस उनकी तलाश में सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है अनिल गुप्ता ने बताया- मैं अपने एक साथी हरिओम के साथ मेरठ आया था। हमेशा अपनी कार टाउन हॉल घंटाघर की पार्किंग में खड़ी करते थे।सुबह करीब 11:30 बजे मैंने पार्किंग में अपनी कार खड़ी की।



इसके बाद पैदल-पैदल बाहर आ गए। घंटाघर के नीचे से उन्होंने सरार्फा बाजार के लिए ई-रिक्शा किया और उसमें बैठकर चल दिए। थोड़ी दूरी पर ही दो महिलाएं एक बच्चे को लेकर इसी ई रिक्शा में सवार हो गईं।शक है कि इन्हीं महिलाओं ने किसी समय बाग की चेन खोली और उसमें से 12 लाख रुपए निकाल लिए।कई कारोबारी का बताया जा रहा पैसामेरठ बुलियन ट्रेडर्स एसोसिएशन के महामंत्री विजय आनंद अग्रवाल ने बताया कि सहारनपुर, मुजफ्फरनगर के काफी कारोबारी मेरठ में अपने जेवरात बनवाते हैं।

# शहर की व्यवस्था देखने रिक्शा में निकले विधायक और नगर आयुक्त

## जलभराव व गंदगी पर सख्त हुए विधायक, डिपो को कूड़ाघर बनाने पर नाराजगी

**अमन लेखनी समाचार**

मेरठ, शहर में विकास कार्यों की जमीनी हकीकत परखने के लिए कैंट विधायक अमित अग्रवाल अलग अंदाज में नजर आए।उन्होंने नगरायुक्त सौरभ गंगवार के साथ ई-रिक्शा में सवार होकर कंकरखेड़ा क्षेत्र के डिवाइडर रोड और नंगलताशी इलाके का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने चल रहे विकास कार्यों का जायजा लिया और स्थानीय लोगों की समस्याएं भी सुनीं।निरीक्षण के दौरान क्षेत्रवासियों ने जलभराव और गंदगी की समस्या प्रमुखता से उठाई।इस पर विधायक ने तुरंत संज्ञान लेते हुए नगरायुक्त को वाहन डिपो से कंकरखेड़ा बाईपास तक बने नाले की स्थिति सुधारने और जलभराव से जल्द राहत दिलाने के निर्देश दिए। वहीं, वाहन डिपो परिसर




को कूड़ाघर के रूप में इस्तेमाल किए जाने पर विधायक ने नाराजगी जताई। उन्होंने मौके पर ही कूड़ा हटवाने और डिपो को पुनः व्यवस्थित कर विकसित करने के निर्देश दिएइसके अलावा, उन्होंने श्मशान घाट का निरीक्षण कर वहां सौंदर्याकरण और व्यवस्थाओं में सुधार के लिए आवश्यक सुझाव दिए, ताकि आमजन को बेहतर और सम्मानजनक सुविधाएं मिल सकें। दांतल-जटौली मार्ग पर निमार्णाधीन नाले का निरीक्षण करते हुए विधायक ने कार्य की गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का समग्र विकास, स्वच्छता और जनसुविधाओं में सुधार उनकी प्राथमिकता है और इसके लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

# शहीद की पत्नी को नहीं मिली जमीन

**हाईकोर्ट ने नगर आयुक्त को दिया 6 सप्ताह में निर्णय का निर्देश, 1987 में हुए थे शहीद**

**अमन लेखनी समाचार**

मेरठ , मेरठ की रहने वाली कीर्ति चक्र से सम्मानित शहीद की पत्नी को जमीन आवंटन के मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। कोर्ट ने नगर आयुक्त मेरठ को निर्देश दिए हैं कि याचिका पर नियमानुसार 6 सप्ताह के भीतर निर्णय लिया जाए। मामला ग्राम शोभापुर, रोहटा रोड निवासी अबरीशा खातून से जुड़ा है, जो शहीद अजमेर अली की पत्नी हैं। अजमेर अली भारतीय सेना में सैपर ऑपरेटर के पद पर तैनात थे।वर्ष 1987 में लेह-लद्दाख के दुर्गम क्षेत्र में 1800 फीट की ऊंचाई पर तैनाती के दौरान अत्यंत कठिन मौसम और बर्फीली परिस्थितियों में ड्यूटी निभा रहे थे। इसी दौरान बर्फ हटाने के ऑपरेशन में हिमस्खलन की चपेट में आने से वे शहीद हो गए थे। उनकी अदम्य बहादुरी और कर्तव्यनिष्ठा को देखते हुए भारत के राष्ट्रपति ने 22 मार्च 1987 को उन्हें मरणोपरांत कीर्ति चक्र से सम्मानित किया था।शहीद की पत्नी अबरीशा खातून के पास खेती के




लिए कोई जमीन नहीं है। उन्होंने शासन और नगर निगम की नीतियों के तहत 25 बीघा जमीन आवंटन की मांग केंद्र और राज्य सरकार से की थी। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी, मेरठ ने भी उनकी मांग को उचित ठहराते हुए नगर आयुक्त को नियमों के तहत जमीन आवंटन के लिए पत्र भेजा था, लेकिन इसके बावजूद उन्हें अब तक जमीन नहीं मिल सकी। इस पर अबरीशा खातून ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की।उनकी ओर से अधिवक्ता सुनील चौधरी ने पक्ष रखते हुए बताया कि सरकार की नीतियों के अनुसार शहीद के परिजनों को जमीन आवंटित किया जाना चाहिए।

# 'यूपी में फिर से भाजपा की सरकार बनेगी'

**गाजियाबाद में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य बोले-पीओके में एक दिन सेना भारत का तिरंगा फहरायगी**

**अमन लेखनी समाचार**

गाजियाबाद ,प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य आज गाजियाबाद में घंटाघर स्थित रामलीला मैदान में पहुंचे। कार्यक्रम में शामिल हुए। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने मंच से कहा- मुझे हर बार यहां कार्यक्रम में आने का मौका मिला है, और कितनी बार आ चुका हूं। यह मुझे भी पता नहीं है।समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव दादरी नोएडा में कार्यक्रम किए थे। लेकिन जितनी भीड़ यहां की जयंती समारोह कार्यक्रम में है, आधी भी भीड़ कार्यक्रम में नहीं थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक नारा दिया था सब का साथ सबका विकास।देश की एकता को बनाए रखने के लिए बड़े से बड़े कदम उठाने का काम किया गया।जम्मू कश्मीर में धारा 370 की जो बेड़ी लगी हुई थी, आप सभी के आशीर्वाद से जम्मू कश्मीर से 370 हटाई गई। और उनके नाम से कश्मीर बसा था, अभी एक हिस्सा पाकिस्तान के कब्जे में है।पाकिस्तान वाले कब्जे यानी पीओके में मोदी जी के नेतृत्व में एक दिन भारत का तिरंगा सेना फहरायगी।2027 में यूपी में विधानसभा चुनाव होने वाला है।समाजवादी पार्टी के लोग बड़े व्याकुल हैं,उन्हें लगता है कि 2017 में उनकी सत्ता गई, लगता है 2027 में फिर सत्ता में आए तो फिर इस प्रदेश को लूटेंगे।

### समाजवादी पार्टी डूबता हुआ जहाज

समाजवादी पार्टी सरकार में जो आतंक था वह खत्म



हुआ है, एक समय यूपी में दंगे होते थे, पूरा पश्चिमी यूपी दंगे में झुलसता था। आज यूपी में माफिया और भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई हो रही है।प्रदेश को दंगा मुक्त बनाने का काम हमारी सरकार ने किया है। गरीबों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आज आवास दिए गए। पहले बिजली की रोशनी में अमीर आदमी के बच्चे पढ़ते थे, आज हर गरीब का बच्चा भी बिजली की रोशनी में पढ़ता है।देश में कांग्रेस और प्रदेश में कभी सपा और कभी बसपा की सरकार रहती थी। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सरकार ने ऐसे परिवारों को भी राशन भोजन दिया।जिनके घर में दो टाइम भोजन की व्यवस्था भी नहीं थी। हर गरीब को दोनों टाइम भोजन देने का श्रेय हमारी सरकार को जाता है।एक समय इलाज के लिए पैसा नहीं था, बीमारी में लोग मर जाते थे। अयोध्या में यदि 500 साल बाद राम मंदिर बन पाया है अयोध्या में यदि 500 साल बाद राम मंदिर बन पाया है, आप कमल का बटन नहीं दबाए होते तो कभी मंदिर नहीं बन पाता।

# प्रेमी से मिलने से रोका तो भाई को मार डाला

## बहन ने कबूला- शराब में जहर मिलाया था, 2 दोस्त बेवजह मारे गए

**अमन लेखनी समाचार**

मेरठ , शराब पीने से 3 लोगों की मौत के मामले में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। पुलिस के मुताबिक, शराब जहरीली नहीं थी, बल्कि उसमें जहर मिलाया गया था। मृतकों में से एक की बहन ने ही जहर मिलाया था। वारदात में बॉयफ्रेंड ने भी उसका साथ दिया। वजह यह थी कि भाई को उसका अफेयर पसंद नहीं था।पुलिस ने आरोपी बहन अलका (38) और उसके प्रेमी पवन उर्फ पोली (36) को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में अलका ने बताया- मैं पवन से प्यार करती हूं। भाई अंकित को यह बात पता चल गई थी। वह मुझे पवन से बात करने से मना करता था और मिलने नहीं देता था। इसी वजह से हमने मिलकर अंकित को रास्ते से हटाने का प्लान बनाया अलका ने बताया- पवन ने शराब खरीदकर दी थी। मैंने उस शराब



जितेंद्र, मृतक

अंकित, मृतक

बाबूलाल, मृतक

अलका, आरोपी

में जहर मिलाकर रख दिया। 3 अप्रैल को भाई वही शराब अपने दो दोस्तों के साथ पार्टी करने ले गया। शराब पीने के बाद तीनों की मौत हो गई। मेरा इरादा सिर्फ अपने भाई को मारने का था, उन दोनों को मारने का नहीं। पूरा मामला दौराला थाना क्षेत्र का है। पुलिस इस मामले पर आज प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सकती है।शराब पीने के बाद उल्टी-पेट में दर्द, फिर बेहोश हुए सभी पुलिस के मुताबिक, सरस्वती कॉलोनी में रहने वाले बाबूराम (60) किराना व्यापारी थे। उनका तेल का भी बिजनेस था। कॉलोनी में ही बाबूराम की दुकान में वार्ड संख्या 12 के दयानंदपुरी निवासी जितेंद्र (45) काम करता था।बाबूराम की दुकान की पास ही अंकित उर्फ दौलत (32) का घर है। वह अपनी बहन अलका के साथ रहता था। पड़ोसी होने की वजह से बाबूराम, जितेंद्र और अंकित की अच्छी दोस्ती थी। शाम अंकित सरसों का तेल निकलवाने के लिए बाबूराम की चक्की पर गया। वह घर से शराब की बोतल ले गया था। तीनों ने साथ बैठकर शराब पी। इस दौरान उनकी हालत बिगड़ने लगी। पेट में तेज दर्द होने लगा। उल्टियां होने लगी। तीनों बदहवास हो गए।आसपास गुजर रहे लोगों की नजर उन पर पड़ी तो उन्हें पास के आर्यावर्त अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टर्स ने जितेंद्र और अंकित को मृत घोषित कर दिया। बाबूराम की हालत गंभीर थी। उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया। लेकिन, थोड़ी देर बाद उनकी भी मौत हो गई।जहरीली शराब पीने की बात सामने आई एक साथ 3 लोगों की मौत के बाद हंगामा मच गया। दावा किया जाने लगा कि जहरीली शराब से तीनों की मौत हुई। प्रशासन भी मामले में एक्टिव हो गया।डीएम डॉ. वीके सिंह और एसएसपी अविनाश पांडेय अपने साथ जिला आबकारी अधिकारी प्रदीप कुमार को लेकर दौराला पहुंचे। छानबीन शुरू की।

# ग्रेटर नोएडा में कृषि भूमि पर अवैध कब्जा

**पीड़ित परिवार ने मुख्यमंत्री योगी से न्याय की गुहार लगाई**

**अमन लेखनी समाचार**

जेवर, ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र के गढ़ी आजमपुर गांव में जमीन विवाद का मामला सामने आया है।गांव के एक परिवार ने आरोप लगाया है कि उनकी खरीदी गई कृषि भूमि पर कुछ लोगों ने अवैध कब्जा कर निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। पीड़ित परिवार ने पुलिस में शिकायत के बावजूद कार्रवाई न होने पर मुख्यमंत्री योगी



आदित्यनाथ से न्याय की गुहार लगाई है।पीड़ित पक्ष के कपिल ने बताया कि उन्होंने और उनके भाई सोनू ने वर्ष 2015 में यह जमीन खरीदी थी।बाद में उन्होंने इसे लगान पर दिया था। आरोप है कि जमीन लेने वाले व्यक्ति ने भरोसे का फायदा उठाते हुए रात को जमीन पर कब्जा कर लिया और निर्माण कार्य शुरू करा दिया। जब परिवार को इसकी जानकारी हुई, तो दोनों पक्षों के बीच कहासुनी भी हुई। इसके बाद पीड़ित परिवार ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया।इस वीडियो में परिवार ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।

# कूड़ा उठाने वाली कंपनी पर 10.38 लाख जुर्माना

## सात दिन में नहीं चली 157 गाड़ियां, 1.29 लाख घरों से नहीं उठाया कूड़ा

**अमन लेखनी समाचार**

नोएडा ,डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन का काम ठीक से नहीं किया जा रहा। ये कार्य एग्रीमेंट पर एजी इनवायरो इंफ्रा प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड की ओर से किया जा रहा है। प्राधिकरण ने बताया कि दो महीने की मॉनिटरिंग के बाद कार्य में लापरवाही सामने आई।ऐसे में कंपनी पर 10 लाख 38 हजार 290 रुपए का जुमार्ना लगाया गया है।प्राधिकरण ने स्पष्ट किया कि यदि ऐसा रहा तो एग्रीमेंट निरस्त भी किया जा सकता है।प्राधिकरण ने नोटिस जारी कर कहा कि कंपनी द्वारा डोर टू डोर कूड़ा एकत्रित करने वाली गाड़ी पर्याप्त मात्रा में नहीं लगाई गई हैं।गाडियां लगी भी है उनमें से 25 प्रतिशत खराब है।खराब गाड़ियों की मरम्मत एजेंसी द्वारा नहीं कराई जा रही।

### गाड़ियां नहीं आने से सड़को पर फेंका कूड़ा

साथ ही डोर टू डोर कलेक्शन के लिए अतिरिक्त गाड़ियां नहीं लगाई गई। नियमित रूप से गाड़ियां नहीं आने के कारण




लोग इधर-उधर खाली स्थानों पर व मुख्य मार्गों पर कूड़ा फेंक रहे है। इस कारण जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। जिसकी लगातार शिकायत मिल रही है।

### सात दिन में 157 गाड़ियां नहीं चली

प्राधिकरण ने एग्रीमेंट के अनुसार दो प्रकार से जुमार्ना लगाया।पहला 25 मार्च से 31 मार्च 2026 तक 157 गाड़ियां सड़क पर कूड़ा उठाने के लिए नहीं चली।

# ग्रेटर नोएडा में खुले में फेंका जा रहा कूड़ा

## लोगों ने प्राधिकरण से 5000 जुर्माने लगाने की मांग की

**अमन लेखनी समाचार**

गौतम बुद्ध नगर , ग्रेटर नोएडा के सेक्टर बीटा 1 में स्वच्छता नियमों की अनदेखी का मामला सामने आया है। सेक्टर के आरडब्ल्यूए महासचिव हरेंद्र भाटी ने बताया कि जागरूकता अभियान के बावजूद कुछ लोग निर्धारित स्थानों के बजाय सड़कों के किनारे कूड़ा फेंक रहे हैं।हाल ही में बीटा 1 के ए-347 के पास सड़क किनारे भारी मात्रा में कचरा फैला देखा गया। इससे न केवल गंदगी फैल रही है, बल्कि स्थानीय स्वास्थ्य और पर्यावरण पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि



कई बार समझाने और चेतावनी देने के बावजूद कुछ लोग नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं।इसे देखते हुए सेक्टर वासियों ने प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है।हरेंद्र भाटी ने सुझाव दिया कि सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फेंककर स्वच्छता नियमों की अनदेखी करने वालों पर कम से कम 5000 का जुमार्ना लगाया जाना चाहिए।

# दिनदहाड़े दबंगों का तांडव, 5 दुकानों में डकैती

**सोई पुलिस! स्थानीय व्यापारी व राज्यमंत्री के हस्तक्षेप पर 'जागी' ; 50 पर डकैती का केस**

**मुकदमा दर्ज होने के बाद भी मुख्य आरोपी पकड़ से दूर, व्यापारियों में उबाल**

**अमन लेखनी समाचार**

शाहाबाद (हरदोई)। जनपद के शाहाबाद करने में कानून-व्यवस्था की धज्जियां उड़ाते हुए बेखौफ अपराधियों ने उस समय सनसनी फैला दी, जब कोतवाली में महज 500 मीटर की दूरी पर स्थित हाईवे किनारे करीब 50 से 60 दबंगों ने एक साथ हमला बोला दिनदहाड़े हुई इस सशस्त्र डकैती ने न केवल पुलिस की मुस्तैदी की पोल खोल दी है, बल्कि पूरे इलाके को दहशत के साये में धकेल दिया है। हमलावरो ने न केवल दुकानों के ताले चटकाए, बल्कि जमकर लूटपाट और तोड़फोड़ कर पुलिसिया इकबाल को खुलेआम चुनौती दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोपहर के वक्त अचानक लाठी-डंडों और वेजुवनी बोलों से लैस भीड़ ने हाईवे किनारे स्थित दुकानों पर धावा बोल दिया। हमलावरों का दुस्सवास इतना अधिक था कि उन्होंने बिना किसी हिचकिचाहट के दुकानों के शटर और ताले तोड़ डाले। दुकानों के भीतर रखा कीमती सामान सड़क पर फेक दिया गया और गल्ले में रखी नकदी पर हाथ साफ कर दिया गया। इस तांडव के दौरान हाईवे पर अफरा-तफरी मच गई। करीब आधे घंटे तक चले इस उपद्रव के दौरान राहगीर अपनी जान बचाकर भागते नजर आए, वहीं आसपास के दुकानदार और स्थानीय निवासी भय के कारण अपनी दुकानों के शटर गिराकर भीतर दुबक गए। भीड़ का नेतृत्व कर रहे दबंगों के हौसले इतने बुलंद ये कि उन्हें पुलिस के आने का रत्ती पर भी खौफ नहीं था। हैरानी की बात यह है कि जहाँ यह करदान हुई, वहाँ से थाना शाहाबाद की दूरी महान आधा किलोमीटर से भी कम है। बावजूद इसके इतनी बड़ी संख्या में जुटे हमलावरों को भनक न तो खुफिया तंत्र को लगी और न ही गस्त कर यही पुलिस की। पीड़ितों का आरोप है कि घटना के दौरान कर-बार सूचना देने के बाद भी पुलिस समय पर नहीं पहुंची। जब तक पुलिस की गाड़ियां मौके पर पहुंच, तब तक अपराधों लूट का माल समेटकर आसानी से फरार हो चुके थे। जब पुलिस थाने की नाक के नीचे व्यापारी सुरक्षित नहीं है, तो दूर दराज के इलाकों में सुरक्षा को क्या गारंटी? यह हमला व्यक्तिगत नहीं, बल्कि कानून की साख पर हमला है सूत्रों का दावा है कि शुरूआत में पुलिस मामले को रफा-दफा करने और हल्की धाराओं में फेस दर्ज करने की कोशिश कर रही थी। लेकिन जब मामला गरमाया और पीड़ित व्यापारियों का आक्रोश बढ़ा, तो क्षेत्रीय राज्यमंत्री को हस्तक्षेष करना पड़ा मंत्री के कड़े निर्देश और उम्याधिकारियों के दबाव के बाद पुलिस ने दो नामजद सने भाइयों और लगभग 50 अक्षत लोगों के खिलाफ डकैती बीएस की विभिन्न संगीन धाराओं 309 (4),351(3) में जाहिर जानिस पुत्र कासिम रजा निवासी वाजिद खेल, सलमान सिद्दीकी उर्फ लकी पुत्र भोले निस्दीकी निवासी गिलाई तारिक पुत्र कल्लन निवासी महुआ टीला, इमरान पुत्र बाबू निवासी मीरा करती सहित 5 नामजद सहित 50 से 60 अज्ञात लोगों पर बीएनएस की धारा डकैती लूटपाट, तोड़फोड़ आदि की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। मुकदमा दर्ज हुए 48 घंटे से अधिक का समय बीत चुका है, लेकिन मुख्य आरोपियों को पकड़ने में पुलिस के हाथ अब भी खाली हैं। नाममद आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से व्यापारियों में भारी रोष व्याप्त है। कस्बे के व्यापारिक संगठनों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही दोषियों को सलाखों के पीछे नहीं भेजा गया, तो वह बाजार बंद कर बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन करेंगे इस संबंध में कोतवाल अरविंद कुमार राय ने बताया रिपोर्ट दर्ज की गई है। तथा पटना में शामिल कुछ अज्ञात लोगों को हिरासत में लिया गया है।

## न्यायालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा, अधिकारियों ने दिए दिशा-निर्देश

अमन लेखनी समाचार

हरदोईः जनपद में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से मंगलवार को अपर जिलाधिकारी तथा अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी/पूर्वी) ने पुलिस बल के साथ न्यायालय परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने न्यायालय परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की स्थिति, हवालात की सुरक्षा व्यवस्था तथा प्रवेश द्वारों की निगरानी व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया। इस दौरान सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों को सतर्कता बरतने एवं ड्यूटी के प्रति पूर्ण जिम्मेदारी निभाने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि न्यायालय परिसर में सुरक्षा के किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों पर विशेष नजर रखने और आने-जाने वालों की सघन चेकिंग सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक न्यायालय सुरक्षा, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली देहात सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

# सोनभद्र के डॉ. बृजेश महादेव को मिला ग्लोबल डायमंड आइकन अवार्ड

**-15 देशों के 200 विशिष्ट प्रतिभाओं को किया गया है सम्मानित।**

**-राजस्थान प्रांत के जयपुर में मिला है यह सम्मान।**

**अमन लेखनी समाचार**




सोनभद्र। जिले के चोपन ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत भरहरी के नवाचारी शिक्षक एवं साहित्यकार डॉ. बृजेश कुमार सिंह महादेव को भव्या फाउंडेशन के तत्वाधान में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय मैत्री सम्मेलन में ग्लोबल डायमंड आइकन अवार्डझ्र2026 से सम्मानित किया गया। यह भव्य समारोह जयपुर स्थित सुरेश ज्ञान विहार यूनिवर्सिटी के कालिंदी ऑडिटोरियम में 5 अप्रैल को आयोजित हुआ, जिसमें 15 देशों सहित लगभग 200 विशिष्ट प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। डॉ. बृजेश महादेव वर्तमान में बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय पल्हारी, नगवां (सोनभद्र) में वरिष्ठ शिक्षक एवं ब्लॉक स्काउट मास्टर के रूप में कार्यरत हैं। उन्हें यह सम्मान शिक्षा, साहित्य एवं समाजसेवा के क्षेत्र में उनके दीर्घकालीन योगदान और उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए प्रदान किया गया। डॉ. महादेव इससे पूर्व भी एशियन एजुकेशन अवॉर्ड, नेशनल बिल्डर्स अवॉर्ड एवं राज्य आईसीटी अवॉर्ड जैसे प्रतिष्ठित सम्मानों से सम्मानित हो चुके हैं। वे एक प्रख्यात शिक्षाविद्, समाजसेवी एवं दूरदर्शी व्यक्तित्व के रूप में जाने जाते हैं। शिक्षा के क्षेत्र में उनका योगदान केवल कक्षा तक सीमित नहीं, बल्कि संस्थागत विकास, नवाचार और विद्यार्थियों के सर्वांगीण उत्थान तक विस्तृत है। उनके द्वारा एक दर्जन से अधिक पुस्तकों का लेखन एवं प्रकाशन किया जा चुका है। डॉ बृजेश महादेव सर्च लुक शोध पत्रिका, साहित्य सरोवर ई-पत्रिका एवं बैसवार दर्पण सामाजिक पत्रिका का संपादन भी कर रहे हैं। डॉ. महादेव का मानना है कि शिक्षा ही समाज परिवर्तन का सबसे सशक्त माध्यम है। वे राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, सोनभद्र के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष के रूप में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं तथा पर्यावरण संरक्षण हेतु हरियाली आंदोलन का संचालन भी कर रहे हैं। उनका संदेश स्पष्ट है—जहाँ है हरियाली, वहाँ है खुशहाली। इस अवसर पर भव्या फाउंडेशन के संस्थापक शैलेन्द्र माथुर एवं निदेशक डॉ. निशा माथुर द्वारा सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम में देश के कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। जनपद सोनभद्र का मान बढ़ाने पर डॉ. बृजेश महादेव को शुभचिंतकों ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

## खास समाचार

### नागर में मिनी स्टेडियम का भव्य उद्घाटन

अमन लेखनी समाचार



गरौठा के बामौर ब्लॉक अंतर्गत ग्राम नागर में मनरेगा से बने डॉ. बी.आर. अंबेडकर बहुउद्देशीय खेल मैदान (मिनी स्टेडियम) का भव्य उद्घाटन विधायक जवाहर लाल राजपूत व एमएलसी प्रतिनिधि आर.पी. निरंजन ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती व डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण से हुई। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में उरई के शिवम झांकी आर्ट ग्रुप की रासलीला और श्याम जादूगर के शो ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विधायक ने क्षेत्र में जारी विकास कार्यों पर जोर दिया, जबकि एमएलसी प्रतिनिधि ने स्टेडियम को खेल प्रतिभाओं के लिए उपयोगी बताया। कार्यक्रम में कई जनप्रतिनिधि व ग्रामीण मौजूद रहे। अंत में ग्राम प्रधान अनुज कुमार द्विवेदी ने सभी का आभार जताया।

# हरदोई में मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम आयोजित

**हेल्पलाइन व योजनाओं की दी गई जानकारी**

**अमन लेखनी समाचार**



हरदोई। सरकार की मंशा के अनुरूप जनपद हरदोई में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मिशन शक्ति अभियान (फेज-05) के द्वितीय चरण के तहत एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कोतवाली शहर क्षेत्र के गांधी भवन में संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं, छात्राओं एवं बालिकाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती, जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक हरदोई सहित अन्य अधिकारियों ने प्रतिभाग कर उपस्थित महिलाओं को संबोधित किया। अधिकारियों ने नारी सुरक्षा, नारी सम्मान और नारी स्वावलंबन के मूल उद्देश्य को रेखांकित करते हुए महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान महिलाओं को आपातकालीन एवं सहायक हेल्पलाइन नंबरों—1090 (महिला हेल्पलाइन), 112 (आपात सेवा), 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन), 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन) एवं 108 (एम्बुलेंस सेवा)—के बारे में जागरूक किया गया और संकट की स्थिति में इनके उपयोग की प्रक्रिया समझाई गई। कार्यक्रम में महिला हेल्प डेस्क की भूमिका, कानूनी प्रावधानों तथा महिलाओं से संबंधित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की भी जानकारी दी गई, जिससे महिलाएं अपने अधिकारों के प्रति सजग हो सकें और आत्मनिर्भर बन सकें। अंत में कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला पुलिसकर्मियों एवं छात्राओं को सम्मानित किया गया, जिससे उनके मनोबल को बढ़ावा मिला। अधिकारियों ने कहा कि शासन-प्रशासन महिलाओं की सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और ऐसे अभियान आगे भी निरंतर चलाए जाते रहेंगे।

# स्कूल चलो अभियान को लेकर निकली भव्य रैली, 500 से अधिक बच्चों ने लिया भाग

**अमन लेखनी समाचार**



चोपन सोनभद्र। ब्लॉक संसाधन केंद्र चोपन से ब्लॉक स्तरीय स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत एक भव्य जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का नेतृत्व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुकुल आनंद पाण्डेय द्वारा किया गया, जबकि इसका संयोजन खंड शिक्षा अधिकारी चोपन लोकेश मिश्रा ने किया। यह रैली ओबरा क्षेत्र के बिल्ली गांव, वीआईपी रोड और डिग्री कॉलेज चौराहे से होते हुए पुनः ब्लॉक संसाधन केंद्र चोपन पर आकर संपन्न हुई। रैली में उच्च प्राथमिक विद्यालय बिल्ली, खैरटियां, कोठा टोला, प्राथमिक विद्यालय बिल्ली मारकुंडी, भलुआ टोला, बिल्ली प्रथम, खैरटिया सहित विभिन्न विद्यालयों के 500 से अधिक बच्चों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। बच्चों ने जागरूकता नारों के माध्यम से शिक्षा का संदेश जन-जन तक पहुंचाया। रैली को संबोधित करते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने जनसमुदाय से अपील की कि वे अपने 6 से 14 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों का नामांकन नजदीकी परिषदीय विद्यालयों में अवश्य कराएं। उन्होंने सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं की जानकारी देते हुए बताया कि— निःशुल्क यूनिफॉर्म, बैग, जूता-मोजा एवं स्वेटर के लिए ऊइळ के माध्यम से 1200 की धनराशि निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण मध्याह्न भोजन योजना प्रत्येक विद्यालय में सक्रिय पुस्तकालय

3 से 6 वर्ष तक के बच्चों के लिए बाल वाटिका

स्कूल रेडिनेस कार्यक्रम

शिक्षा से जुड़ी योजनाओं की दी गई जानकारी

खंड शिक्षा अधिकारी लोकेश मिश्रा ने शत-प्रतिशत नामांकन और बच्चों की नियमित उपस्थिति पर जोर दिया। साथ ही आंगनवाड़ी, बाल वाटिका, दीक्षा ऐप, मीना मंच और बाल संसद जैसी गतिविधियों के महत्व को भी समझाया। राज्य संदर्भ समूह के सदस्य विद्या सागर ने मदर ओरिएंटेशन, इको क्लब और दीक्षा कोर्स के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर बेसिक शिक्षा विभाग में 39 वर्षों की सफल सेवा पूर्ण करने वाले सेवानिवृत्त शिक्षक सरफराज अहमद खान का भव्य सम्मान एवं विदाई समारोह भी आयोजित किया गया। सहकर्मियों ने उनके योगदान को सराहा और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी म्योरपुर सुनील कुमार, संत जेवियर पब्लिक स्कूल डाला के प्रबंधक जितेंद्र यादव, एआरपी ज्ञान प्रकाश, प्रशांत अवस्थी, वंशदीप सिंह सहित कई वरिष्ठ शिक्षक एवं संकुल शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन सुमन सिंह और आनंद त्रिपाठी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। स्कूल चलो अभियान की इस रैली ने शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने का सशक्त संदेश दिया प्रशासन और शिक्षा विभाग की इस पहल से निश्चित रूप से अधिक से अधिक बच्चों को विद्यालय से जोड़ने में मदद मिलेगा।

# बस्ती संपर्क अभियान में घर-घर पहुंची बीजेपी, बड़ागांव में दिखी संगठन की ताकत

**स्थापना दिवस के बहाने लाभार्थियों से सीधा संवाद, योजनाओं की दी जानकारी और टटोला जनमत**



**अमन लेखनी समाचार**

बेहंदर। स्थापना दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी ने बालामऊ क्षेत्र के बड़ागांव में बस्ती संपर्क अभियान चलाकर अपनी संगठनात्मक मजबूती का प्रदर्शन किया। अभियान के तहत कार्यकताओं ने घर-घर जाकर लाभार्थियों से सीधा संवाद किया और सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। जिला उपाध्यक्ष अजय शुक्ला ने अभियान की अगुवाई करते हुए एक-एक घर पहुंचकर लोगों से बातचीत की। उन्होंने लाभार्थियों को केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया, साथ ही उनकी समस्याओं और प्रतिक्रियाओं को भी जाना। अभियान के दौरान गलियों में जयकारों के बीच योजनाओं को लेकर चर्चा का माहौल बना रहा। मंडल अध्यक्ष गोपेन्द्र मिश्रा और ग्राम संयोजक शरद ने भी सक्रिय भूमिका निभाते हुए कार्यकताओं के साथ जनसंपर्क को मजबूत किया। यह अभियान किसी चुनावी कार्यक्रम का हिस्सा नहीं था, बल्कि संगठन के ग्राम/बस्ती संपर्क अभियान के तहत आयोजित किया गया। इसके जरिए पार्टी ने यह संकेत दिया कि उसका संगठन अब केवल कार्यालयों तक सीमित नहीं है, बल्कि सीधे आम जनता के बीच पहुंचकर संवाद स्थापित कर रहा है। अजय शुक्ला के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान से यह भी स्पष्ट हुआ कि पार्टी संगठन जमीनी स्तर पर अपनी सक्रियता बनाए रखने और जनता से जुड़ाव को और मजबूत करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# पुलिस अधीक्षक ने सुनी आमजन की समस्याएं, त्वरित एवं निष्पक्ष निस्तारण के दिए निर्देश

**अमन लेखनी समाचार**



सोनभद्र। आज दिनांक 06.04.2026 को पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा पुलिस कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई/जनता दर्शन कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए नागरिकों की शिकायतों को गंभीरता, संवेदनशीलता एवं पूर्ण तत्परता के साथ सुना गया। कार्यक्रम के दौरान राजस्व प्रकरणों एवं अन्य पुलिस संबंधी मामलों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं। पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक प्रकरण का स्वयं संज्ञान लेते हुए संबंधित क्षेत्राधिकारी एवं थाना प्रभारियों को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु स्पष्ट निर्देश प्रदान किए। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी शिकायतों की गुणवत्तापूर्ण एवं तथ्यपरक जांच की जाए तथा पीड़ितों को की गई कार्यवाही से समय पर अवगत कराया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही, विलंब या उत्पीड़न पाए जाने पर कठोर कार्यवाही की चेतावनी भी दी गई। जिन मामलों में त्वरित हस्तक्षेप आवश्यक है, उनमें तत्काल विधिक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई कार्यक्रम पुलिस और जनता के मध्य विश्वास, संवाद एवं पारदर्शिता को सुदृढ़ करने का प्रभावी माध्यम है। आमजन की समस्याओं का त्वरित, निष्पक्ष एवं संतोषजनक समाधान ही पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# पीसीएस आनंद राज सिंह का माता-पिता के साथ हुआ भव्य स्वागत

**-नियमित पढ़ाई ही लक्ष्य हासिल करने का है मूलमंत्र: आनंद राज सिंह।**

**अमन लेखनी समाचार**

सोनभद्र। अपने मातृ शैक्षणिक संस्थान संत कीनाराम सीनियर सेकण्डरी पब्लिक स्कूल लोढी राबर्टगंज सोनभद्र में सोमवार को आनंद राज सिंह का भव्य स्वागत समारोह आयोजित हुआ। यूपी पीसीएस में 22वां रैंक हासिल करने के उपरान्त आनंद राज का अपने गृह जनपद में जैसे ही आने की खबर लगी । विद्यालय, महाविद्यालय परिवार ने दिल खोलकर अपने होनहार लाल का सम्मान किया। इस पुनीत अवसर पर छात्र-छात्राओं ने अपने गुरूजनों के दिशानिर्देश में आनंद राज के शैक्षणिक संस्थान संत कीनाराम पब्लिक स्कूल राबर्टगंज को फूल, माला, गुब्बारा, पोस्टर, बैनर से दुल्हन की तरह सजाकर स्वागत हेतु आकुल व्याकुल रहे। आनंद राज का जैसे ही अपने माता- पिता के साथ परिसर मे आगमन हुआ छात्र -छात्राओं ने गाजे बाजे के साथ स्वागत किया । महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर गोपाल सिंह ने आनंद राज सिंह के साथ उनके माता पिता का भी अंग वस्त्र, माला, फूल और सन्त कीनाराम महाराज की तस्वीर भेंट कर स्वागत किया। आनंद राज सिंह ने कहा कि संत कीनाराम महाराज मेरे साथ रहे हैं । उनका ही आशीष है कि मैं आज सफल होकर आप सबके बीच में आया हूं। मैं दावे के साथ अब कह सकता हूं कि यह विद्यालय जितना कम शुल्क में शिक्षा उपलब्ध करा रहा है यह एक उदाहरण है इससे बेहतर संसाधन और शैक्षणिक संस्थान अन्यत्र दुर्लभ है । मेरे रग रग में इस संस्था का अनुशासन और ज्ञान दौड़ रहा है । विद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर गोपाल सिंह मेरे गुरू ही नही अभिभावक भी हैं । कभी भी इन्होने पठन पाठन और अनुशासन से समझौता नही किया । सर्वदा इन्होने समस्त छात्र छात्राओ को विद्यार्थी नही अपितु पुत्र पुत्री का स्नेह, प्यार दुलार आशीष दिया है जिसका जीवन्त उदाहरण मैं स्वयं हूं। आनंद राज ने कहा कि यहां के शिक्षक सचमुच एक सकारात्मक पारिवारिक परिवेश में शिक्षक की भूमिका अदा करते हैं। मेरी आदि से अंत तक पूरी शिक्षा केवल और केवल संत कीनाराम संस्थान से ही हुई है । छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास का यह पूर्वांचल का बडा शैक्षणिक संस्थान है । हमें गर्व महसूस हो रहा है कि हमारे माता पिता ने इस संस्थान की गुणवत्ता भांप कर इस संस्थान से शिक्षा लेने का पुनीत अवसर मुझे प्रदान किया । मै विद्यालय, महाविद्यालय परिवार के लिए आभार व्यक्त करता हूं। छात्र-छात्राओं से निवेदन है कि अध्ययन काल में एकाग्र मन से पढाई करें। सफलतापूर्वक की गयी पढाई सफलता ही देती है नियमित रूप से 8 से 10 घंटे की पढ़ाई आपको आपका लक्ष्य हासिल करने का मूल मंत्र है। स्थायी सफलता कभी भी शार्टकट नही होती है त्याग, तपस्या ही सफलता का मूल कारण है । समुचित अध्ययन समुचित मार्ग प्रशस्त करता है महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर गोपाल सिंह ने कहा कि मेरा हमेंशा से यहीं प्रयास रहा है कि छात्र- छात्राओं का सर्वांगीण विकास हो । यह उद्देश्य दिन प्रतिदिन सफल हो भी रहा है । इस अवसर पर सन्त कीनाराम सीनियर सेकण्डरी पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य मनुश्री , निदेशक अंकित सिंह सहित समस्त छात्र-छात्राएं, शिक्षक व अभिभावक उपस्थित रहे ।

# मिशन शक्ति के तहत पुलिस का जनजागरूकता अभियान जारी , महिला एवं साइबर सुरक्षा पर विशेष जोर

**अमन लेखनी समाचार**



सोनभद्र। महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सोनभद्र पुलिस द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के द्वितीय चरण में व्यापक जनजागरूकता अभियान लगातार संचालित किया जा रहा है पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में विद्यालय, महाविद्यालय, कोचिंग संस्थान, बाजार और ग्राम सभाओं में संवाद एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं एवं बालिकाओं को गुड टच-बैड टच, आत्मरक्षा, महिला उत्पीड़न से संबंधित कानून और हेल्पलाइन सेवाओं की जानकारी दी जा रही है। साथ ही, बढ़ते साइबर अपराधों जैसे ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी कॉल/लिंक, सोशल मीडिया दुरुपयोग, बैंकिंग धोखाधड़ी एवं डळढ साझा न करने के संबंध में विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, जिससे आमजन साइबर ठगी से सुरक्षित रह सकें। सोनभद्र पुलिस द्वारा आमजन से अपील की जाती है कि किसी भी आपात या संदिग्ध स्थिति में तत्काल संबंधित हेल्पलाइन पर सूचना दें तथा जागरूक रहकर स्वयं एवं अपने परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करें।

महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरः

112-आपातकालीन सेवा

1090 / 1091-महिला सुरक्षा हेल्पलाइन

181-महिला हेल्पलाइन

1930-साइबर अपराध हेल्पलाइन

1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

# स्नातक विधान परिषद चुनाव को लेकर सपा की बैठक आयोजित

**अमन लेखनी समाचार**



बेहंदर। कासिमपुर थाना क्षेत्र के रसूलपुर खरिका गांव में मंगलवार को समाजवादी पार्टी (सपा) द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक शिक्षक स्नातक विधान परिषद चुनाव के मद्देनजर बुलाई गई, जिसमें पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने चुनावी रणनीति पर चर्चा की। बैठक का आयोजन दयाशंकर स्मारक इंटर कॉलेज परिसर में किया गया, जिसकी अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष सराफत अली ने की। उन्होंने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए आगामी स्नातक विधान परिषद सदस्य चुनाव को लेकर संगठन को मजबूत करने और अधिक से अधिक मतदाताओं तक पहुंच बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के आयोजक तिलक चंद्र वर्मा और मुख्य अतिथि कांति सिंह ने स्नातक मतदाताओं से चुनाव में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए हर मतदाता की भागीदारी जरूरी है। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष अजीम हैदर, ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश यादव सहित सैकड़ों की संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित रहे।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**
स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**
**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**
समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।
**मो. - 9838159555, 9935457982**
**E-mail address amanlekhaninews @gmail.com**



# अक्षय-राजपाल ने लूटा मजमा असरानी को देख लोग भावुक

**मुंबई।** अक्षय कुमार और प्रियदर्शन की जोड़ी पूरे 14 साल बाद लौट आई है 'भूत बंगला' के साथ। फिल्म का ट्रेलर रिलीज होते ही फैंस में जैसे खुशी दौड़ गई हो। भूत बंगला, में अक्षय कुमार, वामिका गब्बी, परेश रावल, तब्बू, राजपाल यादव, जीशु सेनगुप्ता और मिथिला पालकर नजर आएंगे। एक जबरदस्त कहानी और सुपर फनी मोमेंट्स के साथ यह ट्रेलर असली लाफ्टर रायट है। अक्षय कुमार, परेश रावल और राजपाल यादव की 'गोल्डन तिकड़ी' के साथ असरानी के कॉमेडी के तड़के ने इस ट्रेलर से सबका दिल जीत लिया है और खूब हंसाया भी है। जहां 'भूत बंगला' के टीजर ने सिर्फ माहौल बनाया था।

लाइफ Style

# सारा

## धुरंधर 2 की टीम के प्रति जताया आभार

फिल्म 'धुरंधर 2' की कामयाबी से आदित्य धर के साथ उनकी पत्नी यामी गौतम भी खुश हैं। उन्होंने धुरंधर 2 की लीड एक्ट्रेस सारा अर्जुन की तारीफ की है। उन्होंने युवा अभिनेत्री के अभिनय और लगन की जमकर सराहना की है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सारा अर्जुन ने धुरंधर 2 में बेहतरीन काम करने के लिए पूरी टीम के प्रति अपना आभार व्यक्त किया है। हाल ही में सारा अर्जुन ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया। इसमें उन्होंने फिल्म के सेट के पीछे की तस्वीरें शेयर की। एक लंबे नोट में, उन्होंने आदित्य धर, प्रोडक्शन हाउस, कॉस्ट्यूम डिजाइनरों, कास्टिंग डायरेक्टर, एडिटर, सिनेमैटोग्राफर और फिल्म पर काम करने वाले हर व्यक्ति के प्रति अपना आभार व्यक्त किया।

उन्होंने अपनी पोस्ट का समापन इन शब्दों के साथ किया, 'एक्टर पोस्टर पर दिखने वाले चेहरे होते हैं, लेकिन आप इस सिनेमा की रीढ़ हैं। धुरंधर की पूरी टीम का धन्यवाद।' इस पोस्ट पर यामी गौतम ने कमेंट किया। उन्होंने सारा की तारीफ की। उन्होंने लिखा 'तुम ही आज और कल हो, सारा... तुमने जो किया है, उस पर मुझे बहुत गर्व है।' इस पोस्ट पर सारा अर्जुन ने रिप्लाई करते हुए लिखा 'आभार जताने के लिए मेरे पास शब्द नहीं हैं।' सारा की पोस्ट पर कमेंट करते हुए आदित्य धर ने लिखा 'जिस तरह से आप चीजों को महसूस करती हैं, उसमें एक हिम्मत है। जिस तरह से आप दुनिया को दिखाती हैं, उसमें गरिमा है।



हॉलीवुड मसाला




# मास्टर्स ऑफ... का ट्रेलर रिलीज

लॉस एंजिल्स। द मोस्ट पावरफुल मैन इन द यूनिवर्स, ही-मैन, मास्टर्स ऑफ द यूनिवर्स का धमाकेदार नया ट्रेलर पूरे भारत के सिनेमाघरों में रिलीज हो गया है। कई महीनों की उम्मीद और फैंस को टीज करने के बाद, अमेजन एमजीएम स्टूडियोज ने आखिरकार मास्टर्स ऑफ द यूनिवर्स का नया ऑफिशियल ट्रेलर रिलीज कर दिया है, जो पॉप कल्चर की सबसे पसंदीदा फ्रेंचाइजी में से एक को भव्य अंदाज में बड़े पर्दे पर वापस ला रहा है। ट्रैविस नाइट द्वारा निर्देशित, यह फिल्म इस आइकॉनिक कहानी को एक लाइव-एक्शन साइ-फाई एक्शन एडवेंचर के रूप में फिर से पेश करती है।



# जापान में होगा क्रंचीरोल एनीमे अवॉर्ड्स का आयोजन

लॉस एंजिल्स। 'क्रंचीरोल एनीमे अवॉर्ड्स 2026' का आयोजन 23 मई को जापान के टोक्यो में होने वाला है। यह दसवां वार्षिक समारोह है। इसमें दुनियाभर की कई जानी मानी हस्तियां शामिल होंगी। इसी के साथ भारतीय अभिनेत्री रश्मिका मंदाना इसमें प्रेजेंटर के तौर पर शामिल होंगी। इस अवॉर्ड की अलग-अलग कैटेगरी में दुनियाभर की कई फिल्मों और सीरीज को नामांकन मिला है। 'गाचियाकुटा', 'द रोज ऑफ वर्साय' और 'समर हिकारू डाइड' को नामांकन मिला है। विजेताओं का ऐलान 23 मई को किया जाएगा। इन अवॉर्ड्स के दसवें एडिशन में एनीमे ऑफ द ईयर के नॉमिनीज में डैन डा डैन' सीजन 2, गाचियाकुटा, 'माई हीरो एकेडेमिया, टाकोपीज ओरिजिनल सिन, द अपॉथेकरी डायरीज' सीजन 2 और द समर हिकारू डाइड शामिल हैं।



# शेयर किया अपनी फिटनेस सीक्रेट

**मुंबई।** मलाइका अरोड़ा 52 साल की हो चुकी हैं, लेकिन उनकी फिटनेस कमाल की है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपना फिटनेस सीक्रेट फैंस के साथ शेयर किया है। मलाइका अरोड़ा फिटनेस को लेकर काफी सीरियस रहती हैं। इसके लिए वह काफी मेहनत भी करती हैं। मलाइका अरोड़ा हाल ही में सोफी चौधरी के फिटनेस शो 'फेमसली फिट विद सोफी' में नजर आईं। दोनो ने जिम में खूब एक्सरसाइज की। साथ ही फिटनेस को लेकर बातचीत भी की है। वह बताती हैं कि अपनी बॉडी की जरूरतों पर ध्यान देना चाहिए। साथ ही प्रैक्टिकल होकर फिटनेस पर ध्यान देना चाहिए। मलाइका कहती हैं, बस इसे एक बैज की तरह पहनें। ग्रेसफुली उम्र को बढ़ने दें। इसमें ज्यादा न उलझें। यह तो बस एक नंबर है। आप किसी भी उम्र के हों, चाहे 20 के या 60 के, आप कमाल के हैं।



# 84 की उम्र में कसरत करते आए नजर

**मुंबई।** दिग्गज अभिनेता रंजीत का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में रंजीत 84 साल की उम्र में भी जिम में जमकर कसरत करते नजर आ रहे हैं। इस वीडियो को खुद रंजीत ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर किया है। इसमें उनकी बेटी, जो उनकी जिम ट्रेनर भी हैं, उन्हें एक्सरसाइज करने के लिए प्रोत्साहित करती नजर आ रही हैं। शुरू में रंजीत को एक्सरसाइज सही से करने में थोड़ी मुश्किल होती है, लेकिन तब उनकी बेटी ने मजाकिया अंदाज में उन्हें पुरानी फिल्मों की याद दिलाती हैं, तब रंजीत जोश में आ जाते हैं। रंजीत की बेटी कहती हैं कि फिल्मों में वे खलनायक बनकर नायिकाओं को कैसे पकड़ते थे। यह सुनते ही रंजीत हंस पड़े। और बोले, 'तो ऐसे बोलो ना।' फिर रंजीत पूरी एनर्जी के साथ, अपने पुराने बॉलीवुड स्टाइल में एक्सरसाइज करने लगते हैं।

टीवी मसाला



# इटली की पॉपुलर सीरीज पर बना है नया शो 'हुई गुम यादें'

**नई दिल्ली।** सोनी सब का नया शो 'हुई गुम यादें – एक डॉक्टर, दो जिंदगियां' 6 अप्रैल रात 8 बजे से हो गया है। यह सीरीज, विश्वभर में सराही गई इटैलियन ड्रामा डीओसी (डॉक)- नेल्ले तुए मानी से रूपांतरित है और भारतीय दर्शकों के लिए लेकर आ रही है एक दिल छू लेने वाली कहानी – हिम्मत, नए सिरे से जीने की कोशिश और जिंदगी में मिलने वाले दूसरे मौकों की ताकत की। इस शो मे मशहूर कलाकार इकबाल खान, गुलकी जोशी और सृष्टि सिंह नजर आएंगे। यादें का सफर एक संवेदनशील मेडिकल पृष्ठभूमि पर आधारित है, जहां एक डॉक्टर अपने अतीत से जूझते हुए अपनी पहचान और मकसद को फिर से खोजने की कोशिश करता है। कहानी के केंद्र में है डॉ. देव मेहता, जिसे इकबाल खान निभा रहे हैं। देव एक बेहद होनहार डॉक्टर है, जिसकी जिंदगी एक हादसे के बाद पूरी तरह बदल जाती है। इस हादसे में उसकी आठ साल की यादें मिट जाती हैं। अपने अतीत और बनाई हुई जिंदगी से वंचित, देव को अब अनजाने रास्तों पर चलना पड़ता है और उस शख्सियत का सामना करना पड़ता है जिसे वह खुद भी याद नहीं कर पाता. इसके बाद शुरू होती है एक गहरी और भावनात्मक यात्रा – जहां देव अपने करियर को फिर से संवारता है, टूटे रिश्तों को जोड़ने की कोशिश करता है और डॉक्टर होने के साथ-साथ इंसानियत को और ज्यादा अपनाता है। यह सफर उसे जिंदगी और इलाज दोनों को नए नजरिए से देखने की ताकत देता है।

## 90 के दशक में दूरदर्शन पर पॉपुलर था ये शो

**नई दिल्ली।** आज सोशल मीडिया के जमाने में किसी शो की पॉपुलैरिटी लाइक, शेयर और कमेंट से मापी जाती है, लेकिन 90 के दशक में



कहानी बिल्कुल अलग थी। उस समय दर्शकों का प्यार कागज पर उतरता था और पोस्टकार्ड के जरिए टीवी तक पहुंचता था। लोग अपने पसंदीदा शो में नाम दिखाने के लिए उत्साह से चिट्ठियां भेजते थे। उसी दौर में एक ऐसा शो आया, जिसने दर्शकों की दीवानगी का ऐसा रिकॉर्ड बनाया, जिसे आज भी याद किया जाता है। हम बात कर रहे हैं सुरभि की, जिसे सिद्धार्थ काक और रेणुका शहाणे होस्ट करते थे। एक इंटरव्यू में सिद्धार्थ काक ने बताया कि शुरुआत में शो को सामान्य रिस्पॉन्स मिला। पहले कुछ महीनों में सिर्फ 10 से 200 तक चिट्ठियां आती थीं।

# चांद मेरा दिल की पहली झलक आई सामने, इश्क में डूबे लक्ष्य-अनन्या

**मुंबई।** एक्टर लक्ष्य और अनन्या पांडे की आगामी फिल्म 'चांद मेरा दिल' की पहली झलक सामने आई है। दोनों सितारे एक-दूजे के इश्क में डूबे नजर आ रहे हैं। यह एक इंटेंस लव स्टोरी फिल्म है। एक्टर लक्ष्य और अनन्या पांडे को लेकर करण जौहर 'चांद मेरा दिल' बना रहे हैं। धर्मा प्रोडक्शंस ने सोमवार को इस फिल्म की पहली झलक साझा की है। बीते दिन उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए जानकारी दी थी कि वे आरव (लक्ष्य) और चांदनी (अनन्या पांडे) से मिलवाएंगे। सोमवार को उन्होंने फिल्म के पोस्टर्स रिलीज किए हैं, साथ ही कहानी की थोड़ी झलक भी दी है। लक्ष्य और अनन्या रोमांटिक लुक में दिख रहे हैं। हर पोस्टर पर फिल्म की कहानी का मर्म लिखा है। इसमें लिखा है, 'प्यार में पड़ना आसान है। आगे बढ़ना मुश्किल है। जिंदगी जब सिलेबस बदल देती है। जब जिंदगी प्यार से भी तेज भागती है। हर मोहब्बत को दूसरा मौका नहीं मिलता'। 'चांद मेरा दिल' सिनेमाघरों में 22 मई को रिलीज होगी।



पोस्टर्स पर नेटिजंस रिएक्ट कर रहे हैं। एक दिन पहले जिस अंदाज में एलान किया गया था, उसके हिसाब से अधिकांश यूजर्स टीजर की उम्मीद लगाए बैठे थे। यूजर्स लिख रहे हैं, टीजर कब आएगा'? पोस्टर्स को मिली-जुली प्रतिक्रिया मिल रही है। लक्ष्य को नेटिजंस सकारात्मक रिएक्शन दे रहे हैं, वहीं अनन्या को ट्रोल किया जा रहा है। इतना ही नहीं, यूजर्स लक्ष्य को सुझाव दे रहे हैं कि वे अनन्या से दूर रहें। कुछ यूजर्स फिल्म के प्रति उत्साह जाहिर कर रहे हैं।

# 83 की उम्र में भी एक्टिव हैं बिग बी, इन फिल्मों से सिनेमाघरों में मचाएंगे धूम...

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन 83 साल की उम्र में भी फिल्मों में सक्रिय हैं। 2026 और 2027 में उनकी कई फिल्में रिलीज होने वाली हैं। ये फिल्में अलग-अलग जॉनर की हैं, जिसमें साइंस फिक्शन, थ्रिलर, कोर्टरूम ड्रामा और मिथोलॉजिकल फिल्में शामिल हैं। 200 से अधिक फिल्मों में अभिनय कर चुके अमिताभ बच्चन का फिल्मी कॅरियर 83 की उम्र में भी जारी है। अमिताभ इस उम्र में भी इतनी मेहनत करते हैं कि फैंस हैरान हैं। इसके बावजूद उनका कहना है कि वह एक दिन भी काम न करें तो बोर जो जाते हैं। जबकि बिग बी 2026 और 2027 की कई फिल्मों में नजर आने वाले हैं।

**कल्कि 2 :** 'कल्कि 2' 2024 की साइंस-फिक्शन फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' का सीक्वल है। 'कल्कि 2' में अमिताभ बच्चन अश्वत्थामा के रोल में वापसी करेंगे। इस फिल्म में प्रभास, दीपिका पादुकोण जैसे स्टार्स हैं। यह भविष्य और मिथोलॉजी को मिलाकर बनी एक साइंस फिक्शन फिल्म है। यह फिल्म इस साल रिलीज हो सकती है। हाल ही में बिग ने 'कल्कि 2' की शूटिंग खत्म होने को लेकर एक पोस्ट एक्स पर शेयर किया था।

**ब्रह्मास्त्र पार्ट 2: देव :** 'ब्रह्मास्त्र पहला भाग-शिवा' की दूसरी किस्त 'ब्रह्मास्त्र पार्ट 2: देव' है। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन ने एक गुरु की भूमिका निभाई है। यह मिस्टिकल और एक्शन से भरी फिल्म है। 'ब्रह्मास्त्र' हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार भगवान ब्रह्मा द्वारा निर्मित सबसे शक्तिशाली और दिव्य अस्त्र 'ब्रह्मास्त्र' पर आधारित है। इस फिल्म में बिग बी के अलावा रणबीर कपूर और आलिया भट्ट भी अपनी भूमिका को दोहराएंगे।



**सेक्शन 84 :** सेक्शन 84 एक कोर्टरूम ड्रामा फिल्म है। अमिताभ बच्चन इसमें एक मजबूत और गंभीर किरदार निभा रहे हैं। कहानी कानून, न्याय और इमोशंस पर आधारित है। यह फिल्म 19 नवंबर को रिलीज हो सकती है। रिभु दासगुप्ता द्वारा निर्देशित इस फिल्म में निमरत कौर, अभिषेक बनर्जी और डायना पेंटी भी मुख्य भूमिकाओं में हैं।

**रामायण: पार्ट 1 :** मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार अमिताभ बच्चन फिल्म 'रामायण: पार्ट 1' में जटायु का वॉइसओवर या फिर रोल में नजर आएंगे। हालांकि, इस बात की अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। यह फिल्म इस साल दिवाली पर रिलीज होगी। 'रामायण: पार्ट 1' में रणबीर कपूर, साई पल्लवी, सनी देओल और यश मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। अगर बिग बी 'रामायण: पार्ट 1' में नजर आते हैं, तो वह 'रामायण: पार्ट 2' का हिस्सा भी होंगे, जो दिवाली 2027 में रिलीज होगी।

## दर्शकों को घर बैठे मिलेगा एंटरटेनमेंट का तगड़ा डोज

# इस वीक ओटीटी पर रिलीज होंगी ये फिल्में और सीरीज

*नई दिल्ली। सिनेमाघरों मे इस वीक डकैत रिलीज होने जा रही है। वहीं, ओटीटी पर भी कई फिल्मे और सीरीज रिलीज होने वाली हैं। सोमवार से एक नए वीक की शुरुआत हो चुकी है। थिएटर्स में 'धुरंधर 2' की धूम मची है। कुछ नई फिल्मे भी रिलीज होने जा रही हैं। मगर, जिन्हे घर बैठे ओटीटी पर कुछ शानदार देखना है, उनके लिए भी कई दिलचस्प विकल्प हैं। इस वीक यानी 12 अप्रैल तक ओटीटी पर भी दर्शकों को एंटरटेनमेंट का तगड़ा डोज मिलने वाला है।*

**ओ रोमियो :** शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी अभिनीत फिल्म 'ओ रोमियो' भी थिएटर्स के बाद ओटीटी पर दस्तक देने को तैयार है। विशाल भारद्वाज निर्देशित यह फिल्म सच्ची घटनाओं से इंस्पायर एक रिवेंज ड्रामा है। इसमे नाना पाटेकर, अविनाश तिवारी, दिशा पटानी, रणदीप हुड्डा, फरीदा जलाल और विक्रांत मैसी जैसे कलाकार भी हैं। यह फिल्म 10 अप्रैल को प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।

**तू या मैं :** यह फिल्म भी इस वीक की ओटीटी लिस्ट में शामिल है। इसका निर्देशन बिजॉय नांबियार ने किया है। 'तू या मैं' एक सर्वाइवल थ्रिलर फिल्म है, जिसमें शनाया कपूर और आदर्श गौरव लीड रोल में हैं। यह फिल्म थाई मूवी 'द पूल' का आधिकारिक रीमेक है। दर्शक इसे 10 अप्रैल से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

**थाई किझावी :** यह एक तमिल ड्रामा है। इसमे राधिका सरतकुमार ने 70 साल की एक गुस्सैल साहूकार का रोल किया है। शिवकुमार मुरुगेसन ने इस फिल्म का निर्देशन किया है। थाई किझावी ने 150 करोड़ रुपए का कलेक्शन जुटाया था। अब यह फिल्म ओटीटी पर आ रही है और इसे 10 अप्रैल से जियो हॉटस्टार पर देख सकते हैं।




**यूफोरिया सीजन 3 :** हॉलीवुड की चर्चित सीरीज 'यूरोफिया' अपने नए सीजन के साथ वापसी कर रही है। यह करीब चार साल के इंतजार के बाद आ रही है। सस्पेंस, थ्रिल और एक्शन से भरपूर सीरीज में हॉलीवुड एक्ट्रेस जेंडाया लीड रोल में हैं। साथ ही एरिक डेन, त्रिशा पेटस, जैकब एलोर्डी, नताशा लियोन, एली रोथ और क्वामे पैटरसन जैसे सितारे भी नजर आएंगे। यह सीरीज 12 अप्रैल से एचबीओ मैक्स पर स्ट्रीम होगी।




**थ्रेश :** यह एक शार्क सर्वाइवल थ्रिलर फिल्म है। इस वीक की ओटीटी लिस्ट में यह भी शामिल है। इसमें एक शहर में भयानक समुद्री तूफान आता है और साथ ही खतरनाक शार्क हमला शुरू कर देती हैं। लोग अपने बचाव के लिए संघर्ष करते हैं। 'थ्रेश' फिल्म 10 अप्रैल से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

**स्टार वॉर्स- मॉल - शैडो लॉर्ड :** यह एक साइंस फिक्शन सीरीज है। इसके जरिए दर्शकों के लिए 'डार्थ मॉल' की कहानी रिलीज हो रही है। यह आज सोमवार 06 अप्रैल से जियो हॉटस्टार पर रिलीज हो चुकी है। डेव फिलोनी द्वारा निर्मित यह 10 एपिसोड की सीरीज है।




**द बॉयज सीजन 5 :** यह एक सुपरहीरो सीरीज है, जिसका आखिरी सीजन शुरू हो रहा है। 'होमलैंडर' और 'बुचर' के बीच की आखिरी जंग देखने के लिए बेताब फैंस का इंतजार आखिर इस वीक पूरा होगा। यह सीरीज 08 अप्रैल से प्राइम वीडियो पर रिलीज हो रही है।